RNI: Reg. No. MPHIN/2021/82530
9644811407, 8102020599O
Hindustannews404@gmail.com
www.kesariyahindustan.com
Denik Kesariya Hindustan
Denik_kesariyahindustan
@KESARIYAHINDUSTAN
Black Bichhoo
दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान
समूह सम्पादक रविन्द सिंह पवैया
खबरें बेबाक, बेखौफ, बिंदास
ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हरियाणा दिल्ली से एक साथ प्रसारित
वर्ष 4 अंक : 145 | ग्वालियर रविवार 5 जनवरी 2025 | पृष्ठ 8+4 मूल्य 2 रुपए

# तमिलनाडु में आज से जल्लीकट्टू शुरू इस बार 600 से ज्यादा बैल शामिल



**चेन्नई।** तमिलनाडु में 2025 का पहला जल्लीकट्टू पुदुक्कोट्टई के गंडारवाकोट्टई तालुक के थचानकुरिची गांव में शुरू हो चुका है। इस बार जल्लीकट्टू में त्रिची, डिंडीगुल, मनाप्पराई, पुदुक्कोट्टई और शिवगंगई जैसे जिलों के 600 से ज्यादा बैलों को शामिल किया गया है। वहीं, 350 प्रतिभागी बैलों को वश में करने की कोशिश करेंगे। थचानकुरिची गांव में राज्य सरकार में मंत्री रघुपति, मेयनाथन और कलेक्टर अरुणा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। थाचनकुरिची में 200 से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा ड्यूटी पर हैं। साथ ही पशुपालन विभाग की ओर से 25 कर्मचारियों के साथ 7 मेडिकल टीमें भी तैनात की गई हैं। पुदुक्कोट्टई को सबसे ज्यादा संख्या में वडिवासल (बैलों के लिए एंट्री पॉइंट) और तमिलनाडु में सबसे ज्यादा जल्लीकट्टू की मेजबानी के लिए जाना जाता है। आयोजन से पहले प्रतिभागियों की मेडिकल जांच की गई और आईडेंटिटी कार्ड जारी किए गए हैं। हर राउंड में, 30 प्रतिभागी आक्रामक बैलों को काबू करने की कोशिश कर रहे हैं।

**क्या है जल्लीकट्टू और क्यों मनाते हैं :** करीब 2500 सालों से बैल तमिलनाडु के लोगों के लिए आस्था और परंपरा का हिस्सा रहा है। यहां के लोग हर साल खेतों में फसलों के पकने के बाद मकर संक्रांति के दिन पोंगल त्योहार मनाते हैं। तमिल में पोंगल का मतलब ऊफान या उबलना होता है। इसी दिन वे नए साल की शुरुआत करते हैं। तीन दिनों तक चलने वाले इस त्योहार के आखिरी दिन बैलों की पूजा होती है। उन्हें सजाया-संवारा जाता है। फिर शुरू होता है जल्लीकट्टू। इसे एरु थझुवुथल और मनकुविरत्तु के नाम से भी जाना जाता है। यह खेल पोंगल त्योहार का एक हिस्सा है। यह एक ऐसा खेल है जिसमें भीड़ के बीच एक सांड को छोड़ दिया जाता है। इस खेल में हिस्सा लेने वाले लोगों को सांड का कूबड़ पकड़कर उसे कंट्रोल करने की कोशिश करते हैं।


# बनखेड़ी चैंपियन लीग में आदित्य कंस्ट्रक्शन टीम बनी विजेता

### हजारों की तादात में उमड़े लोग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

नर्मदापुरम/बनखेड़ी

शनिवार को बनखेड़ी चैंपियन लीग का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा जिसमें आदित्य कंस्ट्रक्शन टीम ने ठैनी स्टार को हराकर जीत का खिताब अपने नाम किया है। पिछले 1 महीने से से लगातार क्रिकेट खेला जा रहा था जिसमें कई टीमों ने हिस्सा लिया। शनिवार को सुबह से शुरू हुए सेमीफाइनल में प्रथम सेमीफाइनल ठैनी स्टार एवं सिद्धि विनायक हथवांस के बीच खेला गया जिसमें ठानी स्टार (वेदांश महेश्वरी) ने सिद्धि विनायक को पराजित कर फाइनल में पहुंची एवं दोपहर 12 बजे से शुरू हुए दूसरे सेमीफाइनल में आदित्य कंस्ट्रक्शन (राजू परसिया) एवं आरसीसी (ऋष्ट राजा पलिया) के बीच खेला गया जिसमें आदित्य कंस्ट्रक्शन ने आरसीसी को परास्त कर फाइनल में जगह बनाई।



### 6 मैच में से सिर्फ 1 मैच हरी आदित्य कंस्ट्रक्शन

बनखेड़ी चैंपियन लीग में आदित्य कंस्ट्रक्शन ने 6 मैच खेले जिनमे से 5 पर आदित्य कंस्ट्रक्शन टीम ने जीत हासिल की एवं शनिवार को हुए फाइनल मुकाबले में प्रचंड जीत दर्ज की। आदित्य कंस्ट्रक्शन टीम के प्रशंसकों ने खुशी का माहौल।

# देश के ग्रीन एनर्जी मंत्री प्रहलाद जोशी का इंदौर में मंत्री राकेश शुक्ला ने किया वेलकम..



दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

इंदौर /भोपाल। मोदी कैबिनेट के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी एक दिवसीय प्रवास पर मध्य प्रदेश आए। इंदौर विमानतल पर प्रदेश सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने इंदौर के सांसद शंकर लालवानी के साथ उनका वेलकम किया। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी इंदौर से विश्व के पहले ओंकारेश्वर में स्थित फ्लोटिंग सौर परियोजना से हो रहे ऊर्जा उत्पादन संयंत्र का अवलोकन करेंगे। अवलोकन करने के बाद जोशी नई दिल्ली रवाना हो जाएंगे।*

# समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है हमारी सरकारः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में हो रहा है विकास

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ देश बनने की ओर अग्रसर है। हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। युवा, गरीब, किसान और महिलाएं हमारी विशेष प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश तेज गति से देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने के लिए निरन्तर कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लटेरी (विदिशा) में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में विशाल जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र के लिए 132 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/ शिलान्यास किया। इनमें 80 करोड़ 16 लाख रुपए के 54 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 51 करोड़ 96 लाख रुपए के 198 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हित लाभ भी वितरित किए। कार्यक्रम में विदिशा जिले में 505 हेक्टेयर चरनोई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किए जाने पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आधुनिक युग के भगीरथ हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाओं से प्रदेश को दो बड़ी सिंचाई परियोजनाएं मिली है। इससे न केवल बुंदेलखंड अपितु मालवा और चंबल क्षेत्र में भी बड़े क्षेत्र में सिंचाई, पेयजल सुविधा मिलेगी। इस क्षेत्र के भी 360 गांव को जल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है हर किसान के खेत में पानी पहुंचाना। हर खेत में पानी आने से किसान की जिंदगानी बदलेगी। कृषि उत्पादन में हम पंजाब, हरियाणा को भी पीछे छोड़ने वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में प्रदेश में तेज गति से विकास हो रहा है। हर गरीब को पक्का मकान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी संकल्पित हैं।



आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त है। उद्योग और रोजगार बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उज्जैन, सागर, रीवा, जबलपुर और ग्वालियर में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में करोड़ों के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। युवा वर्ग के लिए सरकार शीघ्र ही एक लाख सरकारी और निजी क्षेत्र में लगभग 3 लाख पदों पर भर्ती करने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा की महत्ता को हमेशा याद रखें। बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, शिक्षा की सारी व्यवस्था सरकार कर रही है। प्रदेश के 55 जिलों में पीएम एक्सीलेंस स्कूल खोले जा रहे हैं। गरीबों को परिवहन की अच्छी सुविधा देने के लिए सरकार मध्यप्रदेश राज्य परिवहन को दोबारा प्रारंभ करने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन को भी सरकार बढ़ावा दे रही है। जो गाय पाले, वही गोपाल है तथा जहाँ गाय का कुल हो, वही गोकुल है। सरकार दुग्ध उत्पादन पर बोनस देने वाली है तथा 10 से अधिक गाय पालने पर अनुदान दिया जाएगा। प्रदेश में बड़ी संख्या में गौ-शालाएं बनाई जा रही हैं। प्रदेश की धरती पर जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण पधारे थे, उन सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। उज्जैन में संदीपनी आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की, जानापाव में उन्हें सुदर्शन चक्र मिला। कृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता वही है जब मित्र बगैर सामने आये मित्र की सहायता करे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्र में रेलवे लाइन के लिए विशेष प्रयास करने को आश्वस्त किया। उन्होंने आनंदपुर में शासकीय महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा भी की।

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में सिंचाई का रकबा तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में देश की दो नदी जोड़ो परियोजनाएं प्रारंभ हुई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों के मसीहा बनकर कार्य कर रहे हैं। हमारा संकल्प पूरे प्रदेश को सिंचित करना है। सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने भी सभा को संबोधित किया। विधायक श्री उमाकांत शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए कई मांगे रखीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें पूरा करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में विधायक श्री मुकेश टंडन, श्री हरि सिंह सप्रे, श्री हरि सिंह रघुवंशी, श्री सूर्य प्रकाश मीणा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में जन समुदाय उपस्थित था।

# भिंड के बड़े-बड़े गोलगप्पे खाने पहुंचे मंत्री राकेश शुक्ला

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान



भिंड /भोपाल। हमारे देश में गोलगप्पे कई जगहों के मशहूर हैं, जैसे कि दिल्ली, गुड़गांव, जहानाबाद, भिंड, और लखनऊ। इन सभी जगहो के गोलगप्पे खाने का अपना ही आनंद है। और उसमें भी भिंड जिले के गोलगप्पे वो भी बड़े-बड़े तो मुंह का जायका ही बदल देता है। दूसरी ओर गोलगप्पे हाजमा भी दुरुस्त कर देता है।*

ऐसे में ठंडी के मौसम में दोपहर में गोलगप्पे वाला दिख जाए। तो तासीर 卐भिंड जिले की हो। तो भला प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश शुक्ला कहा ठहरने वाले थे। सो तपाक से पहुंच गए ठेले पर लगे गोलगप्पे वाले भैया के यहा। *हुआ यूं कि मोहन सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला शुक्रवार को अपने भिंड जिले के प्रवास पर थे।लौटते में उन्हें गेरई में सड़क किनारे गोलगप्पे वाले भैया खड़े दिखाई दे गए तो फिर क्या था मंत्री जी ने अपना काफिला रुकवाया और खाने लगे गोलगप्पे। मंत्री जी के गोलगप्पे खाने का शौक सालों बाद लोगों के देखने में आया। तो उनके गोलगप्पे खाने की चर्चा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।*

## केजरीवाल पर खूब बरसे अमित शाह, बोले-

# कहते थे सरकारी बंगला नहीं लेंगे, जनता के पैसों से बनवा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि उन्होंने दिल्लीवासियों के पैसे से शीश महल बनाया और उन्हें राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को हिसाब देने की जरूरत है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे मुझसे मिलने मेरे घर आये। मैंने उनसे पूछा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लिए क्या किया है। एक बच्चे ने बताया कि उसने अपने लिए एक बड़ा शीश महल बनवाया है।



अमित शाह ने आगे कहा कि जब अरविंद केजरीवाल राजनीति में आए, तो कहा करते थे कि वह सरकारी गाड़ी या सरकारी बंगला नहीं लेंगे; आज उन्होंने दिल्लीवासियों के पैसे से शीश महल बनवाया। केजरीवाल जी, आपको दिल्ली की जनता को हिसाब देना होगा। शाह ने कहा, %जब वह राजनीति में आए थे तो कहा करते थे कि वह सरकारी गाड़ी या सरकारी बंगला नहीं लेंगे। आज उन्होंने दिल्लीवासियों की 45 करोड़ रुपये की 50 हजार गज जमीन पर अपने लिए शीशे का महल बना लिया। केजरीवाल जी, आपको दिल्ली की जनता को जवाब देना होगा। नए कामकाजी महिला छात्रावास ब्लॉक सुषमा भवनका आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया। छात्रावास का नाम पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वाराज के नाम पर रखा गया है। वहीं, दिल्ली की मुख्यमंत्री भी रही थी। उद्घाटन कार्यक्रम को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सुषमा जी को पार्टी की महान नेताओं में से एक के रूप में सदैव याद किया जाएगा। भारत के राजनीतिक इतिहास में - वह उन नेताओं में से एक हैं जो एनडीए 1 और एनडीए 2 के दौरान मंत्री थीं और वह भी महत्वपूर्ण विभागों में; लेकिन उन्हें केवल एक मंत्री के रूप में नहीं बल्कि विपक्ष के नेता के रूप में याद किया जाएगा।

शाह ने साफ तौर पर कहा कि वो सुषमा जी ही थीं जिन्होंने संसद में कांग्रेस के भ्रष्टाचार को उजागर किया था। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष को सलाह भी दी है। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद करता हूं कि विपक्ष के सभी नेताओं को उनके काम का अध्ययन करना चाहिए और जो उन्होंने किया उसका अनुसरण करने का प्रयास करना चाहिए। शाह ने कहा कि देश का लोकतांत्रिक इतिहास सुषमा स्वराज जी को एक संघर्षशील और प्रभावशाली विपक्षी नेता के रूप में याद रखेगा। विपक्ष के नेता के पद की महत्ता का उदाहरण जब दिया जाएगा, तो सुषमा जी का नाम अवश्य लिया जाएगा।

# साइंटिस्ट डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का निधन

**मुंबई।** भारत के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजगोपाला चिदंबरम का शनिवार तड़के निधन हो गया। वे 88 वर्ष के थे। परमाणु ऊर्जा विभाग के अधिकारी ने बताया कि तड़के 3 बजकर 20 मिनट पर मुंबई जसलोक अस्पताल में राजगोपाला ने अंतिम सांस ली। देश में न्यूक्लियर वेपंस डेवलपमेंट में डॉ. राजगोपाला की सक्रिय भूमिका रही। 1974 के पोखरण टेस्ट में भी उनका अहम योगदान रहा। 1998 के पोखरण टेस्ट में उन्होंने साइंटिस्ट की टीम को लीड किया था। डॉ. राजगोपाला को 1975 में पद्म श्री और 1999 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. राजगोपाला के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भारत की वैज्ञानिक और कूटनीतिक ताकत को मजबूत करने में डॉ. राजगोपाला की अहम भूमिका रही। वे भारत के परमाणु प्रोग्राम के निर्माताओं में से एक थे। आने वाली पीढ़ियां उनके किए कामों से प्रेरणा लेगी। डॉ. राजगोपाला का जन्म चेन्नई में 1936 में हुआ। चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज और बेंगलुरु के इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस से पढ़ाई की। डॉ. चिदंबरम ने एक इंटरव्यू में बताया कि प्लूटोनियम को ट्रांसपोर्ट करना चुनौतीपूर्ण काम था। इस ऑपरेशन को पूरी तरह से गुप्त रखा गया था ताकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय और खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक न लगे। प्लूटोनियम को मुंबई के भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र से पोखरण के लिए मिलिट्री ट्रक के



# कलेक्टर ने जन कल्याण शिविर में लोगो की सुनी समस्याएं कराया निराकरण

## -पटवारी के द्वारा कार्य में लापरवाही करने पर तहसील में किया अटैच

**निवाडी/ पृथ्वीपुर**- जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली आधा दर्जन ग्राम पंचायत लडवारीखास में कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले के साथ जन कल्याण शिविर पहुचकर ग्रामीणो की समस्याऐं सुनी और उनका मौके पर संबधित विभाग के अधिकारियो से निराकरण भी कराया है।

विकासखण्ड की ग्राम पंचायत लडवारी की ग्राम टेनीपुरा में जन कल्याण शिविर में कलेक्टर लोकेश कुमार जागिंड प्रशासनिक अमले के साथ पहुचे जहां सभी विभागो के द्वारा अपने अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणो के आवेदन लिये जा रहे थे। और कलेक्टर ने ग्रामीणो के आवेदनो को लिया और मौके पर ही ग्रामीणो की समस्याऐं सुनकर उनका निराकरण




कराया गया। साथ ही शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ के तहत पात्र हितग्राहियो को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गये। शिविर में 68 आवेदनो का मौके पर ही निराकरण कराया गया । साथ में हल्का पटवारी द्वारा कार्य में लापरवाही करने पर उन्होने तत्काल तहसील कार्यालय में अटैच करने के निर्देश भी दिये है। कलेक्टर लोकेश कुमार जागिंड के द्वारा शिविर में कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार युवा, महिला, किसान और गरीब के कल्याण एवं विकास के लिये प्रदेश के साथ-साथ निवाड़ी जिले में भी 26 जनवरी, 2025 तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया जायेगा। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं और लक्ष्य प्रदान की गयी योजनाओं के समस्त पात्र हितग्राहियों को शिविर लगाकर लाभान्वित किया जायेगा। इसके साथ ही विभिन्न विभागों की गतिविधियों और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया जायेगा। जन-कल्याण अभियान के तहत 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रोहन सक्सेना, एसडीएम सतीश वर्मा, सीईओ विनोद जैन, तहसीलदार डा. अनिल कुमार गुप्ता, खण्ड पंचायत अधिकारी अशोक मिश्रा, सचिव बालकराम यादव, सरपंच मिथला यादव, प्रताप यादव, अजय यादव, उमेश यादव, आदि सभी विभागो के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए चलाई गई चार स्पेशल ट्रेन

## निवाड़ी के ट्रेन के माध्यम से कर सकेंगे महाकुंभ में स्नान

**निवाड़ी-** निवाड़ी वासियों के लिए खुशखबरी है. प्रयागराज के महाकुंभ मेले में जाने के लिए सामान्य ट्रेनों के साथ-साथ चार महाकुंभ स्पेशल ट्रेन की भी सुविधा निवाड़ी को मिली है. जिनका संचालन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक झांसी से प्रयागराज के लिए किया जाएगा. जिसमें ट्रेन नंबर 01809 झांसी प्रयागराज मेला स्पेशल सुबह 4- 37 पर निवाड़ी पहुंचेगी तथा दोपहर 2-46 पर प्रयागराज पहुंचेगी. यह ट्रेन सप्ताह में पांच दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार और रविवार को संचालित होगी.इसी तरह ट्रेन नंबर 01811 कुंभ स्पेशल झांसी से प्रयागराज के लिए चलेगी और यह ट्रेन सुबह 10-47 पर निवाड़ी पहुंचेगी तथा रात्रि में 10-50 पर प्रयागराज पहुंचेगी. इस ट्रेन का संचालन प्रतिदिन किया जाएगा. इसके साथ-साथ एक और कुंभ स्पेशल ट्रेन का संचालन होगा और यह ट्रेन 01804 झांसी से चलकर रात्रि 8-45 पर निवाड़ी पहुंचेगी तथा दूसरे दिन सुबह 7-40 पर प्रयागराज पहुंचेगी. इस ट्रेन का संचालन भी प्रतिदिन होगा. ट्रेन नंबर 01805 झांसी से प्रयागराज के लिए आवश्यकता होने पर संचालित की जाएगी. यह ट्रेन सुबह 9-49 पर निवाड़ी पहुंचेगी तथा शाम 4.55 पर प्रयागराज पहुंचेगी. इस ट्रेन का संचालन सप्ताह में एक दिन बुधवार को किया जाएगा.प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है. यह महाकुंभ हिंदू सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व माना जा रहा है. जिसमें लगभग 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान बताया गया है. महाकुंभ मेले में पहुंचने के लिए संपूर्ण देश से हजारों की संख्या में स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं. महाकुंभ मेले को देखते हुए झांसी से प्रयागराज के लिए इस बार करीब चार महाकुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई गई हैं, जिनका लाभ निवाड़ी जिले वासियों को मिलेगा.निवाड़ी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज जाने के लिए सामान्य रूप से तुलसी एक्सप्रेस, बुंदेलखंट एक्सप्रेस तथा चंबल एक्सप्रेस के साथ एक पैसेंजर ट्रेन की सुविधा सामान्य दिनों में रहती है. लेकिन महाकुंभ के चलते अतिरिक्त महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों की सुविधा भी निवाड़ी जिले को दी गई है. महाकुंभ मेले को सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व माना जा रहा है. जब 12 कुंभ पूर्ण होते हैं तब महाकुंभ का आयोजन किया जाता है.ऐसा बताया जा रहा है कि प्रयागराज में प्रत्येक 12 वर्ष में आयोजित हो रहे कुंभ के 12 आयोजन पूर्ण हो चुके हैं. 12 पूर्णकुंभ होने पर यह महाकुंभ कहलाता है. 144 साल बाद महाकुंभ आता है. इसलिए प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है. जिसमें साधु संतों का आना प्रारंभ हो चुका है तथा 13 जनवरी से प्रथम शाही स्नान के साथ मेले का शुभारंभ होगा. 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर शाही स्नान के साथ महाकुंभ मेले का समापन होगा.

# अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी पर पुलिस का छापा, दस कट्टा, रिवॉल्वर के साथ हथियार बनाने की सामग्री जब्त

**दमोह।** कोतवाली थाना क्षेत्र के चैनपुरा क्षेत्र में अवैध हथियार बनाने की फैक्टरी में शुक्रवार को कोतवाली पुलिस द्वारा दबिश दी गई। जहां पर 10 देशी कट्टा, दो रिवाल्वर एवं दो पिस्टल सहित हथियार बनाने की सामग्री जब्त की गई। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया है।

एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि चैनपुरा क्षेत्र में अवैध हथियारों की फैक्टरी के संबंध में पुलिस को सूचना मिली थी। जिसपर थाना कोतवाली टीआई आनंद राज के नेतृत्व में टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित हथियार की फैक्टरी में दबिश दी गई। जहां पर 14 कंपलीट हथियार पाए गए। जिसमें 10 देशी कट्टा, 2 छकड़ी रिवाल्वर एवं 2 पिस्टल मौके से



जब्त की गई। इसके अलावा कट्टा बनाने के पार्ट्स, रिवाल्वर व पिस्टल बनाने का सामान, जिनमें ग्लाइंडर, बोर मशीन सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने मौके पर ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमें चैनपुरा निवासी आरोपी भरत भूषण पिता कैलशनाथ बंसल, जबलपुर नाका निवासी परमसुख पिता रामदीन रैकवार एवं हिंडोरिया थाना के ग्राम आंवरी निवासी भूरा उर्फ रजनीकांत पिता रमेश विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में कोतवाली टीआई आनंद राज आदि शामिल थे।

चैनपुरा में चोरी छिपे लंबे समय से हथियारों की फैक्टरी संचालित हो रही थी। ऐसे में संभावना है कि इन आरोपियों द्वारा कई लोगों को हथियार बेचे गए हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जिसके आधार पर पता लगाया जा रहा है कि इनके द्वारा किन-किन लोगों को हथियार सप्लाई किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी भूरा उर्फ रजनीकांत विश्वकर्मा पूर्व में भी अवैध हथियारों के साथ पकड़ा जा चुका है। जिसके विरूद्ध पूर्व में मामला दर्ज हैं। इस मामले में और जैसे नाम सामने आयेंगे आरोपी बनाए जाएंगे।



# तरीचर कलां क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में पहुंची झांसी की टीम

**निवाडी -** तरीचर कला निवासी स्वर्गीय देव पटेल की पुण्यतिथि पर विशाल टूर्नामेंट आयोजन किया गया। जिसमें दूर दूर से खिलाड़ी आकर टूर्नामेंट में भाग ले रहे है। शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरीचर कला में खेला गया जिसमें झांसी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 181 रन बनाएं बाद में बैटिंग करते हुए सागर की टीम ने 80 रन पर अलाउड हो गई झांसी टीम ने सागर टीम को 101 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली आज फाइनल झांसी और परबई के बीच मुकाबला होगा। टूर्नामेंट संचालक बबलू पटेल कॉमेंटेटर उमाशंकर शास्त्री एवं राजू पटेल अंपायर सुशील श्रीवास एवं अरविंद सुत्रकर प्रज्ञानंद पटेल अमर पटेल कपिल पटेल कमेटी सदस्य व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस की कॉल से घबराई महिला, खुद को कमरे में किया बंद, पड़ोसी की तत्परता से बची ठगी

दमोह। दमोह के देहात थाना क्षेत्र में ठगों ने डिजिटल अरेस्ट के जरिए एक महिला को ठगी का निशाना बनाने का प्रयास किया। व्हाट्सएप कॉल और नकली पुलिस अधिकारी बनकर महिला को डराया गया और उसके दस्तावेज मांगे गए। महिला ने खुद को कमरे में बंद कर लिया, लेकिन परिजनों ने समय रहते साइबर सेल टीम के सदस्य राकेश अठ्या को सूचित किया। देहात थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह फिर एक डिजिटल अरेस्ट का मामला सामने आया। इस बार ठगों ने आम चोपरा क्षेत्र में रहने वाली एक पढ़ी-लिखी महिला को अपना निशाना बनाने का प्रयास किया, लेकिन दमोह की साइबर सेल टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर ठगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। महिला ने जैसे ही खुद को कमरे में बंद किया और दरवाजा खोलने से मन किया। परिजनों को गड़बड़ी का आभास हो गया और उन्होंने साइबर सेल टीम में पदस्थ अपने पड़ोसी राकेश अठ्या को फोन पर




सूचना दे दी। साइबर सेल में पदस्थ राकेश अठ्या तत्काल ही टीम के साथ महिला घर पहुंच गए और महिला को ठगी का शिकार होने से बचा लिया। पहचान उजागर न करने की शर्त पर महिला ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे मुझे एक व्हाट्सएप कॉल आया और मुझसे कहा गया कि मेरा मोबाइल नंबर अनैतिक गतिविधियों में शामिल है। उन्होंने कहा मेरे खिलाफ हैदराबाद में एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद मुझे वीडियो कॉल आया, जिसमें पुलिस अधिकारी के साथ कई पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जब तक जांच चल रही है मैं किसी से बात नहीं कर सकती। मुझे एक कमरे में बंद रहने के लिए कहा गया। डर के मारे मैंने अपने आप को एक कमरे में बंद कर लिया। इसके बाद मुझसे पैन कार्ड, आधार कार्ड जैसे आईडी वाले दस्तावेज मांगे गए, जो मैंने उन ठगों को व्हाट्सएप कर दिए। इसी दौरान मेरे परिवार के लोगों ने समझ लिया कि मैं किसी ठगी का शिकार हो रही हूं, तो उन्होंने पड़ोस में रहने वाले साइबर सेल में पदस्थ राकेश को फोन लगा दिया और उन्होंने आकर मुझे ठगी का शिकार होने से बचा लिया। उन्होंने बताया कि मेरे साथ फ्रॉड हो रहा है। बात करने वाले लोग नकली हैं। मुझे पड़ोसी राकेश की बात पर भरोसा हुआ और फिर मैंने फोन काट दिया। यदि साइबर टीम के सदस्य मुझे भरोसा नहीं दिलाते तो शायद मेरे साथ भी ठगी हो जाती। राकेश अठ्या ने बताया कि दमोह पुलिस लगातार लोगों को डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक कर रही है, लेकिन इसके बाद भी लोग शिकार हो रहे हैं।

## पैदल चल रहे व्यक्ति को बाइक ने मारी जोरदार टक्कर

**निवाडी/पृथ्वीपुर-** थाना अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भोपालपुरा में रास्ते में पैदल जा रहे युवक को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। भोपालपुरा ग्राम निवासी हरचरण पिता नाथूराम अहिरवार ने थाने में रिर्पोट दर्ज कराई कि 6 दिसम्बर को पृथ्वीपुर से कार्य करके अपने घर भोपालपुरा बस स्टेण्ड पर पैदल जा रहा था तभी जेरोन की ओर से आर रही एचएफ डीलक्स मोटरसाईकिल क्रमांक एमपी 36 एमयू के चालक ने तेज गति और लापरवाही से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणो की मदद से घायल को सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र लाया गया। जहां डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने से मेडीकल कॉलेज झांसी रिफर कर दिया। जहां पर घायल का इलाज चलता रहा। हालत सही होने पर डाक्टरो ने छुटटी कर दी। पुलिस ने इनकी रिर्पोट पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया ट्रेक्टर खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

निवाडी- जिला कलेक्टर महोदय के आदेनुसार आज दिनांक 04/01/2025 को शाम के समय अवैध परिवहन/उत्खनन पर जांच के समय निवाड़ी तिगैला पर 1 वाहन ट्रैक्टर खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाया गया उक्त वाहन को जप्त कर कोतवाली निवाड़ी की अभिरक्षा में रखा गया एवम कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही प्रभारी अधिकारी खनिज डॉ. अजय मिश्रा के प्राप्त निर्देनुसार में मोका जांच प्रभारी खनिज निरीक्षक ब्रजेश कुमार एवं उपस्थित बल में हनीफ, देवानंद एवम शिवम् शुक्ला शामिल रहे।

# लटेरी में मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं, 132 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमि-पूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ देश बनने की ओर अग्रसर है। हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। युवा, गरीब, किसान और महिलाएं हमारी विशेष प्राथमिकता है। मध्य प्रदेश तेज गति से देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लटेरी (विदिशा) में विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में विशाल जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र के लिए 132 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इनमें 80 करोड़ 16 लाख रुपये के 54 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 51 करोड़ 96 लाख रुपये के 198 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हित लाभ भी वितरित किए। कार्यक्रम में विदिशा जिले में 505 हेक्टेयर चरनोई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किए जाने पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आधुनिक युग के भगीरथ हमारे प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाओं से प्रदेश को दो बड़ी सिंचाई परियोजनाएं मिली है। इससे न केवल बुंदेलखंड अपितु मालवा और चंबल क्षेत्र में भी बड़े क्षेत्र में सिंचाई, पेयजल सुविधा मिलेगी।



इस क्षेत्र के भी 360 गांव को जल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है हर किसान के खेत में पानी पहुंचाना। हर खेत में पानी आने से किसान की जिंदगानी बदलेगी। कृषि उत्पादन में हम पंजाब, हरियाणा को भी पीछे छोड़ने वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में प्रदेश में तेज गति से विकास हो रहा है। हर गरीब को पक्का मकान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी संकल्पित हैं। आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त है। उद्योग और रोजगार बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उज्जैन, सागर, रीवा, जबलपुर और ग्वालियर में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में करोड़ों के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। युवा वर्ग के लिए सरकार शीघ्र ही एक लाख सरकारी और निजी क्षेत्र में लगभग 3 लाख पदों पर भर्ती करने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा की महत्ता को हमेशा याद रखें। बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, शिक्षा की सारी व्यवस्था सरकार कर रही है। प्रदेश के 55 जिलों में पीएम एक्सीलेंस स्कूल खोले जा रहे हैं। गरीबों को परिवहन की अच्छी सुविधा देने के लिए सरकार मध्य प्रदेश राज्य परिवहन को दोबारा प्रारंभ करने जा रही है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन को भी सरकार बढ़ावा दे रही है। जो गाय पाले, वही गोपाल है तथा जहां गाय का कुल हो, वही गोकुल है। सरकार दुग्ध उत्पादन पर बोनस देने वाली है तथा 10 से अधिक गाय पालने पर अनुदान दिया जाएगा। प्रदेश में बड़ी संख्या में गौशालाएं बनाई जा रही हैं। प्रदेश की धरती पर जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण पधारे थे, उन सभी स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। उज्जैन में संदीपनी आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की, जानापाव में उन्हें सुदर्शन चक्र मिला।

# नाबालिग के साथ बाबा ने किया कांड, पुलिस में शिकायत के बाद हुआ फरार

**दमोह।** जिले के पथरिया थाना क्षेत्र में एक बाबा द्वारा 12 साल के बालक से अप्राकृतिक कृत्य किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस में शिकायत की भनक लगते ही आरोपी बाबा कुंभ (प्रयागराज) भाग गया है। जिसके खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश में टीम को कुंभ रवाना किया है। पथरिया थाना प्रभारी सुधीर कुमार बैगी का ने बताया कि पथरिया नगर में वार्ड आठ में एक मंदिर के पीछे कोठी में बाबा ने नाबालिग बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया है। बालक अनाथ है, जिसे दो माह पहले बाबा अपनी गाड़ी में बैठाकर



पथरिया लेकर आया था। दो दिन पहले बाबा कुंभ भाग गया है। इसके बाद बालक ने अपने चाचा के साथ थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई है। दो दिन पहले भी उसके साथ गलत काम किया गया था और दो माह से बालक प्रताड़ित था। जिसकी एमएलसी कराई गई है। आरोपी पप्पू तिवारी उर्फ गोपालपुरी बाबा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उसकी तलाश में टीम रवाना की गई है। जिले के पथरिया थाना के पिपरौधा छक्का गांव निवासी 12 वर्षीय बालक गुरूवार शाम घर से लापता हो गया। जिसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी और सोशल मीडिया पर भी सूचित किया। रात में बालक दमोह कोतवाली पुलिस को मिल गया। पूछे जाने पर उसने बताया वह बिना बताए अपने घर से साइकिल से दमोह तक आ गया था और भटक गया। रात में कोतवाली क्षेत्र में पुलिस को मिलने पर पुलिस कोतवाली लेकर आई।

दैनिक
केसरिया हिन्दुस्तान
ग्वालियर रविवार, 5 जनवरी 2025
ख़बरें बेबाक, बेख़ौफ, बेझिझक


# कोतवाली पुलिस ने नशा विरोधी अभियान को दी गति

## जप्त की 840 नग नशीली शिरप, 2 लाख की बनायी जप्ती




**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक गायत्री तिवारी के नेतृत्व में चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने लगभग 2 लाख रूपए कीमती 840 नग नशीली ऑनरेक्स कफसिरप एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर मामला किया पंजीबद्ध।

मिली जानकारी के आधार पर बताया गया कि शनिवार को थाना कोतवाली पुलिस को मुखविर से सूचना मिली कि लकी मिश्रा निवासी ऊची हवेली मड़रिया जो बाईपास में एक दुकान में काम करता है। दुकान बंद होने के बाद बादल साहू के साथ मिलकर रात्रि में सिमेंट दुकान के पीछे अवैध रूप से मादक पदार्थ नशीली कफ सिरप का भण्डारण करके विक्रय कर देता है। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा मुखविर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर रेड कार्यवाही हेतु एक टीम गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार स्थान पर पहुँच कर देखा कि एक लड़का खड़ा है। जो कि सिमेंट के दुकान का कर्मचारी होना बताया जिसे मुखविर सूचना से अवगत कराया जाकर दुकान के पीछे की तलाशी ली गई तो सीढ़ियों के नीचे 7 पेटी ऑनरेक्स कफ सिरप मिली। जिसे समक्ष गवाहों के खोलकर चेक किया गया जिसमे 840 शीशी नशीली कफ सिरप कीमती 1 लाख 26 हजार रूपये पाया गया। जिसके संबंध में पूछताछ करने पर स्वयं एवं बादल साहू का माल होना स्वीकार किया, जो उक्त संदेही से अवैध नशीली कफ सिरफ बिक्री करने के संबंध मे वैध दस्तावेज की माग की गई जो कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। आरोपी से उक्त अबैध नशीली आनरेक्स कफ शीरप 840 नग कीमती 1 लाख 26 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमत 74 हजार कुल कीमती 2 लाख की जप्ती की जाकर आरोपियों का उक्त कृत्य धारा 5/13 म.प्र.ड्रग्स कंट्रोल अधिनियम एवं 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने पर अपराध कायम कर आरोपी अभिमन्यू मिश्रा पिता नारेन्द्र मिश्रा उम्र 19 वर्ष निवासी ऊची हवेली थाना कोतवाली सीधी को गिरफ्तार कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया है।

### इनका रहा सराहनीय योगदान -

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, उप निरीक्षक आकाश सिंह राजपूत, सउनि प्रदीप सिंह, आरक्षक समेन्द्र यादव, अनिल सिंह एवं सायबर सेल से आनंद कुशवाहा, प्रदीप मिश्रा, विकास सिंह, विक्की सिंह का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

# लोकसेवा केंद्र मझौली पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित

**सीधी**

कलेक्टर एवं सचिव जिला ई-गवर्नेन्स सोसायटी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर मेसर्स अद्रिती एसोशियेट कालेज कालोनी बुढ़ार, धनपुरी जिला शहडोल, संचालक लोक सेवा केन्द्र मझौली पर कुल पाँच हजार रुपये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाकर भविष्य के लिए सचेत किया गया है कि ऐसी पुनरावृत्ति न हो, शिकायत प्राप्त होने पर अनुबंध निरस्त कर दिया जावेगा।

कलेक्टर ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी मझौली के प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर संचालक लोक सेवा केंद्र मझौली को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। प्राप्त जबाव सन्तोषजनक नहीं पाया गया। संचालक द्वारा सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं अनियमितता बरती गयी है, जिससे जनहित का कार्य प्रभावित हुआ, जो आर.एफपी. एवं अनुबंध के शर्तों के विपरीत है। संचालक लोक सेवा केन्द्र मझौली द्वारा केन्द्र का संचालन मानक स्तर पर नहीं किया गया है। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार केन्द्र की स्थापना, संधारण एवं संचालन में सौपे गये दायित्वों के निर्वहन में जानबूझकर लापरवाही बरतने से शासन एवं प्रशासन के छवि धूमिल हो रही है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए संचालक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है।

# एसआईटी ग्रुप के फ्रेशर पार्टी में अभय मिस्टर फ्रेशर और गौसिया मिस फ्रेशर बनीं

**सीधी।**



शहर की एसआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शुक्रवार को आगाज 2024/25 बैनर तले मे फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। फ्रेशर पार्टी में स्टूडेंट्स ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए लोगों की खूब वाहवाही लूटी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्रुप के चेयरमेन रामसरण गुप्ता एवं अध्यक्षता ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर शोभा रेड्डी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। छात्राओं ने सभी शिक्षक और अतिथियों के स्वागत हेतु बुके भेट कर एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र.छात्राओं द्वारा विभिन्न संस्कृतियों पर नृत्य करते हुए अखण्ड भारत की प्रस्तुति दी। जिसमें भांगडा, राजस्थानी नृत्य, गढवाली नृत्य, बॉलीवुड थीम आदि पर शानदार नृत्य प्रस्तृत किए गए। ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर शोभा रेड्डी ने नव प्रवेशित छात्रों को कॉलेज लाइफ से जुड़ी बाते साझा करते हुए कहा कि छात्रों के जीवन की पहली सीढ़ी कॉलेज लाइफ ही होती है। यहां से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के साथ .साथ समाज एवं अभिभावक के प्रति जो हमारे दायित्व होते हैं उसे पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करना हमारी महती जिम्मेदारी होती है। अंत में शोभा रेड्डी मैम ने नव प्रवेशित छात्रों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बहुत सारे फनी गेम कराए गए जिसके माध्यम से मिस फ्रेशर एंड मिस्टर फ्रेशर का चयन हुआ साथ ही 3 अन्य टाइटल भी छात्रों को मिला। कार्यक्रम में में अभय पटेल मिस्टर फ्रेशर बने और गौसिया फातिमा मिस फ्रेशर बनीं। वही मिस्टर हैंडसम देवेश अग्निहोत्री और मिस ब्यूटीफूल स्नेहा पाण्डेय बनी । साथ ही मिस्टर परफेक्ट सचिन और मिस परफेक्ट मुस्कान तिवारी बनी। मिस्टर इंटेलिजेंट मोहम्मद वारिश एवं मिस इंटेलीजेंट प्रियंका चौधरी बनी। साथ ही नृत्य में प्रथम स्थान एसआईटी कॉलेज से नेहा रावत और उनके ग्रुप ने हासिल किया, द्वितीय स्थान पैरामेडिकल कॉलेज के छात्रों का रहा एवं तीसरा स्थान पलक सोनी और ग्रुप को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रुप के प्रशासनिक अधिकारी रावेंद्र पाण्डेय, मैनेजर अभिषेक सिंह, रजनीश द्विवेदी, राजभान जायसवाल, शिवेंद्र सिंह, जय सिंह एप्रदीप वर्मा, आशीष सिंह, प्रदीप गिरी, रामसुजन यादव, पुष्कल पटेल, विभोर गौतम, गरिमा गुप्ता, पूजा तिवारी, मुकेश चंद्रा, कीर्ति शर्मा एवं सभी कर्मचारी उपस्थित

# नगर पालिका ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर चलाया जागरूकता अभियान




**सीधी।**

नगर पालिका परिषद शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने के लिये एक सकारात्मक पहल कर रही है। नपा के आईईसीटी टीम के द्वारा शहर के रहवासियों सहित व्यवसाई क्षेत्र से जुड़े लोगों को समझाईस दी। इस दौरान लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर शासकीय प्रतिबंध की जानकारी के साथ साथ वैकल्पिक उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक पर नगर पालिका की टीम पिछले वर्षो में भी प्रतिबंध और उपयोग के संदर्भ में आदेश निर्देश जारी करती रही है। इसके बाबजूद शहर में लगातार सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग होता रहा है। हालाकि टीम के द्वारा सर्वे कर लोगों को हिदायत देने से कुछ हद तक प्रतिबंध का असर देखा भी गया है लेकिन शासन के मंशानुरूप पूर्णत: असर न होने से एक बार फिर नगर पालिका टीम ने शहर में बाजार के व्यापारियों सहित मोहल्लों के रहवासियों से मिलकर इस सम्बंध में जागरूक करने का प्रयास किया गया है। साथ ही इसके कृयान्वयन हेतु चालानी कार्रवाई भी सीएमओ मिनी अग्रवाल द्वारा की गयी है और समय समय पर अपनी टीम के द्वारा चालानी कार्रवाई करवा कर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल सिंगल यूज प्लास्टिक जहॉ पर्यावरण के लिये खतरनाक है वहीं मवेसियों के द्वारा इन्हे निगल लिये जाने के कारण यह उनके मौत का कारण भी बन जाती है।

# मानस और मानसरोवर में चार घाट और चार आसन - पंडित बाला व्यंकटेश



**सीधी।**

स्थानीय पूजापार्क में चल रही संगीतमय श्रीरामकथा के दूसरे दिन कथा प्रवक्ता पंडित बाला व्यंकटेश शास्त्री का श्रीकृष्णरसामृत समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह बोरा, कुमुदिनी सिंह, डॉ. श्रीनिवास शुक्ल, अंजनी सिंह, सौरभ, लालमणि सिंह सहित कई श्रद्धालु भक्तों ने माल्यार्पण से व्यासपीठ की पूजा एवं स्वागत किया। कथा का शुभारम्भ करते हुए व्यास जी ने कहा कि मानस और मानसरोवर में चार घाट और चार आसन हैं। मन का आसन श्वासों एवं ग्रंथों में मिथिला तथा बुद्धि का आसन अयोध्या बताया गया है। इसी प्रकार चित्त का आसन चित्रकूट और अहंकार का आसन लंका को बताया गया है। इस प्रकार श्रीरामकथा में श्रद्धालु भक्तों को डुबोते हुए कथा प्रवक्ता ने श्री ज्ञानगंगा मानस के कई दुर्लभ प्रसंगों का रहस्योद्घाटन किया।

## डीईओ सिंगापुर के लिये हुए रवाना

# आधुनिक शिक्षा पद्धति से जिले के विद्यार्थी होगें लाभान्वित : हरीश

**सीधी।**



शनिवार को डॉ.प्रेमलाल मिश्रा जिल शिक्षा अधिकारी शासकीय यात्रा में सीधी से सिंगापुर के लिये रवाना हुए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी, गुरूजनो एवम गणमान्यजनो द्वारा डीईओ का माल्यापर्ण कर मुँह मीठा कराया एवं यात्रा की शुभकामनायें प्रेषित की।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष हरीश मिश्रा एवम विजय तिवारी ने समग्र रूप से बताया कि 4 जनवरी 25 को संगठन की ओर से डॉ.प्रेमलाल मिश्रा को शुभकामनायें प्रेषित की गयी हैं साथ ही बताया कि यह सीधी के लिये गर्व का विषय है कि मध्य प्रदेश में केवल 20 जिलो का चयन हुआ है जिसके माध्यम से प्रशासन के प्रतिनिधियों को शासकीय खर्चे पर विदेश भेज कर डिजिटल साक्षरता, महत्वपूर्ण सोच और समस्या समाधान जैसी दक्षता हॉसिल करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। जहॉ सीधी से डॉ.प्रेमलाल मिश्रा का चयन कर भेजा जा रहा है। इसका सीधा लाभ जिले के छात्र छात्राओं को मिलेगा साथ ही प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट शिक्षा के लिये सीधी का नाम होगा। श्री मिश्रा ने बताया कि सिंगापुर में 21वीं सदी के लिए शिक्षक और शिक्षा का एक आर्दश मॉडल है, जिसे टीई 21 के नाम से जाना जाता है, सिंगापुर की शिक्षण रणनीतियों में मजबूत स्कूल नेतृत्व विकसित करना व्यवसायिक विकास के लिए प्रतिबद्धता तकनीक से लैस स्कूलों को नए मॉडल के रूप में जाना जाता है। ऐसे में भारत सरकार द्वारा समय समय पर शिक्षा अध्यन करने हेतु अपने प्रतिनिधियों को विदेश भेजती है साथ ही पूर्ण रूप से खर्चे का निर्वहन स्वयं उठाती है। श्री मिश्रा ने आगे बताया कि शासकीय विद्यालयों के गुरूजनो को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से रूबरू होना चहिए जिससे विद्यार्थियों का सर्वागिंण विकास हो स



# पूर्व मंत्री राजपूत ने नर्मदा पूजन कर मनाया अपना जन्मदिन



**सिलवानी।** पूर्व मंत्री एवं क्षेत्र के नेता ठाकुर रामपाल सिंह ने अपना जन्मदिन शहीदी ग्राम बोरास में मां नर्मदा तट पर मनाया। परिवार के साथ साधु संतों के बीच शिव अभिषेक एवं नर्मदा की पूजा-अर्चना की। सुंदरकांड पाठ के बाद उनके शुभचिंतक एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री को पुष्पाहार से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। पूजा-अर्चना के पश्चात रामपाल सिंह ने उपस्थित क्षेत्र के साधु, संतों, महात्माओं का आशीर्वाद लिया। साथ ही कन्याओं को दक्षिणा देकर उनसे भी दीर्घायु का आशीर्वाद लिया। रामपाल सिंह एक एक कार्यकर्ता से मिले एवं बधाई स्वीकार की। साथ ही बुजुर्गों एवं ब्राह्मणों का आशीर्वाद लिया।

**सिलवानी नगर एवं क्षेत्र से :-**

बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने लाडले नेता को जन्म दिन की शुभकामनाएं दी। अपार ऊर्जा के स्रोत, विनम्र एवं मददगार विधायक रामपाल सिंह राजपूत को बधाई देने जनपद पंचायत अध्यक्ष तरुवर सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय शुक्ला भाजपा जिला मंडल सदस्य दीपक रघुवंशी भाजपा जिला मंडल सदस्य,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा नेता विभोर नायक, गोपाल सिंह राजपूत भाजपा जिला मंडल सदस्य,पाषर्द प्रदीप कुशवाहा, मोहन साहू ,पप्पू ठाकुर मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रतापगढ़ शत्रु घन राजपूत सिमरिया, मूकेश राय पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पुनीत समैया भाजपा नेता सुरेंद्र पटेल पूर्व सरपंच, जगदीश साहू बेगांव तहसील अध्यक्ष साहू समाज, रघुवीर साहू इलेक्ट्रिकल्स नगर अध्यक्ष साहू समाज वरिष्ठ भाजपा नेता, राजू साहू ग्राम सेवक अध्यक्ष साहू धर्मशाला वरिष्ठ भाजपा नेता, वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसी यादव, राजा राज प्रताप सिंह, संजू बनारसी पूर्व मंडल महामंत्री, कान्त यादव सरपंच, सर्वेश खरे पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री जाकिर खान खेरी सरपंच ,राजेश राय प्रतापगढ़ संरपच प्रतिनिधि, राजू रघुवंशी , अखिलेश बजाज दिगंबर हार्डवेयर (पप्पू भैया) राजेश कुशवाह तहसील अध्यक्ष कुशवाहा समाज , शरद मतंबर प्रषोतम सोनी आई टी सेल प्रभारी,संजीव जे के, घनश्याम कलो सिया बूथ अध्यक्ष भाजपा ,भाजपा युवा मोर्चा के आनंद सहारिया बूथ अध्यक्ष भाजपा , सिद्धार्थ समैया भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, मदन राय भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, रूपेश कुशवाहा आईटी सेल प्रभारी भाजपा मंडल , जीतू पाल भाजपा युवा मोर्चा सदस्य सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता ने फूल मालाओं से स्वागत कर जन्म दिन की शुभकामना दी।

# सड़क निर्माण में खुलकर हो रहा है भ्रष्टाचार, करोड़ों खर्च कर बनाई हाथ से सड़क बनते ही लगी है टूटने

## इस पर ओवरलोड वाहनों के दौड़ने से कब तक चलेगी हाथ से बनी सड़क

केसरिया हिंदुस्तान

### कम व खराब क्वालिटी के मटेरियल से बन रहा रोड



**मैहर (अमरपाटन)।** जिलेभर में नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे तक बनने के साथ ध्वस्त हो रहे हैं। सालभर में बनी सड़क की स्थिति ऐसी है मानो बरसों से बनी ही नहीं। हालत यह है कि सड़क निर्माण व मरम्मत के नाम पर बीते सालभर में इन सड़कों पर करीब करोड़ खर्च हो गए। इसके बाद कुछ दिनों में उसकी हालत जर्जर हो गई। अब दोबारा मरम्मत की योजना बनाई जा रही है। चौंकानेवाली बात यह है कि करोड़ों की लागत से हाथ से बन रही है सड़क, लेकिन विभाग पूरी तरह बेखबर है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि बनने के साथ सड़क क्यों टूट रही हैं? इसको लेकर हिंदुस्तान केसरिया ने सड़कों की पड़ताल की। विभाग के इंजीनियर व विशेषज्ञों से भी बात की। इंजीनियर का दावा है कि ओवरलोडेड वाहनों से सड़क टूट रही हैं। विशेषज्ञों की मानें तो सड़क निर्माण में गिट्टी-बालू सीमेंट की परत की मात्रा मानक से कम दी जाती है और ठेकेदार पैसे बचाने के चक्कर में घटिया क्वालिटी का मटेरियल इस्तेमाल करता है। ऐसे में जब उन सड़कों से ओवरलोड वाहन गुजरते हैं, सड़क धंसने और टूटने लगती है और कुछ दिनों में ही वहां खतरनाक गड्ढे बन जाते हैं।

## शीतकालीन शिविर में स्वयंसेवकों ने पूरे मनोयोग से की शारीरिक साधना

केसरिया हिन्दूस्तान, सुरभि व्यास

**जीरापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड जीरापुर द्वारा संघ कार्य के दृढिकरण एवं कार्य विस्तार की दृष्टि से कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण तीन दिवसीय शीत शिविर दिनांक 2 से 4 तक चल रहा था जिसका समापन आज शनिवार को प्रकट कार्यक्रम आयोजित कर किया गया यह कार्यक्रम नगर के एडवांस क्रिड्स एकेडमी स्कूल परिसर में जारी था इस तीन दिवसीय शीत शिविर मे स्वयंसेवकों ने पूरे मनोयोग से शारीरिक साधना की एवं आज शनिवार को समापन अवसर पर स्वयंसेवकों ने शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया इस अवसर पर मुख्य वक्ता लक्ष्मी नारायण चौहान प्रांत से समरसता संयोजक थे मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए समाज में पंच परिवर्तन की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया उन्होंने कहा कि आज भी कुछ कुरीतियां हमारे समाज में विकसित हैं उन्हें समाप्त करने के लिए हमें समाज के साथ खड़ा होकर काम करना पड़ेगा शिविर में आरएसएस के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# संत कबीरदास आश्रम का आठवां स्थापना दिवस शौभायात्रा व भंडारा आयोजन के साथ मनाया

केसरिया हिंदुस्तान
सुरभि व्यास





**जीरापुर।** कोडक्या गांव में कालाजी की बल्डीया में स्थित संत कबीर आश्रम का आठवां स्थापना दिवस बुधवार 1 जनवरी 2025 को प्रतिवर्षानूसार कलश शोभायात्रा व सत्संग भंडारा आयोजन कर मनाया गया शौभायात्रा में महिलाएं मंगल कलश लिए एवं श्रृद्धालु भक्त अनुयायीयों ने डी जे धून पर धार्मिक भजनो पर नाच गाते हुए निकली इस शौभायात्रा का गांव में अनेक जगहो पर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया यह कार्यक्रम कबीर आश्रम से जुड़े भक्तों अनुयायियों के सामूहिक सहयोग से संपन्न किया गया इस आठवे स्थापना दिवस अवसर पर क्षेत्रभर व राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि प्रांतों से जुड़े सत्संगी गुरु , अनुयायी , सेवादार व आस्तिक श्रद्धालुजन शामिल हुए जिनका स्वागत सत्कार शोभायात्रा एवं संत कबीर दास जी की पूजन अर्चन आरती पश्चात आध्यात्मिक सत्संग सभा के दौरान आश्रम संचालक संत प्रेमदास साहेब द्वारा पुष्पमालाएं व शाल दुपट्टा पहनाकर किया गया इस मौके पर उपस्थित समस्त संत साहेब गुरुओं ने महान संत कबीरदास जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जन समूह को संबोधित किया साथ ही नशा ,व्यसन एवं बुराई का त्याग कर भक्ति मार्ग पर चलने तथा अच्छे उत्कृष्ट कार्य करने व प्रभु भक्ति गुरु शरण में रहने के लिए प्रेरित किया गया वहीं आश्रम से जुडे सेवादार प्रचारकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया तत्पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया वहीं रात्रि को आध्यात्मिक सत्संग व आनंद चोका आरती के दौरान नवीन सेवा दार भक्तो को गुरु दीक्षा दी गई इस मौके पर मुख्य रूप से संत श्री अरविंद दास शास्त्री जी साहब सदगुरु कबीर समाधि मघर धाम काशी महंत रामजी दास मुंबई सतगुरु कबीर आश्रम रामनगर, संत अमृत दास गाजीपुर, संत अमरदास साहिब गाज़ीपुर , साध्वी केतकी साहब सतगुरु कबीर आश्रम रामनगर उत्तर प्रदेश, क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, गांव के पटेल यशवंत सिंह तोमर , कन्हैयालाल दीवान पूर्व अध्यक्ष माचलपुर रघुनाथ दीवान पिपलिया ,महेंद्र दीनदयाल प्रेमी बारां राजस्थान, गोपाल दीवान बारां राजस्थान, रामलाल दीवान रामगंज मंडी, पृथ्वी लाल दीवान रामगंज मंडी, हरि सिंह सेवादार पाटन, राम कैलाश अध्यक्ष झालरापाटन सदगुरु कबीर आश्रम, राधेश्याम ठेकेदार पाटन सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे ।

# भक्ति की भक्ति रीझ जाते हैं भगवान

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** बालाजी दरबार पारदी मोहल्ला में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा में सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य पंडित श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने देवी श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शास्त्री जी ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है कथा व्यास ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया इस अवसर परशास्त्री जी ने कहा कि देवी के भक्ति करने से माता रानी का दर्शन प्राप्त होता है और माता रानी हर इच्छा को पूर्ण करती हैं, शशि कला सुदर्शन विवाह का वर्णन करते हुए शास्त्री जी ने कहा कि देवी की भक्ति की, सुदर्शन ने तो, देवी ने सुदर्शन की तरफ से युद्ध किया था राजाओं की सेनो को पराजित किया था और शशिकला और सुदर्शन का विवाह हुआ था इस अवसर पर बालाजी दरबार के महंत नरेश मिश्रा कथा आयोजन सरिता विष्णु मिश्रा ,जसवंत कमरिया,संजीव गोयल, संजय पाल,मोहित, बुंदेला,महेश पाल ने आरती की।

# पीथमपुर पर कैंसर की बात करने वाले डॉक्टरों पर कार्रवाई हो : वीडी शर्मा



**इंदौर।** पीथमपुर में भोपाल गैस कांड का कचरा जलाने पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। लोगों के उग्र आंदोलन के बीच आज भाजपा नेताओं ने प्रेस वार्ता की और कहा कि जो भी डॉक्टर उस कचरे से कैंसर की बात कह रहे हैं उन पर प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि इस मामले में भ्रम फैलाया जा रहा है। कांग्रेस और अन्य पार्टियों के जो भी नेता इस मामले में जनता को भड़का रहे हैं उन पर भी कानूनी कार्रवाई होना चाहिए। यह बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने इंदौर में कही। उनकी इस बात पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट समेत सभी भाजपा नेताओं ने सहमति दी। जब वीडी शर्मा ने यह बात कही तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सहमति देते हुए कहा कि ऐसे नेताओं ने नाम कोर्ट में भेजे जाएंगे।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान वीडी शर्मा ने कई प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के लिए कहा कि उन्होंने जनता को भड़काया और बहुत गलत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीति से सभी का नुकसान होता है। शर्मा ने कहा कि लोगों को गलत बातें बताई जा रही हैं। हम अब लोगों के बीच में जाएंगे और उन्हें इस विषय में सही जानकारी देंगे। वीडी शर्मा ने कहा कि इस तरह का कचरा पूरी तरह से सुरक्षित रहता है। 25 साल के बाद उसमें कुछ भी खतरनाक नहीं बचता है। यह तथ्यों पर आधारित बात है। शर्मा ने कहा कि इस मामले में प्रशासन की भी कहीं न कहीं चूक हुई है। सही तरीके से बातों को जनता के बीच में नहीं रखा जा सका। शर्मा ने कहा कि जनता इस पर रोष प्रकट कर रही है और हम कोर्ट के सामने जनता का पक्ष रखेंगे। अभी कचरे को सिर्फ पहुंचाया गया है। उसे जलाया नहीं जाएगा। जब वीडी शर्मा से पूछा गया कि क्या यह जनता की जीत है तो इस पर शर्मा ने कहा की जीत हार का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि कोर्ट के आदेश के अनुसार सरकार और प्रशासन काम कर रहा था। अभी भी मामला कोर्ट में ही है। हम कोर्ट को जन भावनाओं से अवगत करवाएंगे। प्रेस वार्ता में मंत्री तुलसी सिलावट, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक नीना वर्मा भी मौजूद रहे।

# ग्वालियर मेले में कायम है स्मृतियों को संजोने के लिए स्टूडियो परंपरा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान



**ग्वालियर।** भारतीय संस्कृति में मेले गहरे तक रचे-बसे हैं। मेले केवल आमोद-प्रमोद के ही नहीं, मेल-जोल के सशक्त माध्यम बनते हैं। मेले की स्मृतियों को सजोने में भी भारतीय जनमानस की गहरी रुचि रहती आई है। मेले में लगने वाले फोटो स्टूडियो इन स्मृतियों को संजोने में महती भूमिका निभाते थे। हालांकि आधुनिक डिजिटल युग में मोबाइल फोन की क्रांति के मेले के फोटो स्टूडियो अब इतने प्रासंगिक नहीं रहे हैं। फिर भी कुछ लोग मेले में फोटो स्टूडियो की परंपरा को आज भी निभाए जा रहे हैं। इस साल के ग्वालियर व्यापार मेले में उत्तरप्रदेश के मेनपुरी शहर के निवासी अवधेश सिंह भदौरिया ने फोटो स्टूडियो लगाया है। मेले की छत्री नं.-20 में अवधेश सिंह ने आकर्षक ढंग से भदावर कलर स्टूडियो सजाया है। इस स्टूडियो में फोटो खिंचवाने के लिए फूलों का झूला, सिंघासन, सीढ़ियाँ, कार, टैडी वियर इत्यादि सहित अन्य प्रकार के ऐसे मंच बने हैं जहाँ सैलानी फोटो खिंचवाकर मेले की यादों को चिरस्थायी बना सकें। अवधेश सिंह बताते हैं कि पिछले लगभग 40 साल से हम ग्वालियर व्यापार मेले में अपना स्टूडियो लगाते आए हैं। कोरोनाकाल को छोड़कर हर साल हमने अपना स्टूडियो यहां पर लगाया है। पहले हम पूजा स्टूडियो के नाम से स्टूडियो लगाते थे। अब उसका नाम बदलकर भदावर स्टूडियो कर लिया है। मेले की स्टूडियो परंपरा के प्रति अपना लगाव व आत्मीयता जाहिर करते हुए अवधेश सिंह बोले कि हालांकि अब इससे बहुत ज्यादा आमदनी नहीं होती, पर इस व्यवसाय को चाहकर भी नहीं छोड़ पा रहा हूँ। भीतर मन में इस काम से जुड़ाव हो गया है। वे कहते हैं कि पहले हमारे स्टूडियो में फोटो खिंचवाने के लिये सैलानियों की लाइन लगा करती थी। यहाँ तक टोकन बांटने पड़ते थे। पर अब ऐसी स्थिति नहीं रही है। फिर भी शहरी विशिष्ट व्यक्ति व ग्रामीणजन अभी भी फोटो खिंचवाने आते हैं। सैलानी हमें बताते हैं कि मेले के स्टूडियो में फोटो खिंचवाने और उन्हें संजोकर रखने का मजा ही कुछ और है। अवधेश कहते हैं कि वे ग्वालियर मेला ही नहीं उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों के शहरों में लगने वाले मेलों में भी अपना स्टूडियो लगाते हैं।

## दतिया विधायक का नरोत्तम मिश्रा पर निशाना

# भारती बोले- पूर्व गृहमंत्री से जुड़े हैं ट्रांसपोर्ट घोटाले के तार; इनके आगे बीजेपी की वाशिंग मशीन भी फेल

**भोपाल।** आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा द्वारा पत्र लिखे जाने पर दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती ने तीखा हमला बोला है। भारती ने वीडियो जारी कर कहा है कि बीजेपी के पास वाशिंग मशीन है पर कोई भी मशीन पूर्व गृहमंत्री के भ्रष्टाचार को नहीं धो पा रही है। उनका असली चेहरा अब जनता के सामने आ रहा है। इसीलिए दतिया विधानसभा की जनता ने उनको ठुकराया है। डॉ नरोत्तम मिश्रा का नाम लिए बगैर जारी वीडियो में कांग्रेस विधायक भारती ने कहा है कि, परिवहन विभाग के घोटाले के सूत्र पूर्व गृह मंत्री से जुड़े हुए हैं। जिस तरह से उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति के लिए सब कुछ जानते हुए पत्र लिखा है और उसके बाद जबरन उसकी पोस्टिंग भी उनके विधानसभा क्षेत्र के बैरियर पर की गई थी। इससे साफ है कि वह इसमें शामिल हैं। भारती ने कहा कि हम जानते हैं कि पूर्व गृह मंत्री का चेहरा भ्रष्ट, बेईमान और चारित्रक पतन का है। उनके इन्हीं कामों का नतीजा है कि आज बीजेपी प्रदेश में उनको ढोने के लिए मजबूर है। हम चाहते हैं कि जो भविष्य का सपना देख रहे हैं, वे इसी तरह बीजेपी को ढोते रहे, उसके नेता बने रहें। जिससे हम सबको उनके भ्रष्टाचार उजागर करने में आसानी रहे।



विधायक भारती ने कहा कि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री पर भ्रष्टाचार के अनेक गंभीर मामले हैं। ई-टेंडरिंग, हनी ट्रैप समेत अब परिवहन विभाग का भ्रष्टाचार भी उजागर हुआ है। इसमें जो सूत्र सामने आया है वह मुख्य रूप से सौरभ शर्मा है। यह पूर्व गृहमंत्री से जुड़ा नाम है। जिसकी अनुकम्पा नियुक्ति के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को लिखा और सांठगांठ कर परिवहन विभाग में नियुक्ति कराई। उसकी नियुक्ति उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के चिरुला बैरियर पर कराई थी। मंत्री रहते वे भ्रष्टाचार करते रहे हैं। अभी उनके और भ्रष्टाचार उजागर होंगे। बीजेपी जिसके पास वाशिंग मशीन है पर कोई भी मशीन पूर्व गृहमंत्री के भ्रष्टाचार को नहीं धो पा रही है। उनका असली चेहरा अब जनता के सामने आ रहा है। इसीलिए दतिया विधानसभा की जनता ने उनको ठुकराया है। ग्वालियर में आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा की नियुक्ति की अनुशंसा तत्कालीन मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने की थी। ये दावा आरटीआई एक्टिविस्ट संकेत साहू ने किया। गुरुवार रात में उन्होंने एक लेटर जारी किया। इसमें 2016 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा के लेटर हैड पर सौरभ शर्मा की अनुकंपा नियुक्ति के लिए अनुशंसा करने का जिक्र है। साहू ने इसे लेकर 27 दिसंबर को लोकायुक्त से शिकायत की।

बता दें कि सौरभ शर्मा के खिलाफ तीन एजेंसियां ईडी, लोकायुक्त और आयकर विभाग ने 9 दिन तक छापे की कार्रवाई की थी। इसमें 93 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी मिली थी।

## मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने हर दिन के लिए अलग-अलग दल गठित

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

**ग्वालियर।** श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा हफ्ते के प्रत्येक दिन के लिये जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में दल तैनात किए हैं। इन दलों में तहसीलदार, सहायक आपूर्ति अधिकारी व श्रम निरीक्षक सहित अन्य संबंधित कर्मचारी शामिल किए गए हैं। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री टी एन सिंह ने बताया कि सोमवार के दिन संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन के नेतृत्व में गठित किए गए दल की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह मंगलवार को डिप्टी कलेक्टर श्री नरेशचंद गुप्ता, बुधवार को एसडीएम लश्कर श्री नरेन्द्र बाबू यादव, गुरुवार को एसडीएम मुरार श्री अशोक चौहान, शुक्रवार को एसडीएम झांसी रोड़ श्री विनोद सिंह, शनिवार को एसडीएम घाटीगांव श्री राजीव समाधिया एवं रविवार के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया के नेतृत्व में अधिकारियों के दल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिये मेले में तैनात रहेंगे। जिन अधिकारियों के नेतृत्व में दल गठित किए गए हैं, उनके लिंक अधिकारी भी बनाए गए हैं।

# अयोध्या में बोले सीएम योगी: हम राम को मानने वाले लोग, सपा मानती है बाबर को



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास और सनातन के प्रतीक श्रीराम की परंपरा में विश्वास रखती है। इसीलिए अयोध्या को देश ही नहीं समूचे विश्व के सामने विकास के प्रतिबिंब के रूप में स्थापित किया है। जबकि समाजवादी पार्टी विध्वंस के प्रतीक बाबर का सम्मान करती है। इसलिए वे जब सत्ता में थे तो यहां के विकास को रोका और रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं।

सीएम योगी शनिवार को यहां आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए आयोजित कार्यकर्ता संवाद में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने उपचुनाव में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सपा के शासनकाल में प्रदेश को दंगे की आग में भी झोंके रखा गया। सपा के नेता आज भी आतंकियों, दुराचारियों और अपराधियों के साथ खड़े रहते हैं।

भदरसा कांड का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि एक दुष्कर्मी को सपा नेता वृद्ध बताते हैं। उनकी परंपरा में बेटी, व्यापारियों और किसानों की सुरक्षा पर हमेशा खतरा बना रहता है। वहीं भाजपा निरंतर देश और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रही है। बिना भेदभाव सिर्फ पात्रता के आधार पर आवास, शौचालय और निशुल्क गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं। प्रदेश को अराजकता और माफिया राज से मुक्त कराया गया है। मुख्यमंत्री ने संभल के प्रकरण पर कहा कि 1976-78 में वहां क्या हुआ था, उसका सच अब सामने आ रहा है। आज संभल में पुलिस चौकी बन रही है और अवैध कब्जों से मंदिर निकल रहे हैं। वहां पर एक वर्ग के लोगों को उनकी आस्था से वंचित करके रखा गया था। अब भाजपा सरकार उसे वापस दिलाने का काम कर रही है।

**कुंदरकी ने दिया संदेश, पूजा पद्धति बदली लेकिन आस्था नहीं :** सीएम योगी ने कहा कि इंडोनेशिया में सबसे अधिक मुस्लिम समाज की आबादी है। फिर भी वहां के लोग अपने को प्रभु श्रीराम का वंशज मानते हैं और अपने नाम सनातन संस्कृति के अनुसार ही रखते हैं। इसीलिए वहां के रुपये में गणपति भगवान की फोटो है और एयरलाइंस का नाम गरुड़ है। इसी कड़ी में कुंदरकी की बात करते हुए कहा कि वहां मुस्लिम आबादी 60 फीसदी से अधिक है। इसके बावजूद भाजपा को 1.45 लाख मतों से जीत हासिल हुई है। वहां के लोगों का स्वाभिमान जागा और उन्होंने जवाब दिया कि हमारी पूजा पद्धति बदली है लेकिन आस्था नहीं बदली है।

# ईंटों की भरी ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर युवक की मौत

-एससीएस न्यूज-





जगम्मनपुर/जालौन। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा के पास एक ईटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली के नीचे कुचल कर युवक की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम गुढ़ा के पास ईंटे भरकर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर युवक सोनू पुत्र बृजबिहारी राजपूत लगभग उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम महटौली थाना रामपुरा की मृत्यु हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को अन्तिम परीक्षण के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## यह है पूरा मामला

ग्राम महटौली निवासी अर्पित पुत्र शिवकांत उर्फ गुड्डू तिवारी अपने महिंद्रा ट्रैक्टर से अजीतमल औरैया ईंटे भरने गया था, दोस्ती यारी का वास्ता देकर वह अपने साथ सोनू पुत्र बृजबिहारी राजपूत निवासी महटौली को भी साथ ले गया। शुक्रवार की शाम समय लगभग 7ः00 बजे जब वह ईट भरकर ट्रैक्टर से अपने घर वापस आ रहे थे उस समय अर्पित तिवारी ट्रैक्टर चला रहा था व सोनू बगल से बैठा था, उसी समय ग्राम गुढ़ा के पास ट्रैक्टर के बोनट से सोनू फिसल का नीचे गिर गया और ईंटों से लदी ट्राली के पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसके पेट एवं जननांग बुरी तरह से कुचल गए। गंभीर अवस्था में घायल सोनू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा लाया गया, जहां डॉक्टर सचिन आर्या ने युवक की गंभीर हालत देखते हुए उसे उरई के लिए तत्काल रेफर कर दियाद्व लेकिन जब तक घायल सोनू को अस्पताल से उरई ले जाने का प्रबंध होता उसके पहले ही रामपुरा में ही उसकी मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि मृतक सोनू अपने पिता का इकलौता पुत्र है और उसका विवाह गत तीन वर्ष पहले हुआ था। उसकी एक पुत्री उम्र लगभग 02 वर्ष एवं एक पांच माह का नवजात शिशु है। घटना की सूचना पाकर रामपुरा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई व शव को कब्जे में ले पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सरकार पर बरसे अजय राय: बोले- यदि मंत्री आशीष पटेल का हो रहा शोषण, तत्काल छोड़ देना चाहिए भाजपा का साथ



लखनऊ । राजधानी लखनऊ में शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकार वार्ता की। उन्होंने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि यदि मंत्री आशीष पटेल ने भ्रष्टाचार किया है तो मुख्यमंत्री हिम्मत दिखाते हुए उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। यदि मंत्री सही हैं और सरकार एसटीएफ और सूचना निदेशक मिलकर उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं, तो अनुप्रिया पटेल को अपमान करने वाली सरकार का साथ तत्काल छोड़ देना चाहिए। कांग्रेस पार्टी इसका स्वागत करेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में यह वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। कहा कि यूपी में जब से योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है, तब से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त हो गया है। जनता परेशान है। सरकार में मंत्री आशीष पटेल की रिश्तेदार और विधायक पल्लवी पटेल खुद उनके ऊपर तथ्यों के साथ दावा करते हुए आरोप लगाया है। यह अपने आप में बड़ा सुबुत है। इस पर सरकार ना तो जांच कराने को तैयार है, ना ही मंत्री को बर्खास्त कर पा रहे हैं। वहीं मंत्री ने सीएम योगी के खास सिपहसालार एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और सूचना निदेशक शिशिर सिंह पर आरोप लगाए हैं। अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार की योजना %जन जीवन मिशन% में भ्रष्टाचार व्याप्त है। कहा कि केंद्र सरकार की यूपी में 31 हजार तीन सौ तीन करोड़ के घोटाले की एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय के लखनऊ खंडपीठ में दायर की गई है। इसमें आरोप है कि इस योजना के तहत नियम कानून को ताक पर रखकर हजारों करोड़ की बंदरबांट हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार धार्मिक मुद्दों को उठाकर सत्ता में आई। अब भाजपा राज में भ्रष्टाचार से धर्म भी अछूता नहीं रहा। राम मंदिर से शुरू हुआ भ्रष्टाचार बनारस काशी कॉरिडोर होते हुए कुंभ मेले में भी पहुंच गया है। यहां पर सारे ठेके गुजरातियों को दिए गए हैं। जो पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जो लोग आजादी के पहले कुंभ का काम करते थे, वह आज पेटी ठेकेदारों के रूप में काम कर रहे हैं। अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार को अब प्रदेश की जनता भली भांति समझ चुकी है। अब वह इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा को वोट की चोट देकर सत्ता से बाहर करेगी।

## चंदौसी में बावड़ी का खोदाई का काम बंद, अंदर से निकाला गया मलबा

**चंदौसी।** चंदौसी में मुस्लिम बहुल मोहल्ला लक्ष्मणगंज में खाली प्लाट में मिली बावड़ी को अस्तित्व में लाने के लिए शुक्रवार को भी खोदाई का कार्य बंद रहा। सिर्फ गलियारों में इकट्ठा मलबा ही हटाया जा सका। कड़ाके की ठंड की वजह से सुबह आठ बजे से दोपहर एक बजे तक ही मलबा हटाने का कार्य किया गया।

वहीं कुआं की ओर जाने वाला गेट टूटा निकलने पर वहां की खोदाई पर एएसआई की टीम ने रोक लगा दी थी। एएसआई टीम के सामने ही कुआं की खोदाई का कार्य किया जाएगा। बावड़ी को अस्तित्व में लाने के लिए 21 दिसंबर को खाली प्लाट में खोदाई का कार्य शुरु किया गया था। अब तक दूसरी मंजिल तक बावड़ी का अस्तित्व सामने आ चुका है। दूसरी मंजिल पूरी तरह से खाली नहीं हुई है। पहली मंजिल पर भी सीढ़ियों के बाहर का लिंटर गिरने से मलबा गलियारे में जमा हो गया है। वहीं दूसरी मंजिल से कुआं की ओर जाने वाला गेट टूटा हुआ निकलने से दो दिन से वहां की खोदाई पर एएसआई ने रोक लगा दी थी। एएसआई टीम का कहना था कि यहां की खोदाई उनके सामने कराई जाएगी। जिसके चलते शनिवार को सुबह आठ बजे नगर पालिका के कर्मचारी मजदूर मौके पर पहुंचे और बावड़ी की ऊपरी मंजिल के गलियारे में जमा मलबा हटाया। दोपहर एक बजे तक ही मलबा हटाने का कार्य हुआ।

# मिल्कीपुर पहुंचे सीएम योगी: उपचुनाव की सरगर्मी के बीच टटोली कार्यकर्ताओं की नब्ज




अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र का सियासी पारा और भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या के मिल्कीपुर में थे। लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद सीएम योगी का मिल्कीपुर का यह पांचवा दौरा था। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कार्यकर्ताओं और ग्राम प्रधानों से सीएम योगी ने बातचीत की और उनके मन को टटोला।

कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान सीएम योगी ने उन्हें जीत का मंत्र भी दिया। सभी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए गए कि वे सभी मतदाताओं के संपर्क में रहें और अपनी योजनाओं का बखान भी करते रहें। माना जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव के साथ मिल्कीपुर के भी उप चुनाव का डंका बज सकता है। सीएम योगी के इस मंथन के बाद भाजपा बहुत जल्द ही मिल्कीपुर से अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है।

कार्यकर्ताओं में उत्साह और जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए सीएम योगी ने अपनी कैबिनेट के सात मंत्रियों के साथ मंथन किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्य प्रताप शाही, मयंकेश्वर शरण सिंह, गिरीश यादव, दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश शर्मा व जेपीएस राठौर सीएम योगी के सिपहसालार के रूप में मौजूद रहे।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि सरकार अपनी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा रही है। वहीं सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बयान कि भाजपा दहशत में है पर मंत्रियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हुए नौ सीटों के चुनाव में सात सीट भाजपा ने जीती है और सपा ने दो तो अब जनता तय करे कि दहशत में कौन है। फिलहाल सीएम योगी कार्यकर्ताओं के संवाद में सियासी पारे को और धार दे गए।

सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा दहशत में है।

# टॉप बैठक में क्यों नाराज हुए चर्चित मंत्री :धार्मिक कार्यक्रम में सत्ताधारी विधायक का अपमान



जयपुर। नेताओं और अफसरों के बीच टकराव नई बात नहीं है, लेकिन यह टकराव मंत्री बनाम अफसर हो जाए तो मामला अलग हो जाता है। सरकार के एक अहम विभाग में अब मंत्री-अफसर का टकराव शुरू हो चुका है। चर्चित महकमे के मंत्री ने विभाग के वरिष्ठ अफसर के खिलाफ लिखित में शिकायत की है। अफसर और मंत्री दोनों ही तेजतर्रार हैं। अब एक म्यान में दो तलवार कैसे हो सकती हैं? अफसर के पास बड़ी जगह काम करने का अनुभव है और उनका मिजाज समझौते वाला नहीं है।

इस कारण से मंत्री और अफसर के बीच कोल्ड वॉर चल रहा है। सत्ता के गलियारों में मंत्री के मुखिया को दो बार लेटर लिखकर शिकायत करने की बातें हो रही हैं। अब अगली तबादला लिस्ट का इंतजार है। अफसर अगर महकमे में रहते हैं या बदलते हैं, इससे मंत्री और अफसर का कद तय होगा। एक सीमावर्ती जिले के अफसर की राजधानी के सियासी और प्रशासनिक गलियारों तक चर्चा हो रही है। जनता की सेहत से जुड़े महकमे के अफसर ने कई मंत्रियों की सियासी सेहत बिगाड़ रखी है।

सत्ता वाली पार्टी के जिले के मंत्री और स्थानीय नेताओं ने सरकार बदलते ही इस अफसर को हटाने की मुहिम चलाई। सरकार ने अफसर को हटाया तो कोर्ट से स्टे ले आए। कोर्ट से स्टे लाने में भी अफसर ने कई सत्ताधारी नेताओं का ऐसा इस्तेमाल किया कि उन्हें पता ही नहीं लगा। जिले के मंत्री ने पिछले दिनों हुई बैठक में प्रदेश के मुखिया तक से अपना दुखड़ा रोया। इस अफसर के कारण दो मंत्रियों को सफाई देनी पड़ी, लेकिन अफसर अभी तक अपने पद पर बरकरार हैं। सत्ता वाली पार्टी के कई नेता अब इस बात पर नाराजगी जता रहे हैं कि एक अफसर पूरी सरकार पर कैसे भारी हो सकता है, लेकिन फिलहाल तो यही हो रहा है। पिछले दिनों राजधानी में हुई टॉप बैठक में पिछले राज के दौरान मौजूदा सत्ताधारी पार्टी के नेताओं पर दर्ज मुकदमे अब तक वापस नहीं होने पर एक मंत्री ने जमकर नाराजगी जताई। मंत्री ने खुद का दर्द तो जाहिर किया ही, खुद मंत्रियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे तक वापस नहीं होने का मुद्दा उठाकर हलचल पैदा करने की कोशिश की।

# सुप्रीम-कोर्ट न्यायाधीश ने बंदियों की पैरोल, दिहाड़ी पर उठाए सवाल बीआर गवई बोले- राज्य सरकार इस दिशा में करें सुधार




जयपुर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार को झालाना स्थित आरआईसी में जेल रिफॉर्म पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस बीआर गवई ,सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संदीप मेहता और राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव सहित अन्य न्यायाधीश भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस बीआर गवई ने रालसा की ओर से न्याय सो साथी पाक्षिक पत्रिका और डायरी का विमोचन किया । साथ ही रालसा की डायरी का भी किया गया विमोचन। रालसा की ओर से दिव्यांग बच्चों के लिए भी उडान स्कॉलरशिप की भी शुरुआत की गई। इस स्कॉलरशिप में 100 दिव्यांग बच्चों को 2500 रूपए प्रतिमाह दो वर्ष तक दिए जाएंगे।

कार्यक्रम में राजस्थान हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस जसराज चोपड़ा को भी रालसा को एक करोड़ रूपए देने के लिए सम्मानित किया गया । सेमिनार को संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता ने बंदियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए खुले बंदीगृह की परिकल्पना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खुले बंदीगृह में अन्य बंदी गृहों से अधिक खर्च होता है और संसाधनों की जरूरत पड़ती है । लेकिन राजस्थान में बनाया गया खुला बंदीगृह देश के लिए नजीर है।

बंदियों को समाज की मुख्य धारा में लाने और उनके पुनर्वास के लिए सरकार को खुले बंदी गृहों की संख्या को बढ़ाना चाहिए। खुले बंदीगृह में बंदी अपने परिवार के बीच रहता है और रोजाना मेहनत कर अपना गुजारा करता है। उन्होंने कहा कि देश में जेलों में बढ़ती बंदियों की संख्या को देखते हुए अदालतों को कई बार गंभीर प्रकृति के अपराधों में लिप्त व्यक्ति को भी जमानत देनी पड़ती है। ऐसे में खुला बंदीगृह एक विकल्प है। जेल में बंद बंदियों की पैरोल, दिहाड़ी सहित अन्य मामलों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस दिशा में सुधार करना चाहिए ।

# उत्कर्ष कोचिंग मालिक के घर से मिला साढ़े चार-किलो सोना:करोड़ों रुपए एनजीओ को दिए

**जोधपुर।** राजस्थान की उत्कर्ष कोचिंग पर तीसरे दिन शनिवार (4 जनवरी) को भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी रही। जोधपुर में तीसरे दिन चली कार्रवाई में करोड़ों रुपए के इन्वेस्टमेंट की जानकारी सामने आई है।

दरअसल, आयकर विभाग की टीम को उत्कर्ष कोचिंग और फिजिक्स वाला के बीच हुई 800 करोड़ की डील में टैक्स चोरी का पता चला था। इसके बाद से टीम लगातार उत्कर्ष कोचिंग से जुड़े ठिकानों पर सर्च कर रही है।

शनिवार को भी सर्च के दौरान डील से जुड़े डॉक्युमेंट और एनजीओ को करोड़ों रुपए की फंडिंग से जुड़ी जानकारी मिली है। वहीं टीम को उत्कर्ष कोचिंग संचाालक के मालिक निर्मल गहलोत के घर पर तलाशी के दौरान करीब साढ़े चार किलो सोने की ज्वेलरी और 15 लाख रुपए कैश मिले हैं। सूत्रों के अनुसार तीसरे दिन चली कार्रवाई में करोड़ों रुपए के ट्रांजैक्शन की भी जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि उत्कर्ष कोचिंग समूह की ओर से करोड़ों रुपए की फंडिंग एनजीओ को की गई। एनजीओ को बार-बार फंडिंग कर यह पैसा प्रॉपर्टी में भी निवेश किया गया।

वहीं इस रेड के दौरान कब्जे में लिए इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, कम्प्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल समेत अन्य क्लोनिंग डिवाइस के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आयकर विभाग के अधिकारियों की मानें तो टीम समूह के डेटा सर्वर तक पहुंच गई है, लेकिन बड़ी संख्या में टैक्स चोरी के फैक्ट को निकालना मुश्किल है इसलिए तीसरे दिन भी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी के साथ ही आयकर विभाग की टीम को समूह के निदेशक के घर व मुख्यालय में दस्तावेज भी मिले हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें उत्कर्ष क्लासेज एंड एज्यूटेक प्राइवेट लिमिटेड और फिजिक्सवाला समूह के बीच हुई डील से जुड़े डॉक्युमेंट है। हालांकि, अब तक यह खुलासा नहीं हो पाया कि हकीकत में कितने प्रतिशत शेयर बेचे गए और इनके बदले में ऑन रिकॉर्ड के अलावा ऑफ रिकॉर्ड में भी कोई लेनदेन हुआ या नहीं और यदि हुआ है तो कितना व कैसे?

# शिवपुरी टैक्स प्रोफेशनल बार एसोसिएशन का एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमीनार आज

## ज्ञानोदय थीम पर आयोजित सेमीनार में प्रदेश भर के टैक्स प्रोफेशनल, कर अधिवक्ता,सी. ए. एवं कर सलाहकर बंधु होंगें शामिल

### सेमीनार के माध्यम से ज्ञानवर्धन कर टैक्स कानूनो में हो रहे बदलावो के बारे में जानेंगे

**शिवपुरी**-जिला मुख्यालय शिवपुरी में पहली बार शिवपुरी टैक्स प्रोफेशनल बार एसोसिएशन के द्वारा एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमीनार (कार्यशाला) ऑन डायरेक्ट एण्ड इनडायरेक्ट टैक्स का आयोजन आज रविवार 5 जनवरी को किया जा रहा है। स्थानीय नक्षत्र गार्डन में ज्ञानोदय टैक्स सेमिनार की शुरूआत प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर सायं 5 बजे तक चलेगा, जिसमें प्रदेश एवं देश भर से टैक्स प्रोफेशनलस भाग लेंगे, जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

शिवपुरी टैक्स प्रोफेशनल बार एसोसिएशन के नव नियुक्त अध्यक्ष पारस जैन व सचिव एड.सौरभ मित्तल ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला मुख्यालय शिवपुरी पर यह पहला अवसर होगा जब ज्ञानोदय टैक्स सेमिनार एआईएफटीपी, एमपीटीएलबीए एवं टैक्स प्रोफेशनल बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय सेमीनार(कार्यशाला) ऑन डायरेक्ट एण्ड इनडायरेक्ट टैक्स का आयोजन आज 5 जनवरी रविवार को नक्षत्र गार्डन परिसर में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स के चेयरमैन एड.विजय कुमार नवलखा, सचिव सीए अभिषेक शर्मा जयपुर , मध्यप्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. ए. के.लखौटिया, कॉर्डिनेटर एड. अनिल अग्रवाल, सचिव एड. मनीष त्रिपाठी का मार्गदर्शन शिवपुरी टैक्स प्रोफेशनल बार एसोसिएशन के इस आयोजन में प्राप्त होगा। इसके अलावा मुख्य वक्ताओं में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एमीनेंट स्पीकर्स सीए सुनील पी.जैन इंदौर, ऐमीनेंट स्पीकर सीए राजेश मेहता इंदौर एवं एमीनेंट स्पीकर सीनियर टैक्स कंसलटेंट अमीत दवे इंदौर विशेष रूप पधारे हुए सभी टैक्स प्रोफेशनल का कानून के बारे में बारीकी से जानकारी देकर टैक्स प्रोफेशनल का ज्ञानवर्धन एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करेंगें।

*सेमीनार के भव्य आयोजन को लेकर यह निभा रहे जिम्मेदारियां*

ज्ञानोदय सेमीनार के इस भव्य आयोजन को पूर्णता प्रदान करने के लिए शिवपुरी टैक्स प्रोफेशनल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्यगण अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। जिसमें अध्यक्ष एड.पारस जैन, सचिव एड.सौरभ मित्तल, कॉन्फ्रेंस चैयरमेन एड. पवन जैन कॉन्फ्रेंस को-चैयरमेन एड. एच.नेवास्कर, उपाध्यक्ष एड.पीयूष जैन एवं कोषाध्यक्ष एड. आयुष अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी व एड राजेंद्र अग्रवाल, एड के. सी. जैन, एड. पी. सी. जैन, एड. महेश गुप्ता मनोज गुप्ता, विशाल अग्रवाल,अंकित जैन, दिलीप श्रीवास्तव, पियूष पी सी जैन, छाया बंसल एवं ज्ञानोदय टीम के सभी सदस्यगण पूर्ण तन्मयता के साथ कार्यक्रम की तैयारी करने में लगे रहे।



# 28वां जिला स्तरीय युवा उत्सव संपन्न

**शिवपुरी**/ संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार वर्ष 2024 का 28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जी की मंशानुसार पंच-प्राण और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उददेश्य से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन गतदिवस श्रीमंत माधवराव सिंधिया, जिला खेल परिसर में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री कौरव उपस्थित हुये। साथ ही प्रदर्शन कर रहे प्रतिभागियों को अच्छा प्रदर्शन करने हेतु शुभ कामनायें दी। जिसमें निम्नानुसार विधाओं में प्रतिभागियों ने प्रदर्शन कर जिला स्तर से संभाग स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता हेतु चयन हुये कार्यकम उपरांत जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी द्वारा निर्णायकों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया।

प्रतिभागियों द्वारा संभाग स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अमन धाकड़ एवं नमन विचपुरिया ने विज्ञान मेला में प्रथम एवं द्वितीय स्थान किया है, साथ ही लोक गायन में हैप्पीडेज स्कुल द्वितीय स्थान, लोकनृत्य में हैप्पीडेज स्कुल का तृतिय स्थान, भाषण में जतिन शर्मा का तृतिय स्थान, कहानी लेखन में कु चंचल गुप्ता का तृतिय स्थान और अनस उल खान का पेंटिंग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें अमन धाकड़ एवं नमन विचपुरिया जो की इंजिनियरिंग कॉलेज सतनवाड़ा के छात्र है वे विज्ञान मेला में राज्य स्तर के लिए शिवपुरी का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनके द्वारा 6 जनवरी को होने वाले राज्य स्तरीय युवा उत्सव भोपाल में अपनी विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन करेंगे।

# मां पीताम्बरा के श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ हेतु निःशुल्क सेवा की प्रारंभ

## *सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना, कहा धार्मिक स्थल दर्शन कराना परमार्थ सेवा के समान

शिवपुरी- नव वर्ष 2025 के भव्य शुभारंभ होने के साथ ही प्रति शनिवार को दतिया में होने वाले माँ पीताम्बरा-माँ धूमावती के दर्शन हेतु एक अभिनव पहल शुरू की गई है। जिसमें दतिया स्थित धार्मिक आस्था का केन्द्र श्री पीताम्बरा पीठ दर्शन हेतु अंचल शिवपुरी के सेवाभावियों-धर्मप्रेमीजनों के द्वारा माँ पीताम्बरा भक्त मण्डल शिवपुरी के माध्यम से माँ पीताम्बरा दर्शनार्थ हेतु निःशुल्क आवागमन हेतु श्रीसिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण से बस सेवा प्रारंभ की गई है। प्रथम यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं को उनकी मंगलमय यात्रा के लिए सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता एवं नपा नेता प्रतिपक्ष श्रीमती शशि शर्मा, चौरासी क्षेत्रीय गहोई सभा से शिवशंकर गुप्ता सेठ के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।




इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने इस अभिनव पहल को सराहते हुए कहा कि निश्चित ही धर्म के प्रति लोगों में सेवाभाव बढ़ा है और आज इसका प्रमाण यह है कि प्रति शनिवार को दतिया स्थित माँ पीताम्बरा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं के लिए माँ पीताम्बरा भक्त मण्डल शिवपुर के तत्वाधान में निःशुल्क बस सेवा प्रारंभ की गई है इससे अनेकों लोगों को लाभ मिलेगा जो अपनी धार्मिक भावनाऐं दतिया से जोड़कर रखते है जिन्हें आने-जाने के लिए वाहन संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ता है ऐसे श्रद्धालुओं के लिए यह निःशुल्क बस सेवा परमार्थ की सेवा करने के समान है। इस अवसर पर प्रथम दिवस की यात्रा की अगुवाई समाजसेवी व गहोई समाज समिति अध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता सेठ के द्वारा की गई जिनके साथ मिलकर माँ पीताम्बरा पीठ के सेवाभावी राहुल गुप्ता, अमन गुप्ता, दीपक पाराश, ऋषभ गुप्ता, मनोज बड़ेरिया, मदन बड़कुल, राजकुमार माथुर, पंकज शर्मा सहित अन्य श्रद्धालुजन शामिल रहे। इस अवसर पर प्रति शनिवार को माँ पीताम्बरा पीठ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा का लाभ लेने के लिए जानकारी देते हुए राजेन्द्र गुप्ता सेठ ने बताया कि निःशुल्क बस सेवा के माध्यम से दतिया स्थित माँ पीताम्बरा पीठ के दर्शन हेतु श्रद्धालुजन प्रति शुक्रवार को ही अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय शंकर कॉलोनी पार्क के सामने से अपने टोकन दोप.12 से सायं 5 बजे तक प्राप्त कर सकेंगें और प्रति शनिवार को 52 सीटर बस में सवार होकर माई के दर्शन कर सकेंगें। यह बस प्रति शनिवार को दोप.2:30 बजे श्रीसिद्धेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर दतिया पहुंचेगी और दतिया से मंदिर दर्शन उपरांत सायं 7 बजे शिवपुरी के लिए रवाना होगी।

# गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना में आवेदन प्रारंभ

शिवपुरी/ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित गाँव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के ऑनलाईन नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन सुविधा प्रारंभ कर दी गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग से संबद्ध समस्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत शैक्षणिक-सत्र 2024-25 में प्रवेशित समस्त पात्र छात्राएं गांव की बेटी योजना एवं प्रतिभा किरण योजना के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। छात्राएं पोर्टल https://hescholarship.mp.gov.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगी। समस्त विश्वविद्यालय के कुलसचिवों एवं शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यों को सत्र 2024-25 में प्रवेशित छात्राओं के आवेदन सुनिश्चित कराने के लिए भी निर्देश जारी किये गये है।

## मंदिर और कुएं पर कब्जे को लेकर विवाद

# गांव के दो पक्ष आए आमने-सामने, चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**शिवपुरी।** शिवपुरी में शुक्रवार को मंदिर तोड़ने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। एक पक्ष ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, दूसरे पक्ष ने मारपीट की लिखित शिकायत की है।

मामला जिले के सिंहनिवास गांव का है। यहां शुक्रवार को मंदिर तोड़ने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसके बाद दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। एक पक्ष के शिकायतकर्ता दिनेश जाटव ने बताया कि गांव के जाटव मोहल्ले में प्राचीन कबीर दास और माता मंदिर है और एक सरकारी कुंआ है। गांव के रहने वाले प्रह्लाद



जाटव और उसके दो बेटे संजय और वीरू ने कोरोना काल में जमीन का सीमांकन करा लिया था। उस समय इस मामले पर कोई बात नहीं हुई थी, लेकिन दस दिन पहले प्रह्लाद, उसके दोनों बेटों और राजेंद्र जाटव ने मंदिर को तोड़ना शुरू कर दिया और सरकारी कुएं के रास्ते पर भी निर्माण कार्य शुरू कर दिया।

इसके बाद जाटव समाज के लोगों ने उनको समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कहा कि ये पट्टे की जमीन है। ग्रामीणों ने पिछले मंगलवार को इसकी शिकायत जनसनवाई में कलेक्टर से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।दिनेश ने बताया कि शुक्रवार को उन्होंने मंदिर तोड़ने और रास्ते पर कब्जा करने का विरोध किया था। इसके बाद प्रह्लाद, उसके दोनों बेटे और राजेंद्र ने झगड़ा शुरू कर दिया और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने कोतवाली में ग्रामीणों के खिलाफ मारपीट की झूठी शिकायत भी दर्ज करा दी, जबकि चारों मंदिर और सरकारी रास्ते पर कब्जा कर रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने दिनेश की शिकायत पर प्रह्लाद सहित चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# इंजीनियर को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

**शिवपुरी।** डेनिडा परियोजना के साथ शासकीय सेवा का काम शुरू करने वाले इंजीनियर सतीश पंचरत्न एसडीओ पद से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए पीएचई ईईई ने कहा कि अच्छे अधिकारियों की सेवा निवृत्ति के बाद भी विभाग को याद बनी रहती है। क्योंकि उनके द्वारा किए गए काम से विभाग कई सफलताएं हासिल करता है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र जैन गोटू ने कहा कि हम जब जिला पंचायत अध्यक्ष रहे उस दौरान विभागीय योजनाओं को वस्त्र ढंग से इन्होंने संचालित किया। वह हम सबके लिए यादगार हैं। जैन मिलन अध्यक्ष मनोज आमोल ने कहा कि हमारी संपूर्ण संस्था के सेवा कार्यों के लिए अब उनका और अधिक समय मिल सकेगा। वहीं, होलसेल एजेंसी संगठन के प्रमुख अल्पेश जैन ने कहा कि जीवन में सरलता और काम को समय पर पूर्ण करने की कला को हमने उनसे सीखा है।

इस अवसर पर आलोक शुक्ला,

# विवाहिता की संदिग्ध मौत:फांसी के फंदे पर लटका मिला शव; परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के भौंती थाना क्षेत्र के दुल्हई गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव शुक्रवार को ससुराल में फांसी के फंदे पर लटकता मिला था। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। इसकी शिकायत एसपी ऑफिस पहुंचकर दर्ज कराई है।

**दो साल पहले हुई शादी :** महिला के पिता राजकुमार कोली ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रितिका कोली (22) की शादी दो साल पहले भौंती निवासी जयंत कोली के साथ की थी। शादी के कुछ महीनों बाद से ही रितिका को दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। इसके बाद करीब छह महीने पहले उन्होंने अपनी बेटी की प्रताड़ना को लेकर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई थी। इसके



बाद भी ससुराल वालों का रवैया नहीं बदला।

परिजनों के अनुसार, शुक्रवार को रितिका के ससुराल वाले उसे अपने साथ ले गए। उसी दिन दोपहर करीब 12 बजे उसका शव ससुराल के घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या दहेज के लिए की गई है। उन्होंने ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग एसपी से की है।

मामले में भौंती पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा।

# लायंस साउथ ने डायरेक्टरी का किया विमोचन

**शिवपुरी7** लायंस क्लब ऑफ शिवपुरी साउथ द्वारा कार्निवल थीम पर नव वर्ष 2025 का स्वागत किया गया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से एक डायरेक्टरी का भी विमोचन किया। लायंस क्लब ऑफ शिवपुरी साउथ अध्यक्ष सौरभ सांखला, सचिव कृष्णमोहन अग्रवाल (बंटी) व कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि कार्निवाल थीम पार्टी के रूप में नव वर्ष 2025 का स्वागत कियाद्य जिसमें लायन सुनील जैन, रवि



पोद्दार, जितेन्द्र राणा, संयोजक रुचि-रीतेश सांखला बबीता अग्रवाल, ऊषा-सतीश मंगल, प्रियंका-मयंक भार्गव, सोनाली सांखला, नीतू-प्रवीण गुप्ता रहे। जिनके द्वारा एकत्रित होकर कार्निवाल थीम पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ नव वर्ष 2025 का स्वागत किया गया। इस दौरान गीत-संगीत और अनेकों प्रतियोगिताओं के साथ विभिन्न आयोजन हुए। क्लब अध्यक्ष सौरभ सांखला सहित उनकी पीएसटीम के कार्यों को सराहा और प्रशंसा की।

# समझौता राशि जमा नहीं करने वाले बिजली उपभोक्ताओं पर होगी कार्यवाही

शिवपुरी/ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में सतर्कता एवं अन्य जॉंच दलों द्वारा विद्युत चोरी एवं अनधिकृत विद्युत उपयोग करने के मामलों में दर्ज विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के समस्त ऐसे प्रकरणों जिनमें विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा शत-प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि मय समझौता राशि के जमा नहीं की जा रही है, उन प्रकरणों को विशेष न्यायालय में दर्ज कराये जाने की कार्यवाही की जाएगी। इससे संबंधित विशेष न्यायालयों में दर्ज करने पर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत संबंधित व्यक्ति / उपभोक्ता के विरूद्ध नियमानुसार न्यायालयीन कार्यवाही की जा सकेगी।

कंपनी ने ऐसे सभी उपभोक्ताओं, जिनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं 138 के अंतर्गत अनधिकृत विद्युत उपयोग अथवा विद्युत चोरी के मामले दर्ज हैं, से अपील की है कि वे जल्द से जल्द नियमानुसार निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि मय समझौता राशि कंपनी के खाते में जमा करायें और होने वाली कार्यवाही से बचें।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाइन में सुनी नागरिकों की समस्याएँ, निराकृत हुए लंबित प्रकरण

## 3 अधिकारी-कर्मचारी निलंबित, एक की सेवा समाप्त, 2 की रूकी वेतन वृद्धि

**श्योपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नागरिकों की समस्याएं लंबे समय तक लंबित रखने वाले दोषी अधिकारी-कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। आमजन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। राजस्व, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य योजनाओं की स्वीकृति और योजनाओं की राशि वितरण संबंधी कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरणों में समाधान करवाया। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीएम हेल्पलाइन में उल्लेखित शिकायतों के निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। इन जिलों में सागर, कटनी, सिंगरौली, विदिशा और सीहोर जिलों के अधिकारियों करें बधाई मिली। श्रेष्ठ कार्य करने वाले और उच्च प्रदर्शन वाले विभागों में ऊर्जा, नगरीय विकास, महिला एवं बाल विकास, पंचायत ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंबित प्रकरण का तत्काल निराकरण करें। जन-कल्याण के कार्य को गति देने के लिए अभियान चल रहा है। आगामी 26 जनवरी तक घर-घर जाकर नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का अभियान गत 11 दिसंबर से संचालित है। जन-कल्याण अभियान की गतिविधियां 22 जनवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजस्व संबंधी कार्य पूरी प्रक्रिया के साथ पूर्ण हों। उदाहरण के लिए बंटवारा आदेश ही पर्याप्त नहीं है, उसे नक्शे में दर्शाना भी आवश्यक है। नामांतरण और सीमांकन के कार्यों में भी पूर्ण प्रक्रिया कर कार्य किए जाएं।

उच्च शिक्षा विभाग का एक अधिकारी निलंबित, एक की सेवा समाप्त समाधान ऑनलाइन में बैतूल जिले श्री चन्द्र प्रकाश धोटे के प्रकरण बंटवारे के आवेदन का समाधान भी हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसे लंबित प्रकरण



अभियान के अंतर्गत निराकृत करने के निर्देश दिए। सागर की छात्रा सुश्री खुशबू गुर्जर द्वारा निरूशुल्क सायकिल मिलने में हुए विलंब की जानकारी समाधान ऑनलाइन में आते ही छात्रा को सायकिल मिल गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी जिलों में सायकिल वितरण के लंबित प्रकरण हल करने के निर्देश दिए। रीवा जिले की छात्रा सुश्री शीतल तिवारी को गाँव की बेटी योजना में मिलने वाली राशि का भुगतान भी समाधान ऑनलाइन के माध्यम से किया गया। इस प्रकरण में उच्च शिक्षा विभाग के एक अधिकारी को निलंबित करने और एक अधिकारी की सेवा समाप्ति का निर्णय लिया गया।

भोपाल के श्री अनिल मालवीय के अपने निवास के निकट नालियों के फर्शीविहीन होने की शिकायत पर नगर निगम के दोषी कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना जिले के श्री समंदर सिंह द्वारा परिजन की सर्पदंश से मृत्यु पर राहत राशि प्राप्त न होने की शिकायत कर पटवारी के निलंबन और संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम का उपयोग कर समय पर कार्य पूरे करवाए जाएं। दतिया जिले के श्री ऋषि पुरोहित ने अपनी भूमि किसी अन्य व्यक्ति को आवंटन होने और करीब सवा साल तक कार्यवाही न करने की शिकायत की थी। इस मामले में दोषी पटवारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। गुना जिले के श्री हेमंत जायसवाल द्वारा आहार अनुदान की राशि प्राप्त न होने से जिला एवं राज्य स्तर पर पोर्टल में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना जिले के श्री आरिफ अहमद को संबल योजना में अनुग्रह सहायता दिलवाने और अलीराजपुर के श्री माधव सिंह तोमर को पशु बीमा योजना के अंतर्गत राशि के भुगतान के निर्देश दिए गए। पशुपालक श्री तोमर को राशि दिलवाने में विलंब होने पर दोषी पशु चिकित्सक की वेतन वृद्धि रोकी गई है।

सिंगरौली के श्री रमेश कुमार वर्मा द्वारा अपनी भूमि पर कब्जा नहीं दिलवाने के प्रकरण में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के दोषी कर्मचारी की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए । झाबुआ जिले के श्री विजय सिंह चौहान के प्रकरण में विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने में किए गए विलंब पर संबंधित दोषी कर्मी के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर को दिए गए।

# ठेला व्यापारियों की एकजुटता लाई रंग, बैकफुट पर प्रशासन

**मुरैना।** मुरैना शहर के बाजारों में लगने वाले ठेला संचालकों की जीत हुई है। लगातार एक सप्ताह तक भीम आर्मी के नेतृत्व में चले आंदोलन के बाद उन्हें राहत मिली। प्रशासन ने ठेला व्यापारियों को फिरसे उसी जगह पर अपने ठेले लगाने की परमिशन दे दी है जहां वे अब तक लगाते आए हैं। बता दें कि इस मामले की शुरुआत तब हुई जब, मुरैना शहर के व्यापारियों ने नगर निगम एवं जिला प्रशासन पर दबाव बनाया कि ठेले वालों को हटाया जाए। इसके बाद जिला एवं निगम प्रशासन ने बैरियर चौराहे पर



स्टेडियम के सामने उन्हें शिफ्ट करने की योजना बनाई। इसके साथ ही स्टेशन के पास एक खाली जगह पर शराब की कलारी के बगल से उन्हें शिफ्ट करने की पूरी तैयारी कर ली। ठेला व्यापारियों को जब इस बात का पता लगा कि उन्हें यहां से हटाना पड़ेगा तो वह एकजुट हो गए और भीम आर्मी के बैनर तले हनुमान चौराहे पर धरने पर बैठ गए।

हनुमान चौराहे पर एक तरफ शहर के व्यापारी अपनी दुकानों को बंद कर धरने पर बैठे थे। दूसरी तरफ उनसे दो कदम की दूरी पर भीम आर्मी के नेतृत्व में ठेला व्यापारी धरने पर बैठे थे। व्यापारियों का धरना दो दिन बाद समाप्त हो गया लेकिन ठेले वालों का धरना समाप्त नहीं हुआ और भीम आर्मी के बैनर तले वह लगातार धरने पर बैठे रहे। आखिर में जिला एवं निगम प्रशासन को उनकी मांगों के आगे झुकना पड़ा और उन्हें दोबारा उसी जगह पर ठेले लगाने की अनुमति देनी पड़ी। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे ने कहा कि ठेला व्यापारियों के लिए हॉकर्स जोन की व्यवस्था की जा रही है। उन्हें वहां पर ठेले नहीं लगाने दिए जाएंगे। जब तक व्यवस्था नहीं हो जाती है तब तक उन्हें ठेले लगाने की अनुमति दी गई है।

# मुरैना में अभी 2 दिन और पड़ेगा घना कोहरा सब्जियों की फसल के लिए लाभदायक साबित होगा

**मुरैना।** मुरैना में कोहरे का कहर लगातार जारी है। पिछले तीन दिनों से लगातार कोहरा पड़ रहा है। शनिवार को भी सुबह कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी 2 दिन और कोहरा पड़ेगा। इसके बाद तापमान में गिरावट आना शुरू हो जाएगी। बता दें कि, मुरैना जिले में ठंड अपने तेवर दिखा रही है। यहां सुबह शाम कोहरा पड़ता है, दोपहर में हल्की सी धूप निकल आती है। कोहरे के कारण लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। खासकर राहगीरों और वाहन चालकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की माने तो अभी 2 दिन तक यह स्थिति बनी रहेगी। दो दिन बाद जब बर्फीली हवा चलने लगेगी तो कोहरा छटेगा और तापमान में गिरावट आएगी।



कृषि वैज्ञानिकों की माने तो कोहरा गेहूं और सरसों की फसल के लिए तो लाभदायक है ही साथ में सब्जियों की फसल के लिए भी बहुत लाभदायक है। अगर कोहरा पड़ता रहा तो अनाज और सब्जियों की पैदावार अच्छी होगी। अगर बर्फीली हवाएं चलने लगी तो पाला पड़ने की संभावना बढ़ सकती है। फिलहाल ऐसी कोई संभावना नहीं है। मौसम विभाग की माने तो दिन का अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं खेतों में सरसों की फसल पर फूल आ गए हैं। फसल लहलहा रही है। फसल की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव आज मुरैना आएंगे, चंबल घड़ियाल सेंचुरी देखेंगे



**मुरैना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (शनिवार) शाम 4 बजे मुरैना आएंगे। वे यहां पर चंबल घड़ियाल सेंचुरी जाएंगे। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने मुख्यमंत्री के भ्रमण की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला पंचायत सीईओ को सौंपी है। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक को तैनाती, यातायात संचालन, ट्रेफिक प्लान और पार्किंग व्यवस्था को संभालने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान हेलीपेड की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए अपर जिला दंडाधिकारी को नियुक्त किया गया है।

# देश के 80 प्रतिशत से अधिक घड़ियालों का घर है चंबल नदी

**श्योपुर।** वन्य जीवन से समृद्ध मध्यप्रदेश बाघ प्रदेश, चीता प्रदेश, तेंदुआ प्रदेश के साथ अब घड़ियाल प्रदेश भी है। यहाँ गिद्धों का आदर्श रहवास है। देश में घड़ियालों की संख्या 3044 है और उसमें से मध्यप्रदेश में 2456 है। इस प्रकार देश में 80 प्रतिशत से अधिक घड़ियालों का घर है मध्यप्रदेश। यहाँ पर डॉल्फिन का भी रहवास है। मध्यप्रदेश में अथक प्रयासों से घड़ियालों के संरक्षण का कार्य किया गया। उनके प्राकृतिक रहवास को सुरक्षित बनाया गया और अवैध शिकार पर रोक लगायी गयी। साथ ही अवैज्ञानिक मछली पकड़ने के तौर-तरीकों को बंद किया गया। चंबल नदी के 435 किलोमीटर क्षेत्र को चंबल घड़ियाल अभयारण्य घोषित किया गया है। चंबल नदी मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की सीमा पर बहती है। नदी में घड़ियालों की वृद्धि की वजह देवरी ईको सेंटर है। इस सेंटर में घड़ियाल के अण्डे




लाये जाते हैं और उनसे बच्चे निकलने के बाद उनका पालन किया जाता है। बच्चों की आयु 3 साल होने पर उन्हें नदी में छोड़ दिया जाता है। प्रतिवर्ष 200 घड़ियाल को ग्रो-एण्ड-रिलीज कार्यक्रम के तहत नदी में छोड़ा जाता है। स्वच्छ नदियों में रहना और नदियों को स्वच्छ रखना घड़ियालों की विशेषता है। इसी वजह से कई राज्यों से इसकी माँग की जाती है। चंबल नदी के घड़ियाल प्रदेश एवं देश की नदियों की शान बढ़ा रहे हैं। जलीय जीव घड़ियाल नदियों का ईको सिस्टम मजबूत करते हैं।देश में वर्ष 1950 और 1960 के दशक के बीच घड़ियालों की आबादी में 80 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आयी। भारत सरकार ने 1970 के दशक में इसे संरक्षण प्रदान किया। संरक्षण समूहों ने प्रजनन और पुनरू प्रवेश कार्यक्रम शुरू किये। हालांकि, वर्ष 1997 और वर्ष 2006 के बीच घड़ियालों की आबादी में गिरावट आयी।

घड़ियाल को गेवियलिस गैंगेटिकस, जिसे गेवियल या मछली खाने वाला मगरमच्छ भी कहा जाता है। वयस्क मादा घड़ियाल 2.6 से 4.5 मीटर (8 फीट 6 इंच से 14 फीट 6 इंच) लम्बी होती है और नर घड़ियाल 3 से 6 मीटर (9 फीट 10 इंच से 19 फीट 8 इंच) लम्बे होते हैं। वयस्क नर के थूथन के अंत में एक अलग सिरा होता है, जो घड़ा नामक मिट्टी के बर्तन जैसा दिखता है, इसलिये इसका नाम घड़ियाल पड़ा। घड़ियाल अपने लम्बी, संकरी थूथन और 110 आपस में जुड़े तीखे दाँतों की वजह से मछली पकड़ने में सहायक होते हैं।

राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य की स्थापना के लिये 30 सितम्बर, 1978 में भारत सरकार की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। घड़ियालों का कुनबा बढ़ाने के लिये मुरैना में चंबल घड़ियाल सेंक्चुरी के देवरी घड़ियाल सेंटर में हेचिंग सेंटर शुरू किये जायेंगे।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव का मुरैना कार्यक्रम रद्द चंबल सेंचुरी के अवलोकन के लिए आ रहे थे

**मुरैना।** मुख्यमंत्री मोहन यादव आज शनिवार को मुरैना नहीं आ रहे हैं। उनका मुरैना आने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। सीएम यहां चंबल सेंचुरी का अवलोकन करने के लिए आ रहे थे। उनके साथ अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी आने वाले थे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली थी। इसके साथ ही उनके द्वारा कुछ घड़ियालों को भी चंबल नदी में छोड़े जाने की योजना थी। कलेक्टर अंकित अस्थाना ने ष्टरूके भ्रमण की संपूर्ण जिम्मेदारी जिला पंचायत सीईओ को सौंपी थी। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक को तैनाती, यातायात



संचालन, ट्रेफिक प्लान और पार्किंग व्यवस्था को संभालने के निर्देश दिए गए थे। कार्यक्रम के दौरान हेलीपैड की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के लिए अपर जिला दंडाधिकारी को नियुक्त किया गया था। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए कलेक्टर अंकित अस्थाना ने जिले के सभी अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी थी। कार्यक्रम रद्द होने के बाद अब अधिकारी इन जिम्मेदारियां से मुक्त रहेंगे।

# श्योपुर में घने कोहरे के चलते बढ़ी ठंड विजिबिलिटी कम होने से गाड़ियों की रफ्तार हुई कम



**श्योपुर।** श्योपुर में शनिवार को घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम हो गई। इस कारण सुबह 10 बजे तक वाहन चालक अपनी गाड़ियों की लाइट ऑन करके बेहद धीमी रफ्तार में चलते नजर आए। ठंड का असर काफी बढ़ गया है और गलन इतनी तेज है कि गर्म कपड़े भी राहत नहीं पहुंचा पा रहे हैं। ऐसे में अलाव ही लोगों का एकमात्र सहारा बने हुए हैं। शनिवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह 11 बजे के बाद सूर्य की किरणें कोहरे को चीरते हुए निकलीं, जिससे लोगों को हल्की राहत महसूस हुई। हालांकि, कोहरे से पूरी तरह राहत नहीं मिल पाई। पिछले चार-पांच दिनों से शाम होते ही कोहरे का असर बढ़ जाता है। रात के समय विजिबिलिटी बहुत कम हो जाने के कारण वाहन चालकों को गाड़ियां चलाने में काफी परेशानी होती है। सुबह 10.30 बजे तक कोहरे का असर अधिक रहता है, जिससे सड़क हादसों का खतरा बना रहता है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना अंतर्गत जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित

## नवजात बालिकाओं को दिये उपहार

**श्योपुर।** कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना अंतर्गत श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम राडेप में जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर नवजात बालिकाओं को मेडिकल किट, बेबी किट, मच्छरदानी प्रदान की गई। बेबी किट में बच्चों के लिए डायपर, बेबी सोप, ऑयल, पावडर आदि शामिल है। ग्राम पंचायत भवन राडेप में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट, सहायक संचालक महिला बाल विकास श्री रिशु सुमन, सीईओ जनपद श्री एसएस भटनागर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा



आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं बालिकाओं के माता-पिता उपस्थित थे। इस अवसर पर नवजात बालिका कृतिका आदिवासी, हिमाशी आदिवासी, संस्कृति जाट, पारूल जाट, मिस्टी जाट एवं पूर्वी जाट को मेडिकल किट प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री नीरज जाट ने नवजात बालिकाओं के माता-पिता को शुभकामनाएं प्रदान की तथा कार्यक्रम में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि लिंगानुपात में सुधार के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान चलाया जा रहा है, इसके साथ ही मध्यप्रदेश शासन द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना भी संचालित है। जिसके चलते समाज में जागरूकता देखने को मिल रही है और बेटा-बेटी में भेदभाव नही करने की समझ आम परिवारो में विकसित हो रही है। उन्होने कहा कि बेटियां भी बेटो के बराबर ही होती है, इन्हें खूब पढाये लिखाये तथा बेटी के जन्म पर खुशियां मनाये।

### विजन डाक्यूमेंट 2047 पर कॉलेज में बैठक आयोजित

**श्योपुर।** शासकीय पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा की अध्यक्षता में विजन 2047 विकसित मध्यप्रदेश के संदर्भ में सुझाव आधारित मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री लालजीराम मीणा, डीपीसी डॉ पीएस गोयल, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रतिनिधि श्री सुशील कुमार दुबे, आईटीआई प्राचार्य श्री राजेश कुमार तथा जन भागीदारी समिति सदस्य श्री दिनेश दुबोलिया उपस्थित हुए।

# वर्तमान में प्रदेश की कुल रिकार्ड विद्युत उत्पादन क्षमता के साथ आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

**श्योपुर।** प्रदेश हर बिजली उपभोक्ता को सतत एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश पर्याप्त बिजली उपलब्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश की रिकार्ड विद्युत उपलब्ध क्षमता 23 हजार 788 मेगावॉट है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में विभाग लगातार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कर रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि दिसम्बर-2023 से नवंबर-2024 तक कुल 10136 करोड़ यूनिट बिजली दी गई, जो कि विगत वर्ष इस अवधि में प्रदाय की गई बिजली से 1.67 प्रतिशत अधिक है। गत 20 दिसम्बर को इतिहास में आज तक की सर्वाधिक 18913 मेगावॉट बिजली आपूर्ति सफलतापूर्वक की गई। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा ड्रोन की सहायता से लाइनों की पेट्रोलिंग तथा अति उच्च दाव उप केन्द्रों का रिमोट ऑपरेशन किया जा रहा है।

प्रदेश के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रूपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना, टैरिफ सब्सिडी और निरूशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जायेगी। अटल गृह ज्योति योजना में दिसम्बर-23 से नवंबर-24 तक लगभग 5482 करोड़ रूपये की, अटल कृषि योजना में 13042 करोड़ रूपये और निरूशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में 4710 करोड़ रूपये की राहत दी गई है। अटल गृह ज्योति योजना में प्रति माह एक करोड़ से अधिक, अटल कृषि ज्योति योजना में 26 लाख 59 हजार और निरूशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में 9 लाख 3 हजार कृषि उपभोक्ता प्रति माह लाभान्वित हो रहे हैं।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक 28627 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन का नया रिकार्ड बनाया गया है। यह पॉवर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास का सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन है। ताप विद्युत गृहों द्वारा विभिन्न मापदंडों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। ताप विद्युत गृहों का इस दौरान प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 60.3 प्रतिशत रहा, जो वर्ष 2019-20 के पश्चात् सर्वाधिक है। वित्तीय वर्ष 23-24 के दौरान 13 थर्मल इकाइयों ने लगातार 100 दिनों एवं अधिक सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन किया, जिनमें से दो इकाइयों ने 200 दिनों से अधिक समय तक विद्युत उत्पादन किया।

प्रदेश में बिजली अधोसंरचना का लगातार विकास हो रहा है। वर्तमान में 33 के.वी. लाइंस 61 हजार 162 किलोमीटर हो गई है। 33 के.वी. लाइंस वर्ष 2003 में 29 हजार 70 किलोमीटर, वर्ष 2008 में 33 हजार 913 , वर्ष 2011 में 38 हजार 867, वर्ष 2013 में 41 हजार 528, वर्ष 2014 में 43 हजार 910 और वर्ष 2024 में 61 हजार 162 किलोमीटर हो गई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में मार्च 2024 तक 3165 किलोमीटर 11 केव्ही लाइन का विस्तार किया गया है। यह क्रम लगातार जारी है।

# सीबीएम का संजय व अन्य ठेकेदार प्रवीण तिवारी पर मेहरबान, क्या अधिकारियों की है साइलेंट पार्टनरशिप

## प्रदूषण, अवैध खनन, रोजगार सहित अन्य मुद्दों पर दो माह पूर्व आयुक्त से हुई थी शिकायत..

**शहडोल।** जिले को विकास को सपना दिखाकर लालपुर में रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट की स्थापना की गई थी लेकिन यह विकास सर्वांगीण विकास न रहकर अधिकारियों और चाहते ठेकेदारों का निजी विकास बनकर रह गया है,जी हां आयुक्त से हुई शिकायत में यह बताया गया की कंपनी के अधिकारी धनपुरी के भाईजान और संजय द्वारा अपनी कुर्सी का गलत उपयोग करते हुए वह अन्य बड़े अधिकारियों से साठगांठ व साइलेंट पार्टनरशिप करके प्रवीण तिवारी उर्फ राजू को छोटे से लेकर बड़े तमाम निर्माण व जुगाड के काम सौंपे जाते है।

**मोहरा है राजू ठेकदार.. :-**

फर्श से आज तक का सफर बड़े काम समय में तय करने वाला राजू को जेंटलमैन बनाने वाले साहब आखिर है कौन... यह चर्चा जोरों पर है बताया यह जाता है कि मामूली से चालक से सबके दिलों का खास राजू सिर्फ दिखाने का एक चेहरा है उसके पीछे रिलायंस सीबीएम के अधिकारी अपनी ठेकेदारी कर रहे हैं बताया जाता है कि बड़े पैमाने पर इंटक बेल से लेकर गाड़ी लगाने के सभी काम अधिकारी अपने खास को देकर ही अपना उल्लू अप्रत्यक्ष तौर पर सीधा करते हैं।

**अन्य मुद्दों पर भी शिकायत :-**



दो माह पूर्व आयुक्त शहडोल संभाग को सौंपी गई लिखित शिकायत में कंपनी पर निष्पक्षता पूर्वक ठेकेदारों को ठेका न देने के स्थान पर साइलेंट पार्टनरशिप और कमीशन की सेटिंग बनाकर चाहते ठेकेदार को ठेका देने के अलावा अन्य कार्य गंभीर आरोप लगाए गए की कंपनी और ठेकेदार द्वारा इंटक बेल बनाने के लिए अवैध रूप से बोल्डर का अवैध उत्खनन कराया जाता है जबकि शहडोल जिले में बोल्डर की खदान स्वीकृत ही नहीं है अवैध बोल्डर खदान कई स्थानों से संचालित किए जाते हैं और टीपी डिंडोरी की लगाई जाती है इसके अलावा रॉयल्टी चुकाने रोजगार न देने सहित प्रदूषण, निकलने वाले जल को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए गए जिन्हें हम आप तक लगातार लाते रहेंगे।

**इनका कहना है :-**

मैं आपको फोन में वर्जन नहीं दे पाऊंगा आप सोमवार को मिलिए जो भी बात होगी कर लेंगे।

**प्रवीण तिवारी राजू**
**कांट्रेक्टर, वेंडर सीबीएम**
**रिलायंस, लालपुर**

अरे ये सब ऐसा ही है कोई वर्जन चाहिए तो हमारे लाइजनिंग अधिकारी से बात करिए, मै वर्जन देने में असक्षम हूं।

**संजय तिवारी**
**जीएम सिविल, सीबीएम**
**प्रोजेक्ट लालपुर, शहडोल**

# पुलिस ने चोरी गई सामग्री को 24 घंटे में किया बरामद



**शहडोल।** चौकी झींकबिजुरी में गुरूवार को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम सेमरिहा में उसके दुकान का दरवाजा एवं दुकान के अन्दर अन्य सामग्री कुल कीमती 5,720 रूपये की अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना घटना स्थल का निरीक्षण कर संदेह के आधार पर संदेही मन्नू मुसलमान से पूछताछ की गई। जिसमें उसने रचित मिश्रा के साथ मिलकर उक्त चोरी मंगलवार को करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा चोरी गई सामग्री एवं चोरी में इस्तेमाल सब्बल एवं मोटर सायकिल को जप्त कर उक्त दोनों आरोपियों क्रमशः मन्नू उर्फ वाजिद खान उम्र 22 वर्ष एवं तुन्नी महराज उर्फ रचित मिश्रा उम्र 21 वर्ष दोनों निवासी झींकबिजुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति का भुगतान अब न्छप्च्ल् से होगा

## अब तक 29 लाख से अधिक बालिकाओं को 813.64 करोड़ रूपये की छात्रवृत्ति स्वीकृत

**विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

खरगोन मप्र महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि नव वर्ष से मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पंजीकृत पात्र बालिकाओं को छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान UNIPAY के माध्यम से किया जायेगा। यह व्यवस्था लागू हो जाने से अब छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान बालिका के खाते में सीधे UNIPAY के माध्यम से हो सकेगा। भुगतान की सूचना भी मोबाईल में एसएमएस से बालिका को प्राप्त हो सकेगी। इस तरह भुगतान की प्रकिया अब और अधिक सटीक हो गयी है।

मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना में बालिका को कक्षा 6, कक्षा 9, कक्षा 11 एवं कक्षा 12 में छात्रवृत्ति देने एवं स्नातक प्रथम एवं अंतिम वर्ष में प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है। अब तक लगभग 29 लाख से अधिक बालिकाओं को 813.64 करोड़ रूपये की छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा चुकी है। पूर्व में यह राशि जिलों के द्वारा आहरित कर सम्बंधित बालिका के खाते में डिपोजिट की जाती थी, इसमें समय लगता था और बालिका को सूचना भी नहीं प्राप्त हो पाती थी। न्छप्च्।ल् के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया प्रभावी और पारदर्शी हो गयी है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि विभाग लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों को न्छप्च्।ल् पेमेंट पोर्टल के माध्यम से सहायता राशि का हस्तांतरण करता है। इसके लिए प्रत्येक हितग्राही का बैंक खाता आधार लिंक एवं डीबीटी इनेबिल्ड होना चाहिए, इसके पोर्टल का संचालन एमपीएसईडीसी द्वारा किया जा रहा है। इसमें कोई मैन्युअल हस्तक्षेप नहीं है। एमपीएसईडीसी के पोर्टल पर पेमेंट आर्डर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा जनरेट किया जाता है। पेमेंट आर्डर जनरेट होने के बाद एमपीएसईडीसी के UNIPAY पेमेंट पोर्टल से बैंकिंग पार्टनर को हितग्राही के आधार के रेफरेंस नंबर के साथ पेमेंट भेजा जाता है। इसके बाद बैंक यह पेमेंट आर्डर और छच्ब्प् को भेजता है NPCI इसे हितग्राही के पसम्बंधित बैंक को भेजता है।

# स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को होगा सामूहिक सूर्य-नमस्कार

## स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश

**विकास यादव दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**

**खरगोन।** मप्र प्रदेश में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाता है। सामूहिक सूर्य-नमस्कार के साथ स्वामी विवेकानंद पर केन्द्रित प्रेरणादायी शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं।स्कूल शिक्षा विभाग ने आयुक्त लोक शिक्षण को सामूहिक सूर्य-नमस्कार और इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों और आम लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के लिये कहा है। विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि प्रदेश की समस्त विद्यालयीन संस्थाओं में 12 जनवरी को प्रातरू 9 से प्रातः 10:30 बजे तक सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन हो। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन होगा। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रेडियो पर संदेश प्रसारित होगा। सामूहिक सूर्य-नमस्कार समस्त शिक्षण संस्थाओं में एक साथ, एक संकेत पर किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# अवैध हथियार व कारतूस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** शुक्रवार को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राजा उर्फ मजहर खान पिता सिकंदर खान उम्र 38 वर्ष (निवासी इतवारी मोहल्ला, शहडोल), कल्याणपुर संस्कृति महाविद्यालय के पास खड़ा होकर बटनदार चाकू के माध्यम से आने-जाने वाले आमजन को डरा-धमका रहा है। उक्त सूचना की पुष्टि हेतु कोतवाली पुलिस तत्काल रवाना होकर सूचना स्थान पर दबिश देने पर आरोपी राजा को पकड़ कर तलाशी लेने पर एक नग धारदार चाकू एवं 02 नग जिंदा कारतूस बरामद हुए जिसपर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूंछताछ करने पर आरोपी द्वारा अनुज उर्फ अंशू सोनी पिता अजय सोनी (नि. सोनार गली) से प्राप्त किया था, अनुज सोनी और आलिम खान (निवासी कन्ना बहरा, जि.उमरिया) अवैध पिस्टल और रिवॉल्वर खरीदने-बेचने का काम करते हैं। इसी क्रम में अनुज सोनी पिता अजय सोनी नि. परमठ के पास, शहडोल एवं आरोपी अलिम खान पिता अनवर खान नि. कन्ना बहरा, से कारतूस प्राप्त कर विक्रय के लिये रखना तथा उपरोक्त दोनो के पास रिवोवर एवं पिस्टल कारतूस होने कि जानकारी दिया। जिसपर कोतवाली पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों के कब्जे से एक अदद् रिवोल्वर, 01 नग पिस्टल एवं 03 नग जिंदा कारतूस बरामद किय गए। उक्त आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया।

# पुलिस के द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही



**शहडोल।** थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत शुक्रवार को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रेल्वे पुल की तरफ कुछ व्यक्ति रेत का अवैध परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर पहुँचकर कुछ समय इंतजार करने के बाद एक ट्रेक्टर क्र. टाटा 912 क्र. एमपी 18 जेडएफ 7722 मय रेत लोड आते दिखा जोकि पुलिस रोड चेकिंग में रोका गया, पूंछताछ करने पर चालक/ ने अपना नाम चालक अंजनी कुमार उपाध्याय उर्फ गडुडा पिता दादरूाम उपाध्याय उम्र 38 साल निवासी विक्रमपुर, बुढ़ार, एवं वाहन स्वामी का नाम प्रकाश नारायण शर्मा पिता स्व. रामनिवास शर्मा निवासी टिकुरी टोला, थाना बुढ़ार बताया गया। उक्त वाहन की तलाशी लेने पर अवैध रेत लोड होना पाया गया, परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज न होना पाया गया। जिससे बुढ़ार पुलिस द्वारा वाहन को मय रेत लोड जप्त कर चालक एवं वाहन मालिक विरूद्ध बी.एन.एस एवं खनिज अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

## पुलिस द्वारा की गई नाबालिग बालिका की दस्तयाबी

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लंबित गुमशुदगी नाबालिग बालक/बालिका के प्रकरणों की समीक्षा की गई थी। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरणों का आवलोकन कर थाना प्रभारियों को दस्तयाबी हेतु समुचित निर्देश दिये गए थे, जिसके तारत्म्य मे थाना धनपुरी पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका की दस्तयाबी की गई है। सोमवार को थाना धनपुरी अंतर्गत 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की गुमशुदा रिपोर्ट परिजनों द्वारा दर्ज करायी गई थी। जिस पर थाना धनपुरी पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके उपरांत धनपुरी पुलिस द्वारा परिजनों से महत्तवपूर्ण जानकारी इकट्ठा कर पतासाजी की गई एवं सूचना मिलने पर दस्तयाबी हेतु तत्काल रवाना हुए। जिस पर शनिवार को नाबालिग बालिका को पुलिस द्वारा कपिलधारा कॉलोनी, बिजुरी, जिला अनूपपुर से दस्तयाब कर सही सलामत परिजनों को सुपुर्द किया।

# साइबर सेल शहडोल पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा आवेदक को डिजिटल अरेस्ट जैसे भ्रम से निकाल कर फ्रॉड होने से बचाया



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा लगातार साइबर अपराधों को रोकने के लिए अभियान/ कार्यक्रम/संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है और लोगों को जागरुक कर फ्रॉड होने से बचाने की कार्रवाई की जा रही है। आवेदक आशीष कुमार सेन पिता चंद्रशेखर सेन निवासी पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ है, आवेदक जांजगीर चांपा से शहडोल अपने रिश्तेदार को छोड़ने आया था रास्ते में एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया और वह स्वयं को पुलिस अधिकारी बताकर आवेदक से बात करने लगा और बताया कि आपके द्वारा लगातार अश्लील वीडियो देखे जा रहे हैं जिस कारण से आपके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है और आपको पड़कर जेल भेज दिया जाएगा, यदि जेल नहीं जाना है तो 61,000 रुपए दीजिए, मै लिंक भेज रहा हूँ और किसी से चर्चा नहीं करना। आवेदक बहुत डर गया था वह धैर्य दिखाते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय साइबर सेल शहडोल पहुंचा, साइबर सेल की टीम द्वारा आवेदक को बताया गया कि परेशान मत हो तभी फ्रॉडस्टर का पुनः वीडियो कॉल आया, साइबर सेल टीम द्वारा फ्रॉडस्टर से बात कर फटकार लगाई गई और आवेदक को फ्रॉड होने से बचाया गया। किसी अज्ञात मोबाइल नंबर से पुलिस अधिकारी/सीआईडी/ क्राइम ब्रांच बनकर यदि फोन करके डराकर पैसे की मांग की जाती है तो डरे नहीं, नजदीकी पुलिस थाने से संपर्क करे। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल एनसीआरपी पोर्टल/टोलफ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करे। व्हाट्सएप की मीडिया ऑटो डाउनलोड ऑप्शन बंद करके रखे।

# साइकिल वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल, अष्टावक्र, स्वामी रामभद्राचार्य का किया जिक्र



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार को सामाजिक न्याय और निश्शक्तजन विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए। संचालनालय में अस्थि बाधित दिव्यांगजनों को निश्शुल्क साइकिल वितरण के मौके पर सीएम ने दिव्यांगजनों को महावीर बताया। सीएम ने कहा- जन्म लेने के बाद हमारे लिए जरूरी है किआने वाली चुनौतियों से अपना मार्ग बनाएं। मार्ग बनाकर विजेता के रूप में आएं। इसके लिए भगवान ने मौका दिया है। दिव्यांगजनों के इस कष्ट का निदान परमात्मा के पास मिलता है। परमात्मा ने मानव जीवन के साथ कुछ अलग चुनौती भी दी है। चुनौती का सामना वही करते हैं जो वीर होते हैं, महावीर होते हैं। हमारे दिव्यांग महावीर हैं। सीएम ने दिव्यांगों को पढ़ने के लिए बनाई गई ब्रेल लिपि की सराहना भी की। साथ ही कहा कि यह अकेले दिव्यांगजनों की भाषा नहीं है। सच तो यह है कि दुनिया भर के सारे देशों की सेनाएं रात में पढ़ने के लिए ब्रेल लिपि का उपयोग करती है। सीएम यादव ने कहा कि आज का कार्यक्रम आनंद लेने, एहसास करने का है। अष्टावक्र का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि उन्होंने अपने ज्ञान से अलग पहचान बनाई है। राजा जनक के दरबार में रहे और अपनी विद्वता से अलग पहचान बनाई। गीतकार रवीन्द्र जैन और जगदगुरु स्वामी रामभद्राचार्य को भी अपने संबोधन के दौरान सीएम मोहन यादव ने याद करते हुए कहा कि इनके ज्ञान और गीत की बात अलग ही है।

# राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में अभिषेक जायसवाल ने लहराया जीत का परचम



**शहडोल।** राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में शहडोल निवासी अभिषेक जायसवाल ने अपनी बेहतरीन कड़ी मेहनत और अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए पुडुचेरी में 27 एवं 28 दिसम्बर को आयोजित हुई राष्ट्रीय लाठी प्रतियोगिता में गोल्ड सिल्वर एवं ब्रॉन्ज पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता देशभर से आए खिलाड़ियों के बीच आयोजित की गई थी, जिसमें काफी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्होंने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच और परिवार को दिया, जिन्होंने हमेशा उनका साथ दिया और उन्हें प्रोत्साहित किया। अभिषेक की यह जीत न केवल उनके लिए बल्कि पूरी टीम और उनके शहर के लिए गर्व का विषय है। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें यह सफलता दिलाई। इस जीत से उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ा है, और वह भविष्य में और भी बड़े मंचों पर अपना प्रदर्शन दिखाने के लिए तैयार हैं।

# कलेक्टर ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, परिसर में खाली पड़ी भूमि में वृद्धों के टहलने के लिए बनाया जाएगा पार्क - कलेक्टर



**शहडोल।** शहडोल कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संभागीय मुख्यालय शहडोल के कल्याणपुर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृद्धाश्रम परिसर में साफ-सफाई कराए। साथ ही वृद्धाश्रम परिसर के पेड़ों की कटाई-छटाई, समतलीकरण कर पेवर्स लगवाने को कहा है। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए वृद्धजनों के लिए बेड्स, गर्म कपड़े पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें। वृद्धाश्रम परिसर में रिक्त पड़ी भूमि में आकर्षक पार्क बनाएं, जिससे वृद्धजनों के लिए मौसम के अनुसार टहलने और बैठने की व्यवस्था हो सके। कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उप संचालक सामाजिक न्याय प्रज्ञा मरावी, उप संचालक कृषि आरपी झरिया, उप संचालक पशु डॉ. आरके पाठक समाजसेवी सुशील सिंघल सहित अन्य अधिकारी और समाजसेवी उपस्थिति रहे।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह, संपादकः अशोक सोनी (9009601101), स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल जितेन्द्र व्यास-स्थानीय संपादक, मो. 8120205990 भोपाल कार्यालय पता- प्रेस काप्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 ई-मेल-hindustannews404@gmail.com

# 84 कोसीय परिक्रमा को लेकर डीएम ने की बैठक अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश



**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 84 कोसीय परिक्रमा मेला 2025 की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध ने महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यक तैयारियां एवं व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह धर्मार्थ कार्य है इसलिए सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी पूरे मनोयोग के साथ निभाना सुनिश्चित करें। उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मिश्रिख को निर्देश दिए कि सम्पूर्ण मार्ग का भ्रमण कर पड़ाव, मेडिकल कैपों, कंट्रोल रूम आदि हेतु स्थलों का चयन सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग के समस्त मार्गों की मरम्मत, साफ सफाई आदि व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करायी जाय। पड़ाव स्थलों पर समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। मोबाइल टायलेट की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। शौचालय एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी रूटों पर पार्किंग व्यवस्था हेतु स्थल चिन्हित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की जाय। मेडिकल कैम्पों हेतु स्थलों का चयन करते हुए मेडिकल कैम्प समय से स्थापित कराए जाये तथा मेडिकल कैम्पों पर चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों तैनाती एवं दवाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। इसके साथ ही बाइक एम्बुलेंस एवं सचल मेडिकल टीमों का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही पुलिस चैकियों की समय से स्थापना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए। प्रत्येक पड़ाव पर पेयजल, डस्टबिन, अस्थायी शौचालय स्थापित कराया जाये एवं सफाई हेतु कार्मिकों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाये। रैन बसेरे हेतु स्थान चिन्हित करते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पड़ाव स्थलों, धार्मिक स्थलों की बाउन्ड्रीवाल पर रंग रोगन आदि करा दिया जाये एवं छोटे व बड़े पौराणिक स्थलों पर भी सभी व्यवस्थाएं समय से दुरूस्त करा दी जायें। धार्मिक महत्व के तालाबोंध्कुण्डों की सफाई भी सुनिश्चित की जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पड़ाव स्थलों का समय समय पर निरीक्षण करते रहें। स्वागत समितियों का समय से गठन सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्गों में पड़ने वाले मार्गों का निरीक्षण करते हुये दुरूस्तीकरण एवं पैचिंग का कार्य समय से सुनिश्चित कर लें।बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक डा. प्रवीण रंजन सिंह ने पुलिस की व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा हेतु पर्याप्त प्रबंध किए जाएंगे। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डा. प्रवीण रंजन सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चंद्र प्रजापति, उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# एंटी करप्शन टीम के विरोध में उतरे लेखपाल



**सिधौली- सीतापुर।** उ0प्र0 के जनपद गाजीपुर की तहसील कासिमाबाद में गत दिनों एन्टीकरेप्शन के द्वारा रिश्वत लेते लेखपाल को पकड़े जाने के मामले जबरन ट्रैप की घटना कारित किया जाना बताते हुए एंटी करप्शन टीम के विरोध में स्थानीय तहसील मुख्यालय पर शनिवार को लेखपालों ने उ0प्र0 लेखपाल संघ के आह्वान पर लेखपालोने एक दिवसीय धरना देकर एक सात सूत्री मांगों से संबंधित मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिला अधिकारी को दिया है। स्थानीय तहसील मुख्यालय पर परिसर में शनिवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के तत्वावधान में लेखपालों द्वारा दिए गए एक दिवसीय धरने पर बैठे लेखपालो ने मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्री ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया ।सात सूत्री ज्ञापन में कहा गया है की गाजीपुर जनपद की कासिमापुर तहसील में लेखपाल को जबरन ट्रैप की घटना कारित कर की गई है शिकायतकर्ता के गांव से कई किलोमीटर दूर दूसरे गांव मे अनेकों ग्राम वासियों की उपस्थिति में लेखपाल पैमाइश कर रहा था इसी मध्य शिकायतकर्ता ने आकर लेखपाल की जेब में जबरन पैसा डाल दिया लेखपाल ने नाराज होकर बाहर निकाल कर वापस कर दिया था जबरन लेखपाल की जेल में पैसा रखकर एंटी करप्शन से पकड़वाया गया है थाने पर भी पहुंच कर ग्रामवासियों ने लेखपाल के पक्ष में थाना पर लोगों ने कहाभी था । वही यह भी कहा गया है कि जनपद महाराजगंज में विगत दिनों लेखपाल द्वारा ना कोई रिश्वत मांगी गई है और ना रिश्वत प्राप्त की गई फिर भी एक दलाल साजिश करता को पैसा पकड़वाकर उसका संबंध लेखपाल से बताते हुए जबरन लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है विरोध किया जाने पर एंटी करप्शन टीम द्वारा सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया गया कि लेखपाल द्वारा कोई पैसा नहीं लिया गया जिसका सोशल मीडिया पर भी वायरल है आगे कहां गया है इस प्रकार सॉल्यूशन झूठा फसाने की अनेकों घटनाएं हो चुकी हैं जहां घटनाएं कमरे में कैद हो गई है एंटी करप्शन टीम द्वारा सामान्य शिकायत के आधार पर वास्तविक तथ्यों का परीक्षण किए बगैर शिकायतकर्ता को उसका कर स्वयं बोल-बोलकर शिकायती प्रार्थना पत्र लिखवाया जाता है और जांच की कागजी औपचारिकता कर उसी दिन अथवा अगले दिन लेखपाल को फसाने के विविध प्रयास करके गिरफ्तार कर लिया जाता है अधिकांश प्रकरण में शिकायत पत्र में उल्लिखित कार्य लेखपाल से संबंधित भी नहीं होता है आदि मांगों के लेकर इकदिवासी धरने पर बैठे दीपक मिश्रा, शरद ,अविनाश, अनिल कांत ,दीपिका, बरखा, पवन राय, अनिल कुमार, अनूप कुमार ,संदीप, जितेंद्र ,मुकेश अवस्थी, प्रदीप यादव ,अभिषेक दिक्षित ,प्रमोद सहित तहसील के भारी संख्या में लेखपालों की मौजूदगी नजर आई।

# सांसद प्रतिनिधि ने देखी सड़क की गुणवत्ता लगाए आरोप



**मछरेहटा-सीतापुर।** विकास खंड मछरेहटा में एक सड़क की गुणवत्ता को शिकायत के आधार पर मिश्रिख सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सोनी ग्राम पंचायत सिसेंडी के मजरा भूड़ पुरवा पहुंचे और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के सामने सड़क की गुणवत्ता देखी वहीं अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया ।बताते चले कि मछरेहटा विकास खंड की ग्राम पंचायत सिसेंडी के मजरा भूड़ पुरवा में लोक निर्माण से एक 650मीटर सीसी रोड का निर्माण हो रहा है जिसका टेंडर मेसर्स सैन्य समर सिंह को मिला था गांव में करीब 200 मीटर सीसी रोड का निर्माण हो चुका है अभी करीब 450मी0 काम बाकी है जिसकी गुणवत्ता की जांच हेतु मिश्रिख लोक सभा के सांसद अशोक रावत के प्रतिनिधि राजकुमार सोनी पहुंचे और सीसी रोड को खुदवाकर उपस्थित सहायक अभियंता जय प्रकाश भारती , अवर अभियंता सुलेमान अंसारी पर निर्माण कार्य में अनिमितता का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि विभाग के जिम्मेदारों ने ठेकेदारों को काम देने के बाद देखने तक नहीं आए और केवल मेट के द्वारा की काम कराया वही सड़क की मोटाई व जीएसवी कम डालने का आरोप लगाया और कहा कि सांसद इस मामले पर कार्यवाही अवश्य करेंगे वहीं सहायक अभियंता जय प्रकाश भारती ने कहा कि अभी करीब 200 मीटर सीसी का निर्माण हुआ है जिसका पेमेंट भी अभी नही हुआ है और मौसम को देखते हुए कार्य अभी बंद है जो भी कार्य हुआ है वो गुणवत्तापूर्ण है और आगे भी जो शेष कार्य है उसे गुणवत्ता पूर्ण ही कराएंगे ।

# एनसीपी नेता प्रबीन कुमार सिंह ने गरीबो को बांटे कंबल



**सीतापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एन सी पी के प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह ने हर वर्ष की तरह इस बार भी कंबल वितरण किया।विकास खण्ड परसेन्डी की ग्राम पंचायत शेरपुर खानपुर आदि ग्राम पंचायतों में सैकड़ों गरीब परिवारों को कंबल का वितरण किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह ने बताया की हजारों कंबल वितरण का लक्ष्य रखा गया है।जनपद मे लगातार पड़ रही भीषण ठंड से जरूरत मंद को बचाने के लिए कंबल वितरित किए जा रहे है।कंबल वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक परसेंडी के अध्यक्ष नसीम अहमद जिला अध्यक्ष ललित सिंह विधानसभा लहरपुर के पदाधिकारी व महासचिव मेराज अहमद जिला मिडिया प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह सहित पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**सीतापुर।** साजिशन झूठा फंसाये जाने की नीयत से साधारण शिकायत के आधार पर एण्टी करप्शन ध् विजिलेन्स टीम द्वारा जबरन ट्रैप की कार्यवाही पर रोक लगाये जाने को लेकर सांकेतिक ज्ञापन सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया है कि लेखपाल राजस्व विभाग का फील्ड कर्मचारी है जिसका सम्बन्ध जनता से सीधे होता है। जनता की भूमि विवाद सहित अधिकाश समस्याओं से सम्बन्धित संदर्भ निस्तारण हेतु लेखपाल के पास ही आते हैं। दो पक्षों के विवाद के निस्तारण सम्बन्धी की गयी कार्यवाही से किसी एक पक्ष का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। पंचायत ध् विकास विभाग की विविध योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराने एवं अवैध अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही से भी अतिचारीध्प्रभावित व्यक्तियों के परिवार लेखपाल से दुश्मनी ठान लेता है और लेखपाल को क्षेत्र को राजनीति में घसीटने का भी प्रयास किया जाता है। इस प्रकार विधि विरुद्ध कार्य कराने में असफल एवं विविध कारणों से असंतुष्ट व्यक्ति लेखपालों के खिलाफ साजिश करके एण्टी करप्शन टीम द्वारा पकड़वाने की प्रवृत्ति मढ़ती जा रही है। वायरल वीडियो से स्पष्ट हो रहा है कि सम्बन्धित लेखपाल, शिकायतकर्ता के गाँव से 2-2.5 किमी दूर दूसरे गाँव में अनेको ग्रामवासियों की उपस्थिति में पैमाईश कर रहा था। इसी मध्य शिकायतकर्ता ने आकर लेखपाल की जेब में पैसा डाल दिया जिसे लेखपाल ने नाराज हुए बाहर निकाल कर वापस दिया। इतने में ही एण्टी करपान की टीम द्वारा लेखपाल को उठा लिया गया। वीडियों में स्पष्ट रूप से ग्रामवासी बोल रहे हैं कि लेखपाल ने कोई पैसा नहीं लिया है अपितु पैमाईश का कैलकुलेशन कर रहा था और शिकायतकर्ता ने जबरन लेखपाल की जेब में पैसा रखकर एण्टी करप्शन से पकड़वाया है। सैकड़ो ग्रामवासी उक्त झूठे ट्रैप का विरोध करते हुए थाने पर भी पहुँच गये थे जिससे स्पष्ट होता है कि लेखपाल भ्रष्ट प्रवृत्ति का नहीं है।इसी प्रकार जनपद लखनऊ की तहसील सरोजनीनगर में सर्तकता अधिष्ठान के कर्मचारी के रिश्तेदार द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा एवं अवैध प्लाटिंग करने की जांच लेखपाल द्वारा (मण्डलायुक्त महोदया के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे एण्टी मू माफिया एवं अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान के अन्तर्गत) किये जाने के कारण लेखपाल को फर्जी रूप से दिनांक 31.12.2024 को ट्रैप करवा दिया गया। सर्तकता अधिष्ठान के उका कर्मचारी द्वारा पूर्व में लेखपाल को ट्रैप करने की धमकी दी गयी थी जिसकी सूचना लेखपाल द्वारा उच्चाधिकारियों को तत्समय ही दे दी गयी थी।

# त्वरित गति से हो शिकायतों का निस्तारण:डीएम



**सीतापुर ।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील बिसवां में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी बिसवां मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 89 शिकायतों में से 09 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 43 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील सिधौली में प्राप्त 41 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 26 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 36 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महोली में प्राप्त 24 प्रार्थना-पत्रों में से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## डीएम ने सुनिश्चित की साप्ताहिक बंदी

**सीतापुर ।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर प्रदेश, दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा-8 एवं तत्संबंधी नियमावली के नियम 6 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये जनपद सीतापुर में स्थित नगरीय क्षेत्रों में उनके नाम के सम्मुख अंकित दिनों के वर्ष 2025 के लिये साप्ताहिक बन्दी का दिन निश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद का पुराना क्षेत्र (कोट, मुंशीगंज, कजियारा, मन्त्री चैराहा, सिटी स्टेशन मार्केट) में शुक्रवार को, सीतापुर नगर पालिका परिषद का कोट, मुंशीगंज, कजियारा, मन्त्री चैराहा, सिटी स्टेशन मार्केट को छोड़कर में रविवार को, बिसवां में मंगलवार को, महमूदाबाद में शुक्रवार को, लहरपुर में शनिवार को, खैराबाद में बुधवार को, मिश्रिख में शनिवार को, सिधौली में रविवार को, पैंतेपुर में मंगलवार को, तम्बौर में सोमवार को, महोली में शनिवार को, हरगांव में मंगलवार को, रामकोट में गुरुवार को, जलालपुर में बुधवार को, मछरेहटा में शुक्रवार को, संदना में रविवार को, चांदपुर में बुधवार को, सरइया में रविवार को, सदरपुर में मंगलवार को, कमलापुर में सोमवार को, अटरिया में शनिवार को, लालपुर में गुरुवार को, मानपुर में रविवार को, जहांगीराबाद में शुक्रवार को, रेउसा में शनिवार को तथा परसेण्डी में रविवार को साप्ताहिक बन्दी निश्चित की गयी है। उपरोक्त के अतिरिक्त उक्त समस्त नगरों के नाईयों एवं केश प्रसाधनों की दुकानों के लिये मंगलवार साप्ताहिक बन्दी का दिन निश्चित किया गया है। उक्त का पालन सुनिश्चित किया जाये।

# समाधान दिवस पर अधिकवक्ताओं ने किया डीएम का स्वागत



**बिसवां (सीतापुर)।** बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमलेंद्र कुमार बाजपेई एड. सचिव सत्य प्रकाश सिंह एड. की संयुक्त अगुवाई में नव वर्ष 2025 के प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस आगमन पर जिलाधिकारी को पुष्प कुछ देकर शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ अधिवक्ता रसिक बिहारी गुप्ता ने वादकारी शालिका को लोक निर्माण विभाग से रिपेयर करने के आग्रह पर जिलाधिकारी ने अश्वस्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार सिंह, नसीम सिद्दीकी, सुशील शुक्ला, रजनीश कुमार मिश्रा, राजेंद्र कुमार वर्मा, मन्नालाल बाजपेई,ओम जी मिश्रा, नीरज वर्मा,मोहित कुमार, अनिल अवस्थी, गौरव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना का पंचम स्थापना दिवस आयोजित

## हिन्दू महासम्मेलन पर पूरा सीतापुर भगवा रंग में रंगा नजर आया दिव्य एवं भव्य निकली शोभायात्रा



सीतापुर । राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के पंचम स्थापना दिवस पर आयोजित हिन्दू महासम्मेलन पर पूरा सीतापुर भगवा रंग में रंगा नजर आया बहुत ही दिव्य एवं भव्य निकली शोभायात्रा जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के राष्ट्रीय कार्यालय सिविल लाइन से की गई ,जो शहर के विभिन्न मार्गों पर होते हुए कार्यक्रम स्थल राजा कॉलेज मैदान तक शोभायात्रा पहुची , शोभायात्रा में घोड़े पर सवार छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई के रूप दिखाई दी , लव जिहाद थीम पर बनाया गया साथ ही राम मंदिर मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा ,यात्रा में कारोंध् मोटरसाइकिल एवं पैदल लोग हजारों की संख्या नजर आए , हर तरफ सिर्फ भगवा रंग दिखाई दे रहा था । कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना अध्यक्ष विकास हिन्दू व साधु संतों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया , कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिंदू के द्वारा संगठन की नीतियों के बिषय मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश दीपक गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा गया की बहुत ही जल्द संगठन का एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा जिससे 24 घण्टे संगठन हिन्दू समाज के संपर्क में रहेगा। केसरिया हिंदू युवा वाहिनी के संस्थापक अध्यक्ष अतुल मिश्रा ने कहा कि हमारी मंजिलें अलग-अलग हो सकती हैं लेकिन लक्ष्य एक ही है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनेंद्र अवस्थी ने लोगो को संगठन के प्रति जागरूक किया। रमेश बाजपेई ,महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनीता सोनी एवं राष्ट्रीय सचिव मातृशक्ति श्रीमती शिवानी त्रिवेदी ने भी लोगको संगठन के प्रति जागरूक किया। संगठन के पदाधिकारियों की तरफ से कार्यक्रम में आये सभी विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर के सम्मानित किया । डॉक्टर ग्रेवील ने लोगो को सनातन धर्म के महत्व के विषय में बताया साथ ही कार्यक्रम में कई प्रदेशों के संगठन पदाधिकारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में मुख्य वक्ता के रूप मे भाषण देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिंदू ने उपस्थित जन मानस को बताया कि राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना सदैव हिंदुत्व के कल्याण के लिए कार्य करती रहेगी राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना द्वारा 18 वर्ष से 40 वर्ष के सभी कार्यकर्ताओ को निःशुल्क दुर्घटना बीमा संगठन की तरफ से कराया जा रहा है के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में पंचम स्थापना दिवस समारोह समिति के अध्यक्ष विवेक हिन्दू ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एक ऐसा संगठन जो खुलकर हिन्दुओं के साथ व विकास की बात करता है-राष्ट्रीय संरक्षक

हिन्दू शेर सेना के पंचम स्थापना दिवस समारोह में हिन्दू शेर सेना राष्ट्रीय संरक्षक रामकिंकर पाण्डेय ने आयोजित कार्यक्रम में लोगो को जागरूक करते हुए बताया कि राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना एकमात्र ऐसा संगठन है जो खुलकर हिंदुओं का साथ और हिंदुओं का विकास करने की बात कहता है। लोगो को हिन्दू समाज की रक्षा के लिये एकजुट होने की आवश्यकता है। लोगो को इस लिये राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना से जुड़ने की जरूरत है।

### हिन्दुओं की एकता का उदाहरण है खैराबाद नगर पालिका की जीत-अभिषेक गुप्ता

राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना के पंचम स्थापना दिवस पर नगर पालिका परिषद खैराबाद के प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि आज हिन्दुओं की एकता के कारण ही खैराबाद नगर पालिका की सीट पर भाजपा से बेबी अभिषेक गुप्ता जो कि हमारी पत्नी है नगर पालिका अध्यक्ष है। लोगो को समाज के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है व एकजुट रहने की जरूरत है।

पहले अधिवक्ताओं ने टांडा तहसीलदार के भ्रष्टाचार की खोली पोल

# अब पत्रकार के उत्पीड़न का मामला आया सामने, मनबढ़ तहसीलदार के आगे प्रशासन नतमस्तक

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकरनगर।** जनपद की टांडा तहसील में तैनात तहसीलदार निखिलेश कुमार ने 31 दिसंबर 2024 को पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव के साथ अमानवीय चेहरा सामने करते उसके कंधे पर हाथ डाल कर धकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए उसे इमरजंसी वार्ड से भागा दिया था जो मामला अब पहुंचा जिलाधिकारी के दरबार में पत्रकार ने जिला अधिकारी अविनाश सिंह के पास उपस्थित हो कर अपने साथ हुए आपबीती सुनाई और जिला अधिकारी ने उपजिलाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है।

**ऐसे समझते है, क्या था पूरा प्रकरण.... :-**

एक व्यक्ति शराब के अत्यधिक सेवन कर तेज़ रफ्तार से चारपहिया वाहन चला कर अकबरपुर मुख्यालय की तरफ से टांडा रोड की तरफ काफी तेजी गति से राहगीरों पर जानलेवा हमला करते हुए जा रहा था और टांडा के हरिनगर के समीप दो लोगों को बुरी तरह घायल किया उसके बाद टांडा कोतवाली क्षेत्र के कश्मिरिया के पास एक भुझा का ठेला लगाने वाले के ऊपर जान से मारने की नियत से चारपहिया वाहन चढ़ा कर मारने का प्रयास किया भुझा वाला तो बाल-बाल बच गया लेकिन उसका ठेला बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

उसके बाद वहां से वाहन लहराते हुए भागा फिर टांडा कोतवाली क्षेत्र के सिटी सेंटर के पास अपनी मोटर साइकिल से खड़े जिला संवाददाता अर्पित सिंह श्रीवास्तव के भाई आदित्य सिंह और उनके दो मित्रो के ऊपर चार पहिया वाहन को जान से मारने की नियत से चढ़ा दिया जिसमें वो लोग बुरी तरह चोटहिल हो उठे इसकी खबर जब पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव को लगी तो तत्काल उन्होंने सर्वप्रथम उक्त घटना की सूचना अपने बड़ी भाभी प्रियम श्रीवास्तव को दी जैसे तैसे आननफानन में पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव और उनकी भाभी एवं उनका बड़ा भाई डॉ अंकित श्रीवास्तव तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे तब तक पता चला कि टांडा कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी घटना के बाबत कार्रवाई करने में जुटे हैं, और थाना अध्यक्ष अलीगंज राजीव श्रीवास्तव अपनी सरकारी गाड़ी से पत्रकार के भाई और उनके साथियों का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर गए हैं, पत्रकार के साथ सभी परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर पहुंचे



और जानकारी कर उपचार कराने में जुट गए इस दौरान थाना अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव के द्वारा अपनी सरकारी गाड़ी से पत्रकार अर्पित सिंह श्रीवास्तव के भाई एवं उसके मित्र नीतिश तिवारी का उपचार मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भर्ती करा कर कराया जा रहा था और पत्रकार के साथ पहुंचे परिजन काफी परेशान हो उठें थाना अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव के जाने के पश्चात मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड में उपजिलाधिकारी के साथ पहुंचे तहसीलदार निखिलेश कुमार एवं अन्य कर्मचारियों के सामने अर्पित सिंह श्रीवास्तव जिला संवाददाता जैसे ही उपजिलाधिकारी शशि शेखर के पास कुछ एक्सीडेंट में चोटहिल हुए अपने भाई के बारे में जानकारी करने पहुंचे ही थे कि तहसीलदार निखिलेश कुमार ने न कुछ सोचा न समझा तुरंत अर्पित सिंह श्रीवास्तव का नाम सुनते ही आगबबूला हो उठे और उसके कंधे पर हाथ लगाते हुए उसे धकेल कर भद्दी-भद्दी गालियां देते नवाजने लगे और कहे कि भाग जाओ यहां से नहीं तो मार कर तुम्हारी ऐसी की तैसी कर दूंगा किसी प्रकार पत्रकार ने अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए अपने छवि स्वार्जनिक स्थल पर धूमिल अधिक न होने के कारण वहां से भाग कर मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के गेट से बाहर निकल आया क्यों कि उसके भाई का उपचार होने में तहसीलदार निखिलेश के नाते दिक्कत न हो इस प्रकार तहसीलदार का अमानवीय कार्य करने का कृत्य देख पत्रकार के परिजनों एवं उनके समर्थकों में काफी नाराजगी जाहिर होने लगी इस शिकायत को ले कर अर्पित सिंह श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह को लिखित शिकायत देते हुए अवगत कराया अब उनके द्वारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु उपजिलाधिकारी शशि शेखर को निर्देशित किया है, आप को बता दे कि गत दिनों पूर्व यानी बीते 30 दिसंबर को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में लामबंद होकर जबरदस्त नारेबाज़ी कर इनके भ्रष्टाचार व्याप्त किए जाने से संबंधित कृत्यों की पोल खोली थी लेकिन इनके तानाशाही रवैए पर अभी तक लगाम नहीं लग सकी, जब की अधिवक्ताओं की आग अभी तक बुझी नहीं थी कि बीते 31 दिसंबर को नव वर्ष के आरंभ होने से पहले रात्रि में पत्रकार के भाई का एक्सीडेंट तेज रफ्तार चारपहिया वाहन चालक ने गाड़ी चढ़ा कर कर दिया और पत्रकार का भाई आदित्य सिंह और उसके दो मित्र साथी भी उसके साथ भूरी तरह घायल हो गए जिनका इलाज कराने के लिए पुलिस प्रशासन मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर में भर्ती कराने के दौरान शुरू कराई थी और इस बीच पत्रकार के साथ मेडिकल कॉलेज सद्दरपुर के इमरजेंसी वार्ड में उपजिलाधिकारी के साथ पहुंचे तहसीलदार निखिलेश कुमार ने अपना अमानवीय चेहरा सामने लाते हुए जब पत्रकार उपजिलाधिकारी शशि शेखर से मिलने का प्रयास किया तो उसके कंधे पर हाथ लगाते हुए उसे धकेल दिया और भद्दी-भद्दी गालियां देने से बाज़ नहीं आए किसी तरह पत्रकार अपनी इज्जत बचा कर वहां से भागा जिससे उसकी छवि स्वार्जनिक स्थल पर धूमिल हो गई।

# ग्रा प ए के कार्यालय पर शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अम्बेडकर नगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के न्यौरी स्थित कार्यालय पर शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन कर जनपद आजमगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार अबुल खैर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राप्त विवरण के अनुसार जनपद आजमगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार अबुल खैर के निधन की खबर से अंबेडकरनगर के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। उर्दू समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार ग्राम नियाउज जनपद आजमगढ़ निवासी वरिष्ठ पत्रकार अबुल खैर का लंबी बीमारी के बाद लखनऊ के एक निजी अस्पताल में बुधवार को निधन हो गया। लखनऊ से उनका शव उनके पैतृक गांव नियाउज लाया गया जहां बुधवार देर शाम गमगीन माहौल में उनको सुपुर्द खाक कर दिया गया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के न्यौरी स्थित कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन कर वरिष्ठ पत्रकार अब्दुल खैर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य एवं अयोध्या मंडल संरक्षक शरीफ मसूदी ने कहा कि अबुल खैर बहुत ही वरिष्ठ पत्रकार एवं नेक दिल इंसान थे। उनके जाने से पत्रकारिता जगत का एक युग का अंत हो गया। वे अपनी लेखनी से गरीबों मजलूमों की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचा कर उन्हें न्याय दिलाने का पूरा प्रयास करते थे। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा के वरिष्ठ पत्रकार अबुल खैर बहुत ही जुझारू साथी थे पत्रकार के साथ-साथ वह बहुत ही नेक दिल और साफ इंसान थे उनके जाने से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। शोक सभा में जिला महामंत्री शिवकुमार गुप्ता, तहसील अध्यक्ष जलालपुर नियाज़ तौहीद सिद्दीकी, तहसील अध्यक्ष आलापुर योगेंद्र यादव, पत्रकार अनीस मसूदी, कृष्णा सिंह, डी.एस. यादव, रोहित पाठक, घनश्याम भारती, बृजेश मिश्रा, जिला संगठन मंत्री कृष्ण चंद्र दूबे, जिला उपाध्यक्ष लालमणि गौड़ सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## बिना आवास बने ही सचिव ने कर दिया सभी किस्तों का भुगतान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर ।** जनपद के विकास खण्ड भियांव ग्राम पंचायत जगदीशपुर कपिलेश्वर मे 2021 में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुमन पत्नी कृपा शंकर को लाभार्थी बनाया गया था लेकिन अभी तक आवास पूर्ण नहीं कराया गया ग्राम प्रधान ग्राम सचिव अरुण यादव की मिली भगत से पोर्टल किसी दूसरे के आलीशान मकान का फोटो अपलोड करके तीनों किस्त भुगतान कर दिया गया प्रधानमंत्री आवास के नियमों को ताख पर रखकर ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान ने बिना पूर्ण हुए प्रधानमंत्री आवास की तीनों किस्त का भुगतान करना आखिर देखना यह होगा कि विभाग के द्वारा ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान के ऊपर क्या कार्रवाई करते हैं फिलहाल अक्सर यही होता है की ग्राम सचिवों को बचाने में विभाग लग जाता है लेकिन कुछ ऐसे मामलों में विकासखंड बसखारी में सचिव को निलंबन की कार्रवाई कर दिया गया है।

# अवैध प्लाटिंग : एडीए के अधिकारियों पर लगा मिलीभगत का गंभीर आरोप

**सीएम की मंशा को ठेस पहुंचा रहे है एडीए के अफसर-प्रवीण दुबे**

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या को एक वैश्विक नगरी बनाने का सपना साकार करने के प्रयास दिन-रात जारी हैं। लेकिन दूसरी ओर, अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के जिम्मेदार अधिकारियों पर सीएम की योजनाओं के विपरीत कार्य करने और अवैध प्लाटिंग को बढ़ावा देने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। यह आरोप शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी और अधिवक्ता प्रवीण दुबे ने लगाए हैं। उन्होंने एडीए के उपाध्यक्ष को एक शिकायती पत्र भेजकर दावा किया कि अधिकारियों की निष्क्रियता और मिलीभगत से सरकार की छवि खराब हो रही है। प्रवीण दुबे का कहना है कि उन्होंने 21 मार्च 2024 को ग्राम बनवीरपुर, अब्बूसराय और आसपास के इलाकों में हो रही एक दर्जन से अधिक अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उनका आरोप है कि वीसी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन 9 महीने बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह स्थिति प्राधिकरण के अधिकारियों की अवैध प्लाटिंग कर्ताओं के साथ मिलीभगत को उजागर करती है।अब्बूसराय (महाराणा प्रताप वार्ड) के गाटा संख्या 778 व 779 सहित अन्य स्थानों पर अवैध प्लाटिंग तेजी से हो रही है। इन गतिविधियों के चलते क्षेत्र में अनियोजित विकास हो रहा है, जो अयोध्या के सुनियोजित विकास के लिए बड़ी बाधा बन रहा है। अवैध प्लाटिंग के बढ़ते मामलों ने अयोध्या के नियोजित विकास को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। दुबे का कहना है कि यदि इन गतिविधियों पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई, तो अयोध्या में भविष्य में बुनियादी सुविधाओं का अभाव होगा, जिससे सीएम के विजन को आघात पहुंचेगा। समाजसेवी प्रवीण दुबे ने इस मामले में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि अवैध प्लाटिंग पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो यह न केवल सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि अयोध्या के विकास के सपने को भी अधूरा छोड़ देगा।

**पीड़ित दर-दर भटकने पर मजबूर**

# बसखारी पुलिस प्रशासन न्यायालय के स्थगन आदेश को पालन करवाने में फिसड्डी साबित हो रही है

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो




**अम्बेडकरनगर।** तहसील टांण्डा थाना बसखारी क्षेत्र बसखारी पीड़ित पवन कुमार मौर्य 0/0 स्व. इन्द्रजीत गौर्य निवासी ग्राम बसखारी, थाना बसबारी, जनपद अम्बेडकरनगर का स्थायी निवासी है। पीड़ित पवन कुमार मौर्य और विपक्षी रमेश चन्द्र मौर्य बीच मुकदमा सिविल जज सीनियर डीविजन महोदय अम्बेडकरनगर के चल रहा है मूलवाद संख्या 156/20 रमेश-वन्द मौर्य बनाम इन्दजीत आदि के नाम से उच्च न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। परन्तु विपक्षी रमेश चन्द्र मौर्य द्वारा गाटा संख्या 1248 व 1249 पर जबदस्ती कब्जा किया जा रहा है। मना करने पर गलौज व फौजदारी पर आमादा हो जाता है । पवन कुमार के द्वारा थाना बसखारी में कई बार पीड़ित निर्णय की गुहार लगाई लेकिन थाना अध्यक्ष के द्वारा कोई न्याय प्रिय संगत कार्रवाई नहीं की गई जिससे पीड़ित रमेश चंद आहत होकर टांडा तहसील दिवस पर लिखित शिकायत देकर लगाई न्याय की गुहार फिलहाल अगर देखा जाए तो पुलिस प्रशासन पर बार-बार सवाल उठाते हैं आखिर क्यों क्या पुलिस प्रशासन माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों को पालन करवाने में फिसड्डी साबित होती है ऐसा चर्चा जनता में हो रही है।

# ड्रिप सिंचाई सिस्टम किसानों के लिए वरदान से कम नही, फसल की पैदावार में होगी बढ़ोत्तरी

**ड्रिप सिंचाई से पानी की भी होगी बचतः धर्मेंद्र चन्द्र चौधरी**

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकरनगर।** केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर किसानों की आय को दोगुना करने का हर संभव प्रयास कर रही हैं। घटते जल स्तर में किसानों को खेती कर पाने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। इसके लिए किसान ने कल्याणकारी योजना शुरू की है। ड्रिप सिंचाई सिस्टम किसानों के लिए वरदान से कम नहीं है। ड्रिप सिंचाई सिस्टम लगाने पर सरकार भी 90 प्रतिशत का अनुदान दे रही है। वहीं इस सिंचाई सिस्टम से किसान अपनी फसल की पैदावार में 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर सकेगा और खेती की गुणवत्ता पर भी भारी प्रभाव पड़ेगा। कम पानी खर्च कर इससे खेती की जाएगी, जिससे किसान अच्छा मुनाफा पा सकेगा। ड्रिप सिंचाई सिस्टम से किसान अपनी आय को दोगुना करने के साथ फसल की गुणवत्ता को भी अच्छा कर पाएंगे और उन्हें इस ड्रिप सिंचाई सिस्टम में 90 प्रतिशत का अनुदान भी दिया जाएगा। दो हेक्टेयर वाले किसान को 90 प्रतिशत और दो हेक्टेयर से अधिक भूमि रखने वाले किसान को 80 प्रतिशत तक अनुदान की योजना दी गई है।यह अनुदान सब्सिडी के माध्यम से किसानों के खाते में पहुंचाया जाएगा। इसी क्रम में जनपद अम्बेडकर नगर में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना पर ड्राप मोर क्रॉप के अंतर्गत जिला गन्ना अधिकारी सी. एल. यादव, अरविंद सिंह मिझौड़ा चीनी मिल के प्रबंधक एवम जनपद के समस्त गन्ना पर्यवेक्षक की उपस्थिति में किसानों के प्रक्षेत्र पर ड्रिप सिंचाई के संबंध चर्चा हुई। जिससे गन्ना के लक्ष्यों की पूर्ति की जा सके।

**ड्रिप सिंचाई से पानी की होगी बचत : धर्मेंद्र चन्द्र चौधरी**

**जिला उद्यान अधिकारी**

धर्मेंद्र चन्द्र चौधरी ने बताया कि विभाग की तरफ से घर-घर जाकर किसानों को इस ड्रिप सिस्टम के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिले में सैकड़ो किसानों को इस योजना से जोड़ा जा चुका है और आने वाले समय में इस योजना से अन्य किसान भी जुड़ने के लिए अपनी सहमति जाहिर कर चुके हैं। वहीं पोर्टल पर ड्रिप सिस्टम के लिए आवेदन कर सकते हैं और उद्यान विभाग में आकर भी ड्रिप सिस्टम के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिससे उन्हें सरकार की इस योजना का भरपूर फायदा मिल सके

**कैसे काम करता है ड्रिप सिंचाई सिस्टम :-**

किसान के नलकूप से ड्रिप सिंचाई सिस्टम को जोड़ दिया जाता है, जिसकी लाइन पूरे खेत में बिछा दी जाती हैं। जिससे पौधे की जड़ में पानी आसानी से पहुंच जाता है और पौधे को जरूरत के अनुसार पानी मिलता है, जिससे पौधा अधिक उपजाऊ हो जाता है।खेत की जुताई के समय पर फिर से ड्रिप सिंचाई सिस्टम को हटाकर खेतों की बुवाई की जाती है और फसल उगाई जाने के बाद फिर से इसे खेत में बिछाया जाता है। यह एक आसान विधि है जिससे किसानों की आय दोगुनी हो सकेगी और पानी बचाकर खेती की जा सकेगी।

# एसडीओ और मीटर रीडरों के गठजोड़ से चल रहा है खेल

**एसडीओ कटेहरी वरुण कुमार की कार्य की हों चर्चा.....**

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकर नगर।** लगातार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं से मधुर संवाद रखने की अपील की जाती रही है, लेकिन कुछ अधिकारी ऐसे हैं जिन्हें अपने पद का घमंड इतना ज्यादा होता है कि वह स्वयं को मुख्यमंत्री से कम नहीं समझते हैं। हालांकि समय- समय पर ऐसे अधिकारियों पर मुख्यमंत्री का चाबुक चलता आया है, लेकिन फिर भी कुछ अधिकारी ऐसे हैं जो सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे ही अधिकारियों में इन दिनों अम्बेडकर नगर जिले के एसडीओ कटेहरी वरुण कुमार की चर्चा सुनने को मिल रही है । मिली जानकारी के अनुसार अभी तक इनकी दर्जनों शिकायतें मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंच चुकी हैं। अब देखना यह होगा कि साहब कब तक अपने पद का रौब उपभोक्ताओं पर उतार पाएंगे ।एसडीओ कटेहरी का कार्यालय अपने कार्यक्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, ऐसे में उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं को क्षेत्र के एसडीओ तक पहुंचाने में पूरे दिन का समय लग जाता है, जरूरी यह भी नहीं है कि एसडीओ के पद पर बैठे तानाशाह एक बार में उपभोक्ता की समस्या का निराकरण कर दें । ज्यादातर मामलों में उपभोक्ताओं को दो से तीन बार कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, ऐसे में दिहाड़ी मजदूरी करने वाले, खेतीहर मजदूर और किसानों को का सामना करना पड़ रहा है । लेकिन जिले के विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इन सब पर अपनी आंखें बंद कर को छूट देकर बैठे हुए हैं ।जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा लगातार अधिकारियों को जनता की समस्याओं को त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया जाता रहा है, उसका पालन अंबेडकर नगर जिले के उपखंड अधिकारी कटहरी करते नजर नहीं आ रहे हैं । पिछले दिनों एक उपभोक्ता ने जब अपने बिल संशोधन में विलंब के लिए एसडीओ से प्रश्न पूछा तो उन्होंने उसके प्रार्थना पत्र को अपने कार्यालय के बाहर फेंकते हुए उस पर चोरी का मुकदमा करने की धमकी तक दे डालें । इस तरह के मामले प्रत्येक दिन देखने को मिल रहे हैं, शायद ही किसी आम आदमी का बिजली बिल रिवाइज्ड एसडीओ कटेहरी ने किया हो । हां इतना जरूर है यदि आप किसी दलाल के माध्यम से एसडीओ कटेहरी को खुश कर पाते हैं तो निश्चित तौर पर आपका बिल मिनट में रिवाइज्ड हो जाएगा।

**एसडीओ और मीटर रीडरों के गठजोड़ से चल रहा है खेल :-**

एसडीओ कटेहरी ने मीटर रीडरों के साथ गठजोड़ कर ऐसा नेटवर्क तैयार किया है जिसमें आम उपभोक्ता पिसते नजर आ रहे हैं, इस गठजोड़ का नतीजा यह है कि प्रत्येक माह हजारों की संख्या में गलत बिल बनाए जा रहे हैं और बिल सही करने के नाम पर बड़े पैमाने पर धन उगाही की जा रही है। क्योंकि आम आदमी के पास बिल सही कराने के लिए पूरा दिन का समय नहीं है, ऐसे में वह दलालों के माध्यम से कुछ पैसे देकर अपना बिल सही कराना ज्यादा बेहतर समझता है । इस प्रकार के गठजोड़ से कटेहरी जोन से जुड़े हुए अधिकारी मालामाल हो रहे हैं।

इस चक्रव्यूह में जब आम उपभोक्ता फंसता है तब वह अधिकारियों के बजाय सरकार की कार्यशैली और नीतियों को कोसता है। उसे यह लगता है कि विद्युत विभाग के द्वारा जो उसका शोषण हो रहा है, उसमें सरकार की मंशा है और इससे सरकार के ग्निन्लाफ माहौल होता है 1/1 त विभाग एक ऐसा विभाग है जिससे हर परिवार जुड़ा हुआ है और यदि उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश रहेगा तो निश्चित तौर पर सत्ताधारी दल को इसकी कीमत चुनावों में चुकानी पड़ेगी ।

# लाखों रुपए खर्च शवदाह गृह फिर भी बीरान

दैनिक केसरिया हिन्दूस्तान
अयोध्या मंडल ब्यूरो

**अम्बेडकरनगर।** शवदाह गृह निर्माण के नाम पर केंद्र और राज्य सरकार अंधाधुंध बजट खर्च कर रही है। जिम्मेदार तो लाल हो गए, लेकिन गंगा मैली ही रह गईं। लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए शवदाह गृह का अंतिम संस्कार हो गया। हकीकत तो यह है कि निर्माण एजेंसियों ने इस कदर निर्माण में गड़बड़ी की है कि प्रयोग करने के पहले ही योजना धराशायी हो गई। अकबरपुर ब्लाक के अमरौला गांव में बने शवदाह गृह को देख ऐसा ही लगेगा। अमरौला में शव के अंतिम संस्कार के लिए लाखों रुपये की लागत से शवदाह गृह तो बनाया गया, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि 58 लाख 60000 रुपए से निर्मित शव दाह गृह ,स्नान ग्रह और विश्राम गृह का कुछ अस्तित्व नहीं दिखाई दे रहा है।देखरेख के अभाव में इस शवदाह गृह की उपयोगिता खठम होने के कगार पर पहुंच चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां सुविधाएं होतीं तो लोगों को दाह संस्कार के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। स्वजनों का निधन होने पर लोगों को मजबूरी में अम्बेडकरनगर में तमसा किनारे अंतिम संस्कार करना पड़ता है। यहां लकड़ी की भी व्यवस्था करने में मुश्किल होती है। छह साल में ही देखने पर यह वर्षों पुराना लगता है। यहां पहुंचने के लिए रास्ता भी सही नहीं है। इसके परिसर में शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हो जाता है। ग्रामीणों ने कई बार पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई असर नहीं पड़ा।यहां दु?र्व्यवस्थाओं के बीच लोगों को दाह संस्कार करना पड़ता है। यही नहीं यहां श्मशान घाट पर नगर पालिका द्वारा लगवाए गए सोलर लाइट भी गायब हो चुके हैं जिसको लेकर पालिका प्रशासन तनिक भी चिंतित नहीं है अगर आम जनमानस रात्रि में शवदाह के लिए जाए तो अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ेगा इसमें दो राय नहीं है।

# धुंध व कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को खत्म करने को लेकर उपायुक्त ने विभागों को दिए निर्देश

**-उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने सर्दी व कोहरे के मौसम में वाहन चालकों से की सावधानी बरतने की अपील**

**नूंह, नीरज सोनी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान**



जिला में धुंध व कोहरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने संबंधित विभागों को जरूरी एवं आवश्यक के दिशा निर्देश दिए हैं। इसके साथ-साथ उपायुक्त ने वाहन चालकों से भी धुंध व कोहरे में सावधानी बरतने की अपील की है।

उपायुक्त ने कहा है कि सर्दी के मौसम में धुंध व कोहरे के कारण सड़कों पर कम दृश्यता होना सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनता है।

उपायुक्त ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में सड़क व फुटपाथ को बाधित करने वाले पेड़-पौधों की टहनियों की कटाई-छंटाई करें। पेड़-पौधों की टहनियां आदि की अतिवृद्धि जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है, की कटाई छंटाई जरूरी है।

इसी प्रकार उपायुक्त ने सड़कों पर सफेद, पीली पट्टी, कैटआई, हजार्ड मार्कड, पेट बोर्ड, जेबरा क्रासिंग तथा रम्बल रिट्रप्स आदि लगवाने के लिए लोक निर्माण विभाग व एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं ताकि धुंध के चलते वाहन चालकों को वाहन चलाने में आसानी हो।

इसके साथ-साथ उपायुक्त ने वाहनों से भी धुंध व कोहरे में सावधानी बरतने की अपील की है। सर्दी कोहरे के मौसम में एहतियात उपायों से नागरिक स्वयं ही नहीं, बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रख सकें।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में कोहरे व धुंध के चलते सड़कों पर दृश्यता कम रहने की संभावना है। ऐसे में सड़कों पर वाहन का प्रयोग करते समय अधिक सावधानी बरतनी होगी। वाहन मालिक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हो। कोहरे के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो-बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें, क्योंकि धुंध के दौरान हाई-बीम हेड लाइट कारगर नही होती है। इंडिकेटर को भी ऑन रखें ताकि दूसरे वाहन को भी आपकी कार का पता चल सके। यदि कोहरे के कारण दृश्यता कम हो जाती है तो ऐसी स्थिति में फॉग लाइट को उपयोग अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि दृश्यता बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सड़क पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। ड्राइव करते समय जरूरी है कि आपका पूरा ध्यान सड़क पर हो। धुंध के दौरान गाड़ियो की गति सीमा नियंत्रित रखने व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचे। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिए है कि वे वाहन चालकों को इस बारे में निरंतर जागरूक करते रहें।






# मथुरा के दो स्थानों पर हुआ अग्निकांड, भगदड़ व् डूबने के परिदृश्य पर मेगा मॉक एक्सरसाइज' का आयोजन

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**

मथुरा। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्राधिकरण के तत्वाधान में शैलेन्द्र कुमार सिंह जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 卐अग्निकांड, भगदड़ व् डूबने के परिदृश्य पर मेगा मॉक एक्सरसाइज卐 का आयोजन जनपद में चिन्हित दो स्थलों पर किया गया। स्वर्ण जयंती अस्पताल पर अग्निकांड व् भगदड़ परिदृश्य पर व यमुना घाट, तहसील महावन पर डूबने के परिदृश्य पर ड्रिल का आयोजन किया गया।

योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी(वि/रा) इंसिडेंट कमांडर की भूमिका निभाते हुए कण्ट्रोल रूम में स्वर्ण जयंती हॉल में अग्निकांड व् भगदड़ की सूचना उपलब्ध होने पर घटना स्थल पर पहुंचे जहा पर कुल 08 व्यक्तियों को प्रभावित बताया गया जिनका रेस्क्यू अग्निशमन विभाग व् सिविल डिफेन्स के स्वयंसेवको के द्वारा कराया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के उपरांत 02 व्यक्तियों को डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया व् 06व्यकितयों को प्राथमिक उपचार मेडिकल पोस्ट पर ही उपलब्ध कराया गया। उक्त मॉक ड्रिल के बाद यमुना घाट पर डूबने के परिदृश्य पर मॉक ड्रिल कराया गया जिसमे दो व्यक्तियों के डूबने का परिदृश्य बना कर प्रशिक्षित आपदा मित्रो की टीम की सहायता से उनका रेस्क्यू किया गया, रेस्क्यू के उपरांत मेडिकल पोस्ट पर प्राथमिक उपचार के बाद उनको डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल रवाना किया गया। मॉकड्रिल के दौरान योगानन्द पाण्डेय अपर जिलाधिकारी(वि/रा), सुशील कुमार, आपदा विशेषज्ञ, अग्निशमन अधिकारी अपनी टीम के साथ, पुलिस/प्रशासन की टीम, सिविल डिफेन्स टीम, आपदा मित्र आदि मौजूद रहे

# 48 घंटे के बाद भी बेखौफ लुटेरों का चौकी पुलिस नहीं लगा पाई कोई सुराग


**बेखौफ लुटेरों ने हसवा कस्बे मे लूट की वारदात को दिया अंजाम, सी सी टी वी कैमरा में घटना क़ैद, रिपोर्ट दर्ज**

**ठेले मे सामान बेच रहे युवक का पैसो से भरा झोला छीन कर लुटेरे हुऐ रफू चक्कर**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फतेहपुर**

**ब्यूरो चीफ़ रन्नो सिंह**



फतेहपुर। थाना थरियाव के हसवा चौकी छेत्र मे इन चोर व लुटेरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। जिसके चलते बेखौफ लुटेरे अब सारे शाम ही ग्रामीणों को निशाना बना रहे है। एसा मामला हसवा कस्बे मे देखने को मिला जहाँ लूट की घटना को अंजाम दें कर फरार होगए । आपको बतादें की पूरा मामला हसवा कस्बे से सामने आया जहाँ बाईक सवार अज्ञात लुटेरों ने ठेले मे सामान बेच रहे युवक का पैसो से भरा झोला छीन कर भागे । और जब ग्रामीणों ने पीछा किया तो बाइक मे बैठकर फरार हो गऐ। आपको बता दें कि बीती शाम करीब सात बजे के तकरीबन दिलदार अली पुत्र मरहूम हसवा अड्डे वाली मस्जिद के पास मुंगफली का ठेला लगाया हुआ था बीती शाम सात बजे के आस पास में ठेलिया के पास दो अज्ञात व्यक्ति आये और सामान लेने को बोले जितने में मैं उन्हे पट्टी व मूंगफली देने लगा उतने में वह लोग वही ठेलिया के एक तरफ पड़े झोले में रखे करीब 8000/- रुपये उठा कर ले गये दोनो एक मोटर साइकिल से थे लेकिन जब तक दुकानदार पट्टी मूंगफली लेकर दूसरी तरफ से आये तबतक वह लोग पैसे लेकर जा चुके थे काफी तलाश किया लेकिन वह चोर नही दिखाई दिये फ़िर चौकी पुलिस को सूचना दी पूरी चोरी की वारदात की घटना सीसीटीवी कैमरा में क़ैद वहीं थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है जांच पड़ताल की जा रही है घटना का खुलासा जल्द होगा।

# रोड निर्माण के नाम पर लीपापोती के विरुद्ध ग्रामीणों ने गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक के साथ उठाई आवाज

**लंबे इंतजार के बाद बन रही रोड में मानको को ताक में रख कर गुणवत्ताविहीन मैटेरियल के प्रयोग से स्थानीय लोग आक्रोशित**

**स्कूल और आंगनबाड़ी के पास के ब्रेकरों को मिटाया, बच्चों की जान जोखिम का खतरा भी लगा मंडराने**

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान फतेहपुर**
**ब्यूरो चीफ़ रन्नो सिंह**



**फतेहपुर/बहुआ।** गाजीपुर रोड फिर से उस समय चर्चे में आ गई जब जागरूक स्थानीय लोगों द्वारा गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के साथ मिलकर रोड निर्माण मे हो रहे भ्रस्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई गई जहाँ गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक द्वारा इस रोड के निर्माण हेतु पूर्व से ही लगातार किये जा रहे प्रयासो के उपरांत जर्जर बहुआ गाजीपुर रोड जो जानलेवा गड्डों में तब्दील हो चुकी थी जिसका निर्माण कार्य शुरू तो हुआ है लेकिन शनिवार को सुजानपुर के पास निर्माण कार्य के दौरान जब मौके पर अध्यक्ष हेमलता पटेल पहुंची तो देखा रोड में मिट्टी के ऊपर ही डामर डालते हुए गुणवत्ता विहीन मैटेरियल का प्रयोग कर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही थी आक्रोशित अध्यक्ष के साथ ग्रामीणों ने बताया की वर्षों के उपरांत बन रही इस रोड के निर्माण के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है मिट्टी के ऊपर ही डामर डाला जा रहा है मानकों को ताक में रख कर निर्माण किया जा रहा है स्कूल ,आंगनबाड़ी के पास के पूर्व से बने ब्रेकरो को भी हटा दिया गया है जिससे बच्चों एवं स्थानीय लोगों पर जान जोखिम का खतरा मंडराने लगा है अध्यक्ष हेमलता पटेल ने मौके पर ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं एक्स ई एन अरविंद कुमार से फोन मे बात करके इस भ्रस्टाचार को रोक कर सही से निर्माण कार्य कराये जाने एवं जहाँ पहले से ब्रेकर बने थे वहाँ ब्रेकर निर्माण कर बच्चों की सुरक्षा और मानक अनुसार रोड बनाये जाने की मांग की है।

# तहसील मांट में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, डीएम ने सुनीं शिकायतें

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/ नीरज चतुर्वेदी**



**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील मांट में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को ध्यान पूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / उप जिलाधिकारी मांट अभिनव जे जैन ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज मांट तहसील में कुल 44 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतें संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दी गई है। वहीं जिलाधिकारी ने राजस्व से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता से किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए के जनता के प्रति पुलिस का बड़ा ही सरल व समृद्ध व्यवहार होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता ही सर्वोपरि होती है, जनता की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

इसी क्रम में उप जिलाधिकारी महावन आदेश कुमार ने जानकारी देते बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आज महावन तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 27 शिकायतें प्राप्त हुई। उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि तहसील गोवर्धन में 13 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी छाता श्वेता ने बताया कि छाता तहसील में 18 शिकायतें प्राप्त हुई तथा उप जिलाधिकारी सदर वैभव गुप्ता ने बताया कि तहसील सदर में 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

# राइस मिल में मजदूर की मौत, शव रखकर परिजन ने किया प्रदर्शन


**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम**

राइस मिल में मजदूरी करने गए एक मजदूर की संदिग्ध हालत में मौत हो गई जिससे परिजन भड़क गए उन्होंने मिल मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव राइस मिल के गेट पर रखकर प्रदर्शन किया मामला बढ़ता देखकर स्थानीय विधायक और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देखकर शांत कराया गांव सिरसा के लाल बहादुर और राजेश शर्मा राइस मिल में मजदूरी करते थे गुरुवार रात लाल बहादुर सहेला प्लांट में काम करते हुए संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोश हो गया जिससे उसकी मौत हो गई राजेश की हालत बिगड़ने पर उसे बरेली अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां उसका इलाज जारी है शुक्रवार रात शव घर पर पहुंचने पर परिजन शौक में डूब गया शनिवार सुबह ग्रामीणों के साथ परिजन राइस मिल पहुंचे और शव गेट पर रखकर पर प्रदर्शन किया उन्होंने मिल मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की घटना की सूचना मिलते ही भाजपा विधायक बाबूराम पासवान एसडीम अजीत सिंह और पुलिस टीम मौके पर पहुंची उन्होंने परिजनों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया एसडीम अजीत सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को लेकर बात की गई है उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है फिलहाल मामले की जांच जा रही है

# घुमक्कड़ अर्धघुमक्कड़ जाति का पहला प्रमाण पत्र सिंगरौली जिले में जारी

**संवाददाता लाल बहादुर सिंह**

मध्य प्रदेश शासन के द्वारा 2018 अक्टूबर में आदेश जारी कर गडरिया वा पाल को घुमक्कड़ अर्धघुमक्कड़ जाती में शामिल किया था लेकिन जानकारी के आभाव में सिंगरौली जिले में एक भी प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए थे 2वर्ष के अदालती वा जमीनी संघर्ष के बाद जागेश्वर पाल ग्राम भुरतिया टोला का जिले में पहला प्रमाण पत्र 24/12/2024 को यस डी एम चितरंगी श्री सुरेश जादव द्वारा जारी किया गया। जिले में 30 हजार लोगों को लाभ मिलेगा।



# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे प्राइवेट अस्पताल का बोर्ड हटा पर संचालन जारी

**संचालक गैर कानूनी कार्य करने के बदलने लगे तरीके**

सीतापुर। चर्चाओं के दौर से गुजर रहा जिले के प्राइवेट अस्पतालों का संचालन अब और अधिक चर्चाओं के दायरे में आ गया हैं। मिश्रिख के एक अस्पताल प्राइवेट अस्पताल में अपने प्राइवेट अस्पताल पर लगा बोर्ड ही हटवा दिया और उसके बाद जोर शोर के साथ संचालन जारी है। यह अस्पताल पहले बोर्ड लगाकर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करता था शिकायते होने लगी तो संचालक ने अस्पताल के भवन से बोर्ड ही हटवा दिया। मिली जानकारी के अनुसार मिश्रिख कस्बे में मां लक्ष्मी के नाम से संचालित हो रहा प्राइवेट अस्पताल जिसके रजिस्ट्रेशन पर भी सवाल खड़े हो रहे है। पहले इस अस्पताल की बिल्डिंग पर मां लक्ष्मी हास्पिटल का बोर्ड लगा था लेकिन अस्पताल के संचालक यथा नामे वथा गुणे के आधार कार्य करने लगे संचालक केवल मरीजों के मर्ज पर ध्यान कम देते थे और मरीजों की जेब पर गीद्ध दृष्टि बनाये रखते थे। जब इस अस्पताल में ज्यादा लूट खसोट होने के साथ ही इस अस्पताल मे मरीज कम और दलालों की संख्या ज्यादा हुई जागरूकों और पीड़ितों ने इस अस्पताल की लिखित से लेकर मौखिक शिकायते की जिस पर अपने को सुरक्षित करने के लिये अस्पताल के संचालक ने अस्पताल के भवन पर लगा बोर्ड ही हटा दिया और अब इस अस्पताल का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। अशाओं से लेकर अन्य तरह के लोग यहां पर दलाली करते है और मरीज से वसूल किये गये कुल धन का एक बड़ा भाग दलालों को दिया जा रहा है। मिश्रिख कस्बे में यह अस्पताल चर्चाओं के दौर से गुजर रहा है।

# बीजापुर पत्रकार के हत्या के आरोपियों पर तत्काल सख्त कार्यवाही करने भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ सूरजपुर ने सौंपा ज्ञापन

**संघ के संभागीय अध्यक्ष राकेश जायसवाल की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष सूरजपुर मोहन प्रताप सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर सूरजपुर को सौंपा ज्ञापन**

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ जिला इकाई सूरजपुर द्वारा पत्रकार के हत्या में सम्मिलित आरोपियों पर तत्काल कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने का किया गया मांग

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

उदित ठाकुर




**सूरजपुर।** बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या को लेकर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ जिला इकाई सूरजपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष महेश प्रसाद के दिशा निर्देश, संभागीय अध्यक्ष सरगुजा राकेश जायसवाल के मार्गदर्शक और जिला अध्यक्ष सूरजपुर मोहन प्रताप सिंह के नेतृत्व में वही जिला कार्यकारणी पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति में हत्यारों पर जल्द से जल्द और कठोर कार्यवाही करने को लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम जिला कलेक्टर सूरजपुर एस. जयवर्धन को ज्ञापन सौंपा। संभाग अध्यक्ष सरगुजा राकेश जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर में युवा पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की बेहरमी से हत्या हुई है। हत्या की वजह मुकेश की निष्पक्ष और बेबाक पत्रकारिता रही है। उन्होंने बीजापुर क्षेत्र में भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर किया। इसकी कीमत उसे जान देकर चुकानी पड़ी। मुकेश की मौत से देश और सूरजपुर जिले की पत्रकारिता जगत में आक्रोश और शोक व्याप्त है।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ जिला इकाई सूरजपुर छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष मोहन प्रताप सिंह ने बताया कि पत्रकारिता जगत में पत्रकारों में हमेशा डर बना रहता है कि कब और कौन किस मामले में एफआईआर दर्ज करवा देगा, कब कौन झूठे मुकदमे में फंसा देगा, कब और कौन कहा किस पत्रकार का हत्या कर देगा जैसे बीजापुर के जांबाज पत्रकार मुकेश चंद्राकर के साथ घटना हुई है जो हमेशा बेबाक पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे ठीक ऐसी ही धमकियां समय-समय पर पत्रकारों को मिलती रहती है। पूर्व और वर्तमान की घटनाओं से यह प्रतीत होता है कि पत्रकारों को धमकियां देना, मारना आसान हो गया है।

इन परिस्थितियों में को देखते हुए क्या सरकार आने वाले समय में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर मापदंड सुनिश्चित की जाएगी जहा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हर महीना प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाता है लेकिन सरकार पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर होती दिखाई नहीं दे रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोहित राजवाड़े, सूरज साहू, उदित नारायण ठाकुर, मिथलेश ठाकुर, शशि रंजन सिंह, राजेंद्र पासवान, राजू जायसवाल वही जिले के अन्य पत्रकार इमाम हसन (पानू), नितेश गुप्ता, शमरोज खान, नीरज साहू, लौकेश गोस्वामी, कृष्णा सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहें।



# मेघवाल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह कल रोहट में

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रोहट से चन्द्राराम भाटी की रिपोर्ट

श्री मारवाड़ मेघवाल सेवा संस्थान शाखा रोहट का तृतीय प्रतिभा सम्मान समारोह बाबा रामदेव जी महाराज की बेरी रोहट में आयोजित होगा। संस्थान के सचिव कला राम बामनिया ने बताया कि इस समारोह में समाज की दसवीं, बारहवीं, उत्कृष्ट खिलाड़ी नव नियुक्त कर्मचारी, वर्ग से 85 प्रतिभाओं तथा गौरवपूर्ण राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का बहुमान किया जाएगा।आज शाखा कार्यकारिणी एवं सदस्यों ने बैठक कर कार्यक्रम की समीक्षा की तथा तैयारियां को अंतिम रूप दिया।आज बैठक में श्री भानाराम जयपाल, मदनलाल बामनिया, ओमप्रकाश परमार, सोहनलाल दूदिया, राजेश पंवार दूदिया, प्रकाश बामनिया, मदनलाल बामनिया रामपुरा, प्रताप लवा , संजय लवा, हेमाराम पंवार, कानाराम ढाबर, हरिराम जयपाल, चंद्राराम भाटी,नैनाराम चौहान, सोहनलाल भाकरीवाला,थानाराम पंवार, रूपाराम गोयलसूजाराम पंवार, धन्ना राम मालवा, हनुमान गरवलिया, ओमप्रकाश नेहड़ा, बंशीलाल जयपाल, रामचंद्र पंवार रमेश बामनिया इत्यादि उपस्थित रहें।

# दंतैल हाथी का उत्पात जारी केदलीपारा बगड़ा में एक भैंस व एक भैंसा को पटककर मार डाला व पड़िया को घायल कर दिया

### ग्रामीणों का आरोप की वन विभाग वाले हाथी को गांव की ओर भगा देते हैं

### पण्डोपारा बगड़ा मे प्राथमिक शाला के दिवाल को मारा तो दिवाल केक्र हो गया

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

उदित ठाकुर



**सूरजपुर/जरही।** जिले के वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत सोनगरा , बोझा , चंद्रपुर कोथारी व खड़गवां में नुकसान करने के बाद आज छठवें दिन शुक्रवार की रात में दन्तैल हाथी केंदली पारा बगड़ा के निवासी श्यामलाल पैंकरा आत्मज जेठू के एक भैंस व एक भैंसा को पटककर मार डाला व पड़िया को घायल कर दिया है. शुक्रवार की रात्रि जब ग्रामीण जान बगड़ा में सो रहे थे. तभी यह घटना घटित हुई. घटना के दूसरे दिन 11ः00 बजे वनरक्षक अमरनाथ रवि सर्वे करने आए व खाना पूर्ति कर चले गए

**ग्रामीणों का आरोप :-**

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग द्वारा हम लोगों का कोई सहायता नहीं किया जा रहा बल्कि एक वाहन हाथी मित्र दल को दे दिया गया है जो की सही ढंग से हाथी का लोकेशन तक नहीं बता पाते बल्कि उल्टा ग्रामीणों से फोन पर पता करते हैं कि हाथी किधर है. ऐसे लापरवाही से बगड़ा के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. समाचार लिखे जाने तक दन्तैल भरदा में अपने साथियों के साथ में है.

**ग्रामीणों में दहशत :** लगातार हो रहे हमले से ग्रामीण रात में सोने से डर रहे हैं . हाथी के हमलो से जहां ग्रामीणों का जीवन संकट में है साथ ही उनके मवेशी और संपत्ति भी खतरे में है।

**मृतक मवेशी का मालिक श्यामलाल कंवर का बयान :** हाथी दल मौके पर नहीं पहुंचा. हाथी गश्ती वाहन भी नहीं पहुंचा था जिससे उन्हें पता नहीं चल पाया की हाथी इधर है और दुर्घटना हो गया. वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को टॉर्च भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा।

# कार्यकर्ता ही मेरी असली ताक़त हैं-सुशील टिबड़ेवाल



**निचलौल (महराजगंज)।** दिन शनिवार को शगुन मैरिज हाल में पर समाजवादी पार्टी का सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कड़ाके की ठंड में सैकड़ो की संख्या सिसवा विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष का कार्यकर्ता सहभोज कार्यक्रम निचलौल में पहुंचे। 2022 में सिसवा विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रहे, उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुशील कुमार टिबड़ेवाल हर वर्ष कार्यकर्ताओं के साथ सहभोज कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सुशील कुमार टिबड़ेवाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता ही मेरी असली ताक़त हैं,अपने जीते जी किसी भी कार्यकर्ता पर कोई आंच नहीं आने दूँगा, सरकार के नीति के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक की लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सभी का संकल्प होना चाहिए कि जनता से जुड़े मुद्दों पर का हम समाधान करायें और इसके लिए सड़कों पर उतर कर जन आंदोलन करें। टिबड़ेवाल ने कहा कि हर एक सपा कार्यकर्ता के जीवन का लक्ष्य सिर्फ़ एक होना चाहिए कि 2027 में हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है इसके लिए हम सभी अभी से लग जायें और हर एक दिन पार्टी को मजबूत बनाने का काम करें। कार्यक्रम का संचालन सपा ज़िलाध्यक्ष विद्यासागर यादव ने करते हुए कहा कि यहाँ पर कड़ाके की ठंड के बावजूद जुटी भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया है कि 2027 में यहाँ की जनता सुशील कुमार टिबड़ेवाल को अपना विधायक चुनने जा रही है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि अब वह वक्त आने जा रहा है जब इस सिसवा विधानसभा से अपने बीच के बेटे सुशील कुमार टिबड़ेवाल को उत्तर प्रदेश की विधानसभा में भेजना है ताकि इस क्षेत्र का समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें प्रमुख रूप से सपा के वरिष्ठ नेता और महराजगंज नगर पालिका के अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्मेश मंगल, सपा के पूर्व ज़िलाध्यक्ष राजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष महातम यादव, पारसनाथ यादव, अमरनाथ उर्फ़ लल्ला यादव, तैयब अंसारी, राजू दूबे, प्रणय गौतम कन्नौजिया, राधेश्याम मौर्य, शत्रुघ्न कन्नौजिया, जिला महासचिव शमसुद्दीन अली, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवेन्द्र प्रताप उर्फ़ बब्बू शाही, संतोष कृष्ण त्रिपाठी, विधानसभा अध्यक्ष कैलाश प्रजापति, विक्रम यादव, अर्जुन यादव, बैजू यादव, राकेश सिंह रिंकू, भोला यादव, राकेश गुप्ता, यज्ञदत्त पासवान, जिला पंचायत सदस्य राम आशीष यादव, बहुआर के ग्राम प्रधान श्यामसुंदर गुप्ता, बोनी शेख, घनश्याम मौर्य, जाफ़र अली, संजय यादव, विमलेश पटेल, राजकुमार पटेल, शैलेश अग्रवाल, ईश्वर यादव, अयूब सिद्दीकी, विजय यादव, गुड्डू पांडेय, अमित यादव, प्रमोद शर्मा, विजय जायसवाल, अमरनाथ यादव, गोपाल अग्रवाल, हीरालाल ज़ख्मी, प्रतीक जोशी, बिट्टू यादव, मानसिंह यादव, मनोज पांडेय, शौकत अली, इंद्रमणि यादव, मनोज चौधरी, राकेश मद्देशिया, हर्ष तिवारी, संतोष गुप्ता, कुंदन सिंह, पंकज पांडेय, जनार्दन गुप्ता, रमेश विश्वकर्मा, सिब्बू बनारसी, अरविंद मिश्रा, रामसागर चौरसिया, मोहन विश्वकर्मा, रामकृपाल विश्वकर्मा, विद्यासागर तिवारी, श्रवण कुमार शर्मा, रामनाथ साहनी, त्रिलोकी साहनी, बलराम भारती, हरद्वार गुप्ता, फैजुल्लाह अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# नाम बदलकर युवती से यौन शोषण ,शादी का झांसा देकर किया रेप

केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता वीरू गौतम




पीलीभीत सुनगढ़ी क्षेत्र के एक युवक ने नाम बदलकर एक युवती को प्रेम जाल में फसाया और शादी का झांसा देखकर दो वर्षो तक शारीरिक शोषण किया मामला जब खुला जब युवती के पिता ने अपनी बेटी और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया

युवती के पिता ने सुनगढ़ी थाने में दी तहरीर में बताया कि उनकी 19 वर्षीय बेटी नजम पुत्र आजाद निवासी मोहल्ला कच्ची हवेली थाना जहानाबाद ने अपना नाम विशाल बात कर धोखा दिया युवती आरोपी को अपने धर्म का समझकर उससे शादी की उम्मीद लगाए बैठी थी जब युवती के परिवार ने नजम के असली नाम और पहचान का पता लगाया तो उन्होंने नजाम के परिवार से बातचीत की इस पर आरोपी के परिजनों युवती का धर्मांतरण कर शादी करने का आश्वासन दिया

घटना 3 जनवरी की है जब युवती के पिता ने आरोपी नजम और उनकी बेटी को गोहनिया चौराहे के पास पकड़ लिया आरोपी ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थाना प्रभारी सुनगढ़ी पवन कुमार पांडे ने बताया आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर

# आगरा पुलिस में शिष्टाचार का माहौल देखने को मिला

दीवान सिंह सिकरवार (आगरा मंडल ब्यूरो चीफ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार)




**आगरा।** पुलिस का मतलब है रक्षक जो समाज के रक्षा के रूप में तैनात किया जाता है लेकिन पुलिस के कुछ चंद कर्मचारियों की वजह से अच्छे पुलिस के लोगों का नाम भी खराब होता है एक आमजन अपनी परेशानी को एक डर से साझा नहीं कर पाते है पुलिस आमजनता की रक्षा के लिए होती है लेकिन आमजनता में पुलिस का डर बना रहता है इसी बात को देखते हुए आगरा पुलिस ने एक नया माहौल बनाया है जिसमें शिष्टाचार नीति का पालन करने का निर्णय लिया है जो निम्न प्रकार है।

**कमिश्नरेट आगरा में नियुक्त पुलिस कार्मिकों के लियें शिष्टाचार संवाद नीति :-**

आक्रामकता तथा व्यंग्य से बचते हुए, शांत और संयमित तरीके से जनता के साथ व्यवहार करेंगे। तुम अथवा तू के स्थान पर आप का प्रयोग किया जायेगा। किसी भी दशा में तू अथवा तुम का प्रयोग नही किया जायेगा। ज़ महिलाओं, बच्चों, दिव्यांग जन, वरिष्ठ नागरिक एवं ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के साथ मी सद्व्यवहार किया जाये, उन्हें धैर्यपूर्वक सुना जाये व उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी अवगत कराया जाए। विकलांग पुरुष/ महिला को दिव्यांग जन ही बोला जायेगा। ज़ महिलाओं की समस्याओं को महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिला हेल्प डेस्क पर ही सुना जाये और उनका नियमानुसार यथासम्भव निस्तारण किया जाये। महिला वादी/पीड़िता की गोपनीयता भंग न हो। ज़ सी.यू.जी. व्यक्तिगत मोबाइल फोन पर अच्छी भाषा का इस्तेमाल किया जाये। अपमानजनक या असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया जाएगा। ज़ थाना, चौकी एवं कार्यालयों में आगंतुकों के बैठने के लिये पर्याप्त कुर्सियों की व्यवस्था की जाये। आगंतुको के लिए जल और मिष्ठान्न तथा बच्चों के लिए टॉफी, चॉकलेट की यथासम्भव व्यवस्था की जाये। आवेदक का नाम बोलते समय सम्बन्धित के नाम के अन्त में जी का प्रयोग किया जाये (यथा श्री सुरेश कुमार जी आदि)। ज़ प्रार्थना पत्रों की जाँच आख्या में आवेदक प्रार्थना पत्र देने का आदी है अथवा आदतन प्रार्थना पत्र देता है, जैसे शब्दों को कदापि अंकित न किया जाये। जातिगत/धर्मगत बातों के संबंध में संवेदनशीलता बरती जाए।

किसी भी थाना/चौकी के गेट से किसी व्यक्ति को भगाया नहीं जायेगा। आगंतुकों के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाएगा। कोई व्यक्ति थाने आता है तो उसे चौकी पर नहीं भेजा जायेगा। उसकी समस्या का समाधान नियमानुसार थाने पर ही किया जाएगा।

किसी घटना के घटित होने पर तत्काल एफ.आई.आर. पंजीकृत की जाये। पीड़ित व्यक्ति को अनावश्यक नहीं बैठाया जाये। मुल्जिम को थाना कार्यालय में न बिठा कर हवालात में ही बिठाया जाए। किसी भी महिला को रात्रि में थाने पर नहीं बुलाया जायेगा। पीड़ित/पीड़िता की समस्त जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

किसी भी कार्य के लिए किसी भी प्रकार की अनुचित माँग अथवा शोषण/मानसिक शोषण नहीं किया जायेगा। थाना परिसर/पुलिस लाइन्स/कार्यालयों की साफ-सफाई रखी जाये। किसी भी स्थान पर कहीं भी दीवारों पर पान-गुटखा खाकर थूका न जाय और गंदगी न की जाये। अभियुक्तों को जब प्रेस कान्फ्रेंस के लिये लाया जाये, तो उसे मास्क पहनाने की व्यवस्था अवश्य की जायेगी। वर्तमान में पुलिस कर्मियों द्वारा सोशल मीडिया पर रील बनाकर वायरल करने का चलन अधिक बढ़ गया है तथा यह मुख्यालय पुलिस महानिदेशक के निर्देशों का उल्लघन है। अतः इस पर नियत्रण किया जायेगा।

यह भी देखा जा रहा है कि यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी को कोई समस्या है तो वह अपना बयान सोशल मीडिया पर वरिष्ठ अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए वायरल करता है। यह कर्मबारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है।

संतरी ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन एवं ब्लूटूच, लीड, ईयरफोन का इस्तेमाल न किया जाये। पुलिस कार्मिकों को जो भी शस्त्र मिला हुआ है, उसकी सुरक्षा और नियमित साफ-सफाई की ज़िम्मेदारी स्वयं उसी पुलिसकर्मी की है।

महिला पुलिसकर्मी की रात्रि में ड्यूटी इमरजेंसी में ही लगायी जाये। मजरूब का चिकित्सीय परीक्षण कराने के लिए तत्काल चिट्ठी मजरूबी देकर आरक्षी के साथ निर्धारित प्रारूप में रवाना किया जाये। कोई कर्मचारी बिना नेमप्लेट या कैप के नहीं दिखें। सभी पुलिस कर्मी अपनी वर्दी पर नेमप्लेट व सिर पर कैप अवश्य लगायेंगे। निर्धारित वर्दी ही धारण करेंगे।

# संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में 17 शिकायतें दर्ज

नगीना केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता अश्विनी वाल्मीकि।



शनिवार को तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन वान्या सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 17 शिकायतें दर्ज हुई मौके पर 1 भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका , इस अवसर पर एडीएम वान्या सिंह ने मौजूद अधिकारियों से शासन की मंशा के अनुरूप तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये तहसील दिवस में उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ के कर्मचारियों व लेखपाल संघ के लेखपालों ने एसडीएम को एक मांग पत्र सौंपकर एंटी करप्शन /बिजीलेंस टीम द्वारा साजिशन जबरन ट्रेप कर झूंठा फंसाने की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की । इस अवसर पर एसडीएम मांगे राम चौहान ,सीओ भरत सोनकर , यह सैक्सैना ,एसडीओ विधुत रामकेश व तहसील स्तर के अधिकारी तथा सर्किल के थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

# अलाव ताप रही मां बेटी को दबंग किस्म के व्यक्ति ने लाठी डंडों से पीटा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता रामप्रकाश गुप्ता बाराबंकी

**पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज जांच में जुटी**

रामसनेही घाट बाराबंकी। आपको बताते चले कि पूरा मामला कोतवाली रामसनेही घाट क्षेत्र के भेदुवा बहरेला गांव में अपने द्वार पर रुमी पत्नी जहीर बुधवार की शामअपनी बेटी महक के साथ अलाव ताप रही थी तभी गांव के ही दबंग किस्म के व्यक्ति तेज बहादुर पुत्र बंसीलाल नशे की हालत में मौके पर आकर गाली गलौज करने लगे जब रूमी ने इसका विरोध किया तो विपक्षी तेजबहादुर पुत्र बंशीलाल स्वराज पुत्र शिवलाल राधा पुत्री तेजबहादुर लाठी डंडे लेकर आ गए पीडिता एवं पीडिता की बेटी पर हमला कर दिया विपक्षियों के हमले मे रूमी और रूमी की बेटी घायल हो गई पीडिता ने स्थानीय कोतवाली मे लिखित शिकायत की तो कोतवाली पुलिस ने विपक्षियों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही मे जुट गई